

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 316 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 03 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# वन नेशन-वन इलेक्शन की कमेटी का ऐलान;

## गृह मंत्री अमित शाह, अधीर रंजन समेत 8 सदस्य शामिल





नई दिल्ली. कानून मंत्रालय ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी के सदस्यों की घोषणा कर दी है. ये 8 सदस्यीय कमेटी होगी, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह के अलावा कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, पूर्व राज्यसभा सांसद गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और पूर्व सीवीसी संजय कोठारी शामिल होंगे.

इसके अलावा कमेटी में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और विधि मंत्रालय के सचिव विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे. यह कमेटी तुरंत अपना काम करना शुरू कर देगी और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में होगा. यह कमेटी अविश्वास प्रस्ताव, दल-बदल कानून और त्रिशंकु विधानसभा या लोकसभा की परिस्थितियों का विश्लेषण करेगी और उसके मुताबिक उचित सुझाव देगी.

इस संबंध में सरकार की तरफ से जारी अधिसूचना में बताया गया कि एक साथ चुनाव कराने को लेकर गठित कोविंद समिति तुरंत काम शुरू करेगी और जल्द से जल्द सिफारिशें देगी. यह उच्चस्तरीय समिति इस बात का अध्ययन करेगी कि क्या संविधान में संशोधन के लिए राज्यों के अनुमोदन की आवश्यकता होगी. इसके अलावा एक साथ चुनाव कराने की स्थिति में त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव या दलबदल से उभरते परिदृश्यों के प्रभाव का विश्लेषण करेगी.

यह समिति उन सभी व्यक्तियों, अभ्यावेदनों और संवाद को सुनेगी और उन पर विचार करेगी जो उसकी राय में उसके काम को सुविधाजनक बना सकते हैं और उसे अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने में सक्षम बना सकते हैं.

बता दें कि केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए एक समिति का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की अटकलें लगाई जा रही हैं. 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों और उसके बाद लोकसभा चुनाव से पहले यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है और कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को पीछे छोड़ आम विमर्श के केंद्र में आ गया है. (भाषा इनपुट के साथ)

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जेल विस्तारीकरण योजना के तहत भिवानी में 5 सितम्बर को जेल विस्तारीकरण का करेंगे उद्घाटन

समाज जागरण



चण्डीगढ़, 2 सितम्बरः( विनोद कश्यप) । हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल आगामी पांच सितंबर 2023 को सांय पांच बजे भिवानी जेल के विस्तारीकरण कार्य का उद्घाटन करेंगे, जिसमें करीब 12 एकड़ में 29 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से नई जेल का निर्माण किया गया है। नई जेल में बंदियों की क्षमता 774 व्यक्तियों की है, जिसमें महिला और पुरुष दोनों बंदी शामिल हैं। नया जेल परिसर आधुनिक ` सुविधाओं से सुसज्जित है।

यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उद्घाटन समारोह में ऊर्जा एवं कारागार मंत्री श्री रणजीत सिंह भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि जेल विस्तारीकरण कार्य में नई जेल परिसर में पांच बैरेक पुरुष बंदियों के लिए तथा एक बैरेक महिला बंदियों के लिए बनाई गई है। एक पुरुष बैरेक की क्षमता 126 लोगों की तथा महिला बैरेक की क्षमता 114 महिलाओं की है। पहले पुरानी जेल में बंदियों की क्षमता 561 थी, जो अब कुल 1335 की हो गई है।

उन्होंने बताया कि नई जेल परिसर में एक शैड कौशल विकास के लिए बनाया गया है, जहां पर जेल बंदी कोई न कोई कार्य सीख सकेंगे। इसी प्रकार से नए परिसर में महिला और पुरुष बंदियों का परिजनों से मिलने के लिए अलग-अलग मुलाकात कक्ष बनाया गया है। इसके अतिरिक्त एक अलग से किचन भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जेल परिसर में एक प्रशासनिक ब्लॉक बनाया गया है, जिसमें जेल के अधिकारियों के ऑफिस हैं।

## वाह रे बिहार ! पार्ट : -5

### गर्दन पर लटका है एससी एसटी एक्ट एवं महिला उत्पीड़न की तलवार !!

### कराह रहे है जनता, बुद्धिजीवी और पत्रकार !!!

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरो चीफ बिहार -झारखंड प्रदेश।**




पंचायती राज व्यवस्था की एक झलक , आज के अंक में बेहद चौंकाने वाला है! पुलिस - अपराधी- बिचौलिया -गठ जोड़ के तहत थानेदार, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि एवं उनके चहेते विभिन्न गॉव के दवंगों द्वारा पंचायत मद के शत- प्रतिशत योजनाओं की राशि सरेआम लूटा जा रहा। और अनैतिक कार्यो के विरुद्ध उठ रहे आवाज को दबाने के लिए दमन की कार्रवाई पुलिस करते आ रही है । फल स्वरूप पीड़ित विवश लोग अपराधजगत का सहारा लेने और और हथियार उठाने के लिए मजबूर एवं विवश दिखाई दे रहे हैं।अम्बा थाना में पदस्थापित थानेदार एवं उनके अनैतिक कार्य के संरक्षक पुलिस पदाधिकारी को उग्रवाद उत्पादक यंत्र कहा जाए ! तो इसमें किसी तरह की कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अम्बा थाना में पदस्थापित थानेदार का इतिहास भी इस बात की गवाह है की लूट की राशि से मजबूत होते अपराधिक ढ़ाँचे के लिए थानेदार एवं इनके अनैतिक कार्यो के संरक्षक पुलिस पदाधिकारी जिम्मेवार हैं तथा पुलिस के कुकृत्यों को समाचार के माध्यम से रख पाना पत्रकारों के लिए लोहे के चना चना साबित हो रहा है।

> लूट की राशि से मालामाल होते जा रहे हैं थानेदार, पंचायती राज्य ब्यवस्था के अधिकारी एवं पंयायत सरकार!!!! वाह रे बिहार!!!!!

पुलिस पदाधिकारी के दोहरी नीति एवं मापदंड के प्रतिफल में पुलिस बल पर लगातार हमले एवं पथराव होते आ रहे हैं और थाना की संरक्षण में सरकारी संपदा की लूट निर्वाधगति से जारी है । अगर यह कहा जाये कि पुलिस को हर हालत में पैसा चाहिए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अगर आपके पास पैसा है तो पुलिस वाले बलात्कारी को साधु साबित कर देगे/ करा देगे और निर्दोष लोगों को अपराधी और बलात्कारी बना बना देगे।

यह सर्वेक्षण बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले के अम्बा थाना के लिए है।

**शेष अगले अंक गतांक से आगे.....**

### अमित शाह को लिखी चिट्ठी

## वन नेशन-वन इलेक्शन की कमेटी का सदस्य बनने से अधीर रंजन का इनकार,

**दैनिक समाज जागरण,**

नई दिल्ली. कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने वन नेशन-वन इलेक्शन को गठित की गई कमेटी का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है. उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में 8 सदस्यीय समिति का हिस्सा बनने का निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है. अधीर रंजन ने कहा है कि मुझे उस समिति में काम करने से इनकार करने में कोई झिझक नहीं है. इसके संदर्भ की शर्तें इसके निष्कर्षों की गारंटी के लिए तैयार की गई हैं. मुझे डर है कि यह पूरी तरह से धोखा है.



वहीं, वन नेशन वन इलेक्शन के लिए सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी में राज्य सभा में विपक्ष के नेता खरगे को न रखने और पूर्व नेता विपक्ष गुलाम नबी आजाद को सदस्य बनाने को कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल ने संसद का अपमान बताया.

## अब इस स्टेशन पर भी रुकेगी हावड़ा-रक्सौल एक्सप्रेस ट्रेन




जमुईः अगर आप मां जानकी के प्रदेश में जाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि रेलवे ने जमुई में एक ट्रेन को ठहराव देने की योजना बनाई है. जो जमुई से होकर सीधे मां जानकी के प्रदेश सीतामढ़ी होते हुए रक्सौल तक जाएगी. दरअसल, रेलवे ने गाड़ी संख्या-13043/13044 हवड़ा-रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस को जमुई में 2 मिनट के ठहराव देने का निर्णय लिया है. यह ट्रेन हावड़ा से खुलकर आसनसोल, झाझा, किउल, बरौनी, दरभंगा, सीतामढ़ी के रास्ते रक्सौल तक जाती है. यह ट्रेन अब जमुई में भी 2 मिनट के लिए रुकेगी. दर-असल, लंबे समय से जमुई के लोगों की यह मांग रही थी कि उस रूट में जाने के लिए सुबह के समय में कोई ट्रेन नहीं होने से लोगों को रात तक का इंतजार करना पड़ता था. लेकिन अब लोगों की यह परेशानी भी दूर होने वाली है.

जमुई में गाड़ी संख्या-13043/13044 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस सुबह के वक्त पहुंचेगी. गाड़ी संख्या-13043 हावड़ा-रक्सौल एक्सप्रेस सुबह 5:53 बजे जमुई स्टेशन पहुंचेगी तथा 2 मिनट के ठहराव के बाद 5:55 बजे अगले स्टेशन के लिए रवाना हो जाएगी. वहीं 13044 रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस सुबह 4:40 बजे जमुई स्टेशन पहुंचेगी तथा वहां 2 मिनट के ठहराव के बाद 4:42 बजे अगले स्टेशन के लिए प्रस्थान कर जाएगी.

## तबाही के मूड में पुतिन!

### रूस ने तैनात की विध्वंसक परमाणु मिसाइल सरमत, डर से कांप रहे नाटो देश

यूक्रेन के साथ जारी युद्ध में रूस ने खतरनाक कदम उठाते हुए महाविनाशक परमाणु मिसाइल सरमत को तैनात कर दिया है. यह अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल रूस की सबसे अत्याधुनिक हथियारों



में से एक है. रूसी स्पेस एजेंसी के चीफ यूरी बोरिसोव ने जानकरी देते हुए बताया, 'सरमत मिसाइल को सेवा में शामिल कर लिया गया है.' वहीं, एक बार पुतिन ने इसके बारे में बोलते हुए कहा था, 'यह रूस के दुश्मनों को दो बार सोचने के लिए मजबूर कर देगी.' इस परमाणु मिसाइल की तैनाती के बाद से नाटो देशों की टेंशन और भी बढ़ गई है.

मालूम हो कि सरमत मिसाइल की मारक क्षमता अमेरिका तक है. समाचार एजेंसी ताश ने जानकारी दी कि, 'RS-28 सरमत मिसाइल एक साथ 10 टन वजन की 15 परमाणु बम ले जाने में सक्षम है.' दुनिया के किसी भी कोने में इस मिसाइल की मदद से अटैक किया जा सकता है. वहीं, वाशिंगटन ने शुक्रवार को बयान जारी करते हुए कहा था, 'पुष्टि के साथ नहीं कह सकते हैं कि रूस ने विध्वंसक सरमत मिसाइल को तैनात किया है या नहीं.' नाटो देश इस मिसाइल को सतान के नाम से बुलाते हैं.

मालूम हो कि फरवरी के एक संबोधन में राष्ट्रपति पुतिन ने घोषणा की थी कि सरमात मिसाइल को जल्द ही तैनात किया जाएगा. उन्होंने ये भी कहा था, सरमत मिसाइल से रूस को विदेशी खतरा से सुरक्षा मिलेगी और दुश्मन देश हमले से पहले दो बार सोचने पर मजबूर होंगे. जहां रूस का कहना है कि ये मिसाइल एक बार में 15 परमाणु बम ले जाने में सक्षम है, वहीं अमेरिका ने कहा है कि इसकी क्षमता मात्र 10 परमाणु बम ले जाने की है.

## चंद्रयान-3, आदित्य L1 के बाद अब गगनयान की तैयारी में ISRO

श्रीहरिकोटा. चांद के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शनिवार को अपने पहले सूर्य मिशन का सफलतापूर्वक आगाज किया. इसरो का आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान सूर्य की ओर 125 दिन की अपनी यात्रा पर रवाना हो चुका है. इसके साथ ही भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी अब अपने अगले मिशन की तैयारियों में जुट गई है और वह है पहले मानव मिशन गगनयान का प्रक्षेपणङ्क केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को आदित्य एल-1 मिशन के लिए इसरो को बधाई देते हुए इस नए मिशन को लेकर बड़ी जानकारी दी.




केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, 'यह भारत के लिए एक सुखद क्षण है. और दूसरी बात, चंद्रयान की तरह यहां भी पूरा देश इससे (आदित्य एल 1 मिशन से) जुड़ा हुआ था. और यह संभव हो पाया है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीहरिकोटा के द्वार खोल दिए हैं. उन्होंने इन सभी हितधारकों को एक साथ लाया है, उन्हें एहसास कराया है कि यह मिशन पूरे भारत का है...'

इसके साथ ही उन्होंने कहा, '...अब, मुझे लगता है, गगनयान की पहली परीक्षण उड़ान होगी, जो अक्टूबर के महीने में हो सकती है. यानी अगले महीने ही.'

बता दें कि गगनयान अंतरिक्ष में इसरो का पहला मानव मिशन है. इसरो के इस पहले मानव मिशन के तहत 3 लोगों के दल को 400 किमी (250 मील) की कक्षा में लॉन्च करने की योजना है, जहां वे तीन दिनों तक रुकेंगे. इसरो ने कहा है कि उसके विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र ने क्रू मॉड्यूल को स्थिर करने और पुनः प्रवेश के दौरान इसके वेग को सुरक्षित रूप से कम करने के लिए सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण कर लिया है.

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस साल की शुरूआत में बताया था कि, गगनयान मिशन के लिए लगभग 90.23 अरब रुपये (1.08 अरब डॉलर) आवंटित किए गए हैं. इसरो का कहना है कि गगनयान मिशन के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद वह अंतरिक्ष में निरंतर मानव उपस्थिति हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा.

इसरो ने आधिकारिक तौर पर गगनयान के लॉन्चिंग की तारीख घोषित नहीं की है, हालांकि एजेंसी ने पहले ही कहा था कि यह मिशन 2023 के अंत तक तैयार हो जाएगा.

## यूपी की शिक्षक डॉक्टर कविता को मिलेगा राज्य अध्यापक पुरस्कार

गाजियाबाद में सहायक अध्यापक डॉक्टर कविता वर्मा को राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयन किया गया है. डॉक्टर कविता वर्मा वैशाली स्थित कंपोजिट विद्यालय में वर्तमान में सेवानिवृत्त हैं. डॉक्टर कविता वर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं शुरू की थीं वर्ष 2002 में, और उन्होंने वर्ष 2003 से गाजियाबाद के विभिन्न विद्यालयों में सेवाएं दी हैं. राज्य अध्यापक पुरस्कार के साथ ही, वे अपने योगदान के लिए सम्मानित हो रही हैं.

डॉक्टर कविता ने बताया कि यह पुरस्कार राज्य स्तरीय एक महत्वपूर्ण सम्मान है, और उसे चुनाव द्वारा प्राप्त किया गया है. इसके बाद, प्राप्त आवेदनों के आधार पर जनपद स्तरीय चयन प्रक्रिया शुरू हुई थी, जिसमें तीन



उम्मीदवारों को चयनित किया गया था. इसके बाद, लखनऊ में प्रेजेंटेशन सिलेक्शन कमेटी के सामने प्रस्तुत किया गया था, और फिर उन्हें स्टैंडर्ड कमेटी द्वारा शिक्षकों के पुरस्कार के लिए चयनित किया गया.

**यह पुरस्कार राज्य स्तरीय एक महत्वपूर्ण सम्मान**

डॉक्टर कविता ने इस पुरस्कार की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया है, और कहा है कि यह पुरस्कार शिक्षकों के लिए बड़ा मोटीवेशन है. वे आपके बच्चों के लिए अच्छे उदाहरण के रूप में काम करती हैं और उन्हें पढ़ाई के प्रति उत्साहित करती हैं. इसके अलावा, उन्होंने अपने विद्यालय में विभिन्न कौशलों का विकास के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जैसे कि योग, पौधों का रोपण, और क्रिएटिव कंपीटीशन. उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए कविता सुनाने की प्रथा भी अपनाई है.

# राष्ट्र निर्माण की सूत्रधार नारी, योग्य माता, योग्य राष्ट्र की निमार्त्री

**दैनिक समाज जागरण**

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को "माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या" अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।-विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी। वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यों से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है। यह कहने में कतई गुरेज नहीं है कि महिलाएं राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, चिकित्सकीय, और विज्ञान में देश के हित के लिए अग्रणी रही हैं। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को नमन करते हुए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें साधुवाद प्रदान कर उनकी इस भूमिका को प्रणाम करता है।



**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# बैठकी "नये संसद के विशेष सत्र पर, लगते कयास"

**दैनिक समाज जागरण**

बैठकी जमते हीं मास्टर साहब ने यह कहते हुए मुद्दा रख दिया कि " उधर महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के गठबंधन-आई.एन.डी.आई.ए. की बैठक शुरू हुई




और इधर मोदी सरकार ने नये संसद में, विशेष सत्र की बैठक, 18 सितम्बर से 22 सितम्बर को बुलाने की घोषणा कर दी! अब कयासों का बाजार गर्म है कि इस सत्र में सरकार क्या करने जा रही है!!"



ए मास्टर साहब,जहाँ तक लोगों की बातों से अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस सत्र में, "एक राष्ट्र-एक चुनाव" पर बातें हो सकतीं हैं! या समय से पहले चुनाव की घोषणा भी हो सकता है जैसा कि विपक्षी गठबंधन की बैठक के बाद नितीश बाबू ने कहा!--कुंवरजी ने अपनी कही!

कुंवर बाबु! ये मोदी है जो अपने फैसलों से हमेशा चौंकाते रहे हैं! 2024 में आम चुनाव है! ऐसी स्थिति में भाजपा,आम भारतीय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेगी! मेरा अनुमान है कि देश की आधी संख्या को ध्यान में रखते हुए अर्थात "महिला आरक्षण बिल" लाये जाने की पुरी संभावना दिखती है! वैसे भी मोदीजी, 100 साल के बाद नई संसद में वैसा बिल लाना ज्यादा पसंद करेंगे जो एक ओर देश की बड़ी संख्या से जुड़ा मामला हो और जिसपर विपक्षी भी हाय तौबा न मचावें!--उमाकाका ने अपनी रखी!

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक एक कप उठा लिये......

ए भाई, देश में इ जेवन जी-20 के सम्मेलन होता आ चंद्रयान-3 के संगे संगे आदित्य एल-1 के बारे में भी चर्चा त, जरुरे नु होखे के चाहीं!जेकरा से संसार में आपन देश के डंका बाजता!--मुखियाजी बड़ा अपटूडेट दिखे!

सरजी, आपका क्या अनुमान है!!--पारस नेता मेरी ओर देखकर!

नेताजी, अनुमान तो आपको बताना चाहिए! खैर, भाजपा का मुख्य वोटर बहुसंख्यक हिन्दू समाज है और आजादी के बाद से हीं इस सेक्युलर देश में बहुसंख्यकों के साथ भेदभाव की राजनीति, कांग्रेस शासन में होता आया है! संविधान के समक्ष सभी नागरिक सम्मान हैं! संविधान स्त्री-पुरुष में भी भेद नहीं करता तो ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय सुरक्षा, अखंडता और संविधान के संवैधानिक मूल्यों का तकाजा है कि मोदी सरकार "समान नागरिक संहिता" बिल लाये! जिसकी अपेक्षा देश के 70 प्रतिशत लोग तो निश्चय हीं रखते हैं!--मै चुप हुआ!

अब आपलोग मेरी सुनिये! देश आजाद हुआ था तो बंटवारे के पश्चात,जहाँ तक मुझे ज्ञात है- यहाँ 88 प्रतिशत हिन्दू थे और 6 प्रतिशत मुसलमान! लेकिन आज स्थिति बिलकुल बदल चूकी है! नेहरू ने हिन्दू कोर्ट बिल लाकर हिंदूओं को एक से अधिक विवाह पर रोक लगा दी जबकि मुसलमानों को चार- चार शादियां करके जनसंख्या विस्फोट करने का रास्ता बरकरार रखा! टैक्स भरे हिन्दू और 20-20 बच्चे पैदा करके सभी सरकारी सुविधाओं पर मौज करे मियाँ! ये कहाँ का न्याय है!!आज देख रहे हैं न!! हिंदूओं के देश में हीं हिंदूओं के धार्मिक जुलुस या शोभायात्रा पर पत्थरबाजी और गोलीबारी होने लग गयी है!कई राज्यों से हिन्दू पलायन को मजबूर किये जा रहे हैं! जबकि उनलोगों द्वारा किये जाने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में हिन्दू कोई बाधा नहीं डालता! बढ़ती मुस्लिम जनसंख्या का हीं नतीजा है कि मुस्लिम आतंकी संगठन "गजवे ए हिंद" करने का उपक्रम करने लगे हैं!सेक्युलर देश में एक समुदाय के छोटे बालकों को दुसरे समुदाय के प्रति घृणा और हिंसा करने की शिक्षा दी जाती है! हद तो ये है कि ऐसे मदरसों को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता और अनुदान दिया जाता है!

ऐसी स्थिति में राष्ट्र के लिये 14 साल तक के बच्चों के लिये "समान शिक्षा कानून" लाना अति आवश्यक है!

इतना हीं नहीं, धार्मिक आधार पर भेदभाव वाला कानून--"पूजा स्थल अधिनियम" में भी संशोधन का प्रस्ताव भाजपा सरकार को इस सत्र में लाना चाहिये!--पारस नेता चुप हुए तभी डा. पिंटू बोल पड़े--

" ठीक बोले नेताजी! भला बताइये! इ कांग्रेसी सब हिंदूस्तान से हिंदू धर्म को मिटाने का कितना घटिया चाल चला है!




क्रिश्चियन के चर्च और मुस्लिमों के मस्जिद स्वतंत्र हैं! उन्हें,अपने चर्च और मस्जिदों की आमदनी को,अपने धर्म के प्रचार-प्रसार में उपयोग करने की छूट है लेकिन हिंदूओं के मंदिरों की आमदनी पर सरकार का अधिकार!! अरे वाह! ये कैसा सेक्युलरिज्म है रे भाई!! अन्य पंथ वाले अपने धर्म की शिक्षा दे सकते हैं लेकिन हिन्दू नहीं दे सकता! हम पाकिस्तान में रहते हैं क्या!!!

इसलिये मोदी सरकार को "पूजा स्थल अधिनियम" में तो तत्काल संशोधन का बिल लाना चाहिये नहीं तो अगामी लोकसभा चुनाव में इसका खमियाजा भाजपा को निश्चय हीं भुगतना पड़ेगा!"

मुझे तो पुरी संभावना दिखती है कि इस सत्र में "एक राष्ट्र और एक चुनाव" पर चर्चा होनी चाहिये! वैसे भी सरकार ने इस संदर्भ में कमिटी का गठन कर हीं दिया है जिसके अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद को बनाया गया है इस कमिटी में आठ सदस्य हैं जैसे- अमित शाहजी, अधीर रंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद, सुबास कश्यप, हरीश साल्वे, संजय कोठारी आदि! लेकिन संजय कोठारी और अधीर रंजन चौधरी,कमिटी से अपने को अलग कर लिये हैं खैर,इस कमिटी को कानूनी और जनता की राय जानने की जिम्मेवारी सौंपी गई है!--कुंवरजी ने अपना विचार रखा!

ये वाकई सराहनीय कदम होगा! देश और राजनीतिक दलों का हजारों करोड़ रुपये, अलग अलग चुनाव होने के चलते बर्बाद होते हीं हैं इसके अलावे आचार संहिता के चलते विकास के कार्य भी बाधित होते हैं! जबकि प्रशासनिक व्यवस्था का बवाल अलग से झेलना पड़ता है! लेकिन इसके लिये 50 प्रतिशत विधानसभावों की मंजूरी के साथ साथ लोकसभा रुल्स ऑफ प्रोसिड्यूर में संशोधन करना होगा!--डा. पिंटू ने हाथ चमकाया!

जी, इस संदर्भ में लॉ कमीशन ने रिपोर्ट दी है कि दो फेजों में देश में चुनाव कराया जा सकता है! जैसे संसद और कुछ राज्य, पुनः शेष राज्यों में! वहीं विधि आयोग ने सलाह दी है कि एक साथ चुनाव कराने के लिए, कम से कम पांच संवैधानिक सिफारिशों की आवश्यकता पड़ेगी! संभवतः संवैधानिक अनुच्छेद--83, 85,172,174,और 356 में सिफारिशें!--मैं भी साथ देते हुए!




ए भाई, भले हीं ये व्यवस्था देश के लिए लाभप्रद और आवश्यक है लेकिन क्षेत्रिय राजनीतिक पार्टियां इसका विरोध शुरू कर दीं हैं! इन्हें अपने लिये खतरा महसूस हो रहा है! इनका मानना है कि ऐसी स्थिति में वोटर,वोटिंग करते वक्त राष्ट्रीय राजनीति को ध्यान में रखेगा और उनके उजुद पर खतरा पैदा हो जायेगा! उनका राजनीतिक कैरियर हीं खत्म हो जायेगा!--मास्टर साहब मुस्कुराये!

भरसक, नितीश बाबू कहतारे जे- विपक्षी एकता से डेरा के मोदी इ कानून के बात करतारे! तेजस्वी कहले हा जे- अब भाजपा, एक देश, एक नेता आ एक पार्टी के बात करी! सीपीआई बोलतिया जे "एक देश एक चुनाव" संसदीय परम्परा प हमला बा!

गजब बात बा, एहनी के देश कम आ आपन चिंता ढ़ेर बा!

अच्छा अब उठीं जा!!-- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी......!!!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक ( समाजशास्त्री)**

## यह तन-मन निर्मल रख पाऊँ

हे मातु दया कर दे, वर दे,
तन स्वस्थ सुखी रखिए रखिये।
रोटी, कपड़ा, रहने को घर,
वैभव सुख से भूषित रखिए रखिये।

जीवन साथी का प्रेम मिला,
संतानों से आदर- सद्भाव मिला।
एहसान नहीं कोई ऋण का,
अपनी कृषि,अपना व्यापार भला।

अनुराग पूर्ण जीवन मेरा,
दुश्मन को भी स्वजन बना पाऊँ ।
भाई-बहन, सखा, पड़ोसी
सबजन का हित मैं कर पाऊँ ।

पारबृम्ह के परम ज्ञान से,
ओत-प्रोत हो, प्रवीन मैं बन जाऊँ।
सतसंगी, संतोषी बनकर,
इस समाज को गौरव दिलवा पाऊँ।

हे देवी तुम अंतरयामी हो,
माता सबको सुख शांति दीजै।
दुःखों से दूर रहे काया,
सत सेवा धर्म, क्षमा करने दीजै।

दान, दया व क्षमा की प्रवृत्ति,
इस जीवन में मैं अपनाऊँ ।
आदित्य दया कर दे, वर दे,
यह तन मन निर्मल रख पाऊँ ।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ**

# सनातन धर्म के इस पर्व मे जगत कल्याण की भावना समाहित

**दैनिक समाज जागरण**

भादों के महीने में पुत्रवती महिलाओं द्वारा संतान के कुशल मंगल और उनके कल्याण की भावना से हलषष्ठी का व्रत आज के दिन पूरी श्रद्धा के साथ रखा जाता है। इस व्रत में बिना हल जोते बोई गई अनाज जिसे पसहर चावल कहते हैं, (ये बिना उगाये तालाव पोखरों में उगे पौधे होते हैं जिनसे निकाले गये चावल को पसहर चावल कहते हैं ) साथ ही बिना जोती बोई गई सब्जियों तथा अनिवार्य रूप से भैंस के दूध दही घी के बने भोजन को व्रत पूजन पश्चात एक समय ग्रहण कर व्रत को महिलायें पूरा करती हैं। यह व्रत भादो मास के कृष्ण पक्ष पंचमी के दिन से ही नियमतः प्रारंभ हो जाता है। अर्थात व्रत रखने वाली महिलायें हलषष्ठी के एक दिन पूर्व से ही दिन में एक बार भोजन ग्रहण करती हैं तथा हलषष्ठी के दिन निराहार रहकर व्रत का पूजापाठ करती हैं इसके पश्चात एक समय व्रतानुसार यथोचित आहार ग्रहण करती हैं।

व्रत की तैयारी के लिये गृहणियाँ अपने घर को यथानुसार लीप झाड़कर शुद्ध करती हैं। इसके बाद नदी तालाब या जैसी सुविधा हो वहाँ स्नान करती हैं। स्वच्छ और नवीन परिधान आदि पहनकर सौभाग्य ( सुहाग) की सभी श्रृंगार से सज्जित हो, दोपहर बाद अपरान्ह में एक स्वच्छ स्थान में गौ के गोबर से लीपकर चौक बनाकर वहाँ हलषष्ठी देवी की पूजा सम्पन्न करती हैं। वहीं दीवारों या अलग से एक मूर्ति, हलषष्ठी देवी की बनाकर रखा जाता है। हलषष्ठी माता के चित्र में घी और सिंदूर का लेप लगाकर उसे पूजा जाता है। हलषष्ठी देवी की मूर्ति को पीढ़े में रखकर कुश या पलाश के पत्ते के आसन में पूर्व दिशा की ओर मुँह करके देवी की पूजा सम्पन्न की जाती है। पूजा स्थान में बच्चों के खिलौने तथा तोते की मूर्ति भी रखते हैं। कलश गणेशजी की पूजा कर हलषष्ठी देवी की पूजा पर रखा जाना चाहिये।

वहीं दो छोटे छोटे गड्ढे खोदकर (बनावटी) तालाब के प्रतीक में उसमें जल (गंगाजल मिलाकर) भरकर जल देवता की भी पूजा की जाती है। पूजा के अंत में महुये के पत्ते में जल में उपजे अन्न ( पसहर चावल) का भोजन ग्रहण किया जाता है। हल चले जमीन में इस दिन पुत्रवती महिलाओं को चलने की मनाही रहती है। उपरोक्त प्रकार से पुत्रवती महिलायें हलषष्ठी देवी का व्रत पूजन करती है ,उन्हें मनवांछित फल की प्राप्ति पूजा के दौरान हलषष्ठी देवी के पूजा विधि अनुसार पांच कथाएँ सुनना भी अनिवार्य माना गया है जो निम्न हैं। पहली कथा पुराने समय में चंद्रव्रत नामक राजा का एकपुत्र था। राजा ने जनता के लिये एक तालाब खुदवाया, पर वह न जाने क्यूँ बिलकुल ही सूखा रह गया। राजा को इससे बहुत दुःख हुआ । क्योंकि उसकी प्यासी प्रजा को पानी नहीं मिल रहा था। निद्रावस्था में एक दिन राजा को स्वप्न में देव ने कहा- राजन तुम अपने एकलौते पुत्र की बलि दोगे तभी इस तालाब में पानी भरेगा। प्रातः राजा ने स्वप्न के बारे में सभासदों से चर्चा की। सभी ने इस पर सहमति जताई पर मन से राजा अपने पुत्र की बलि देने के लिये तैयार नहीं हुआ। राजा के पुत्र को जब इस बात का पता चला तो वह स्वयं जाकर जल समाधि ले लिया। क्षणभर में तालाब लबालब भर गया। फूल खिल गये पंछी चहचहाने लगे। राजा को हलषष्ठी देवी की पूजा का ज्ञान होने पर उन्होंने रानी से यह व्रत पूरे विधिविधान से संपन्न कराया। पूजा के प्रभाव से राजा का पुत्र तालाब से सकुशल बाहर निकलकर आ गया। दूसरी कथा- एक गाँव में रेवती और मानवती नाम की दो सौतें रहती थीं। मानवती के दो पुत्र थे मगर रेवती के कोई औलाद न होने के कारण वह बच्चों के प्रति ईर्ष्या रखती थी। इसी उधेड़बुन में उसने एक दिन मानवती से कहा तुम्हारे पिता बहुत बीमार हैं। यह सुनकर वह पिता को देखने चली गई। उसके जाते ही रेवती ने मानवती के दोनों पुत्रों को मार कर फेंक दिया। उधर पिता के घर मानवनी ने हलषष्ठी देवी का व्रत रखकर देवी माँ से प्रार्थना की कि मेरे बच्चों की रक्षा करना माता। हलषष्टी देवी की कृपा से मानवती के दोनों पुत्र उसी गाँव के बाहर खेलते मिले। तीसरी कथा एक स्थान मेंधनवान ग्वाला रहता था, उसकी पत्नी बडी चतुर चालाक और कंजूस थी। उसके पांच पुत्र थे। अपनी कंजूसाई के चलते वह हलषष्ठी व्रत के दिन गाय के दही को भैंस की दही कहकर सभी जगह बेच आई। इस पाप के कारण उसके पाँचों पुत्र मर गये। घर आकर जब उसने देखा तो सभी लड़के मर चुके थे। वह माथा पटककर रोने लगी। पड़ोसियों ने पूछा क्या हुआ? जब उसने सभी बात बताई तो उसकी सखी ने कहा कि तुम तत्काल सभी के घर से गाय की दही लेकर भैंस की दही दे आओ ग्वालिन ने ऐसा ही किया। घर आकर ग्वालिन ने देखा कि उसके पांचों पुत्र जीवित हो उठे हैं तब से ग्वालिन ने हलषष्ठी व्रत को रखना प्रारंभ कर दिया।

चौथी कथा दक्षिण दिशा में जंगल पहाड़ से घिरा हुआ एक गाँव था जहाँ एक धनवान भिलिन रहती थी। उसकी पाँच लड़कियाँ थी। भिलिन की एक दासी थी जिसके दो पुत्र थे। एक दिन भिलिन ने दासी को जंगल से लकड़ियाँ लाने को भेजा। उसके पीछे दासी के लड़कों का पड़ोस के लड़कों से झगड़ा हो गया जिसमें दासी के दोनों पुत्र मारे गये। भिलिन को यह जानकर बहुत दुःख हुआ उसने दासी के बच्चों का अंतिम संस्कार करवा दिया। इस बीच दासी जंगल से लकड़ियाँ लेकर लौट रही थी तो उसे रास्ते में पाँच स्त्रियाँ हलषष्ठी देवी की पूजा करती मिली। दासी ने वहाँ बैठकर पूजा के विधि विधान को देखा और मन ही मन हलषष्ठी देवी की पूजा कर प्रार्थना किया। जिसके प्रभाव से उसके दोनों पुत्र जीवित हो खेलने लग गये। यह देखकर भिलिन को भी आश्चर्य मिश्रित अत्यंत प्रसन्नता हुई। पाँचवीं कथा-एक बनिया था। उसके छह पुत्र थे। पर सभी के अकस्मात मर जाने के कारण उसकी पत्नी दुःखी होकर वन में चली जाती है। वहाँ उसे एक ऋषि मिलते हैं जिनसे उसने रोते हुये सारी गति बताई। तब मुनि ने ध्यान लगाकर देखा और बनिया की पत्नी को बताया कि तुम्हारे पुत्र ब्रम्हलोक में हैं। फिर उन्होंने ध्यान लगाकर उसके पुत्रों से कहा कि बालको वहाँ तुम्हारी माता बहुत दुःखी हैं चलो! तब बालकों ने कहा कि वे उनसे दुःखी होकर आये हैं। अब हमें पाने के लिये उन्हें हलषष्ठी व्रत करना होगा, और पूजा के अंत में मेरी पीठ को पोता से मारें। इस पुण्यकार्य से मैं दीघार्यु हो जाऊंगा। उन्होंने उस स्त्री को सारी बातों से अवगत कराया जिसके अनुसार उस स्त्री ने हलषष्ठी देवी की पूजा की। जिसके प्रभाव से उसे पुनः एक लड़का होने पर पूजा के अंत में बच्चे के पीठ को पोता से मार और वह दीर्घ जीवन को प्राप्त किया। इसी प्रकार हलषष्ठी देवी की पूजा कर द्रौपती ने उत्तरा (बहू) के साथ पूजा करके उसके गर्भ में मरे बालक को जीवित कराया। जिसका नाम परीक्षित पड़ा। वासुदेव पत्नी देवकी ने भी हलषष्ठी देवी की पूजा कर कृष्ण जैसे बालक की माता बनने का सौभाग्य प्राप्त किया।



**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय के विज्ञान संकाय की बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम और रोचक खेलों का आयोजन किया गया जिसमे टैलेंट हंट, कप एंड बलून रेस, बूझो तो जाने जैसे खेलों में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर आनंद उठाया। अंतिम वर्ष की छात्राओं ने महाविद्यालय में बिताए अपने अनुभवों को साझा किया और अपनी शिक्षिकाओं का आभार भी जताया। मिस टैलेंट हंट,मिस फैशनिस्टा,और मिस फेयरवेल चुनने के लिए छात्राओं को भिन्न भिन्न चरणों में अपनी



प्रतिभा का प्रदर्शन करना पड़ा। निर्णायक मंडल में डॉ. निनी कक्कड़, डॉ. नेहा अग्रवाल और डॉ. क्षितिज शुक्ला उपस्थित रहीं। मिस ग्रिन गेम रिया,मिस फैशनिस्टा शैली,मिस टैलेंटेड दिव्यांशी रहीं। मिस फेयरवेल प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों को पार कर मिस फेयरवेल का खिताब आकांक्षा पाल ने जीता वहीं सेकेंड रनरअप मानसी, फर्स्ट रनरअप वंशिका रहीं। सभी विजेताओं को विज्ञान संकाय की वरिष्ट प्रवक्ताओं प्रो. ऋचा शुक्ला, डॉ निनी कक्कड़ और डॉ मंजु गुप्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया और सभी छात्राओं को शुभकामनाएं भी प्रेषित की गईं। प्रशासनिक व्यस्तता के बावजूद भी प्राचार्या प्रो.मंजुला उपाध्याय द्वारा अंतिम वर्ष की सभी छात्राओं को आशीर्वचन दिए गए और उनको मंगल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं ।इस अवसर पर विज्ञान संकाय की समस्त सम्मानित प्रवक्ताएं और शिक्षणेत्तर सदस्य उपस्थित रहे।सभी छात्राओं ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

## जनता की समस्याओं का स समय निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हो रहा है संपूर्ण तहसील समाधान दिवस

डीएम मनीष कुमार वर्मा जेवर तहसील में जनता की समस्याओं का कर रहे हैं अनुश्रवण अधिकारियों के माध्यम से किया जा रहा है निराकरण

उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा को मूर्त रूप प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा जेवर तहसील में जनता की समस्याओं का अनुश्रवण कर रहे हैं। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की प्राप्त शिकायतों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निराकरण करने के लिए मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि सरकार के इस



महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का जनता को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का कार्यक्रम अभी जारी है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर

### यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान ट्रैफिक रूट प्लान से बस एवं ऑटो संचालक एसोसिएशन प्रतिनिधियों को कराया गया अवगत

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आगामी 21 से 25 सितंबर तक गौतम बुद्ध नगर के इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारी को लेकर जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में युद्ध स्तर पर तैयारीयां सुनिश्चित की जा रही है। इसी श्रृंखला में आज आगामी 21 से 25 सितंबर 2023 को ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 के आयोजन को लेकर अपर जिला अधिकारी डा0 नितिन मदान की अध्यक्षता में इंडिया एक्सपो के सभागार में जनपद के यातायात पुलिस, नोएडा/ग्रेटर नोएडा

### जिला कारागार, गौतम बुध नगर में आयोजित जेल अदालत में 109 पत्राविलयों का किया गया निस्तारण।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में एवं श्री अवनीश सक्सेना, जनपद न्यायाधीश, गौतबुद्वनगर के दिशा-निर्देशन में दिनांक 02.09.2023 को जिला कारागार, गौतम बुध नगर में श्री प्रदीप कुमार कुशवाहा, सिविल जज एस डी / एक टी सी की अध्यक्षता में जेल अदालत का आयोजन किया गया। जेल अदालत में श्री प्रदीप कुमार कुशवाहा द्वारा 109 पत्राविलयों का निस्तारण किया गया। जिला कारागार में निरुद्ध गरीब व असहाय ऐसे बंदीगण जिनके मुकदमों में पैरवी करने वाला कोई नहीं है तथा वह बंदी छोटे - छोटे अपराधिक मामलों में काफी लंबे समय से निरुद्ध है ,ऐसे बंदियों को चिन्हित करते हुए तथा न्यायालय द्वारा चिन्हित प्रार्थना पत्रों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए जिला कारागार गौतम बुध नगर में आयोजित जेल अदालत मैं 109 पत्रावलिओं का निस्तारण किया।

## जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

### *जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं कहा, जन समस्या निराकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य*

गोरखपुर, 2 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों कहा है कि जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराएं।

सीएम योगी ने उक्त निर्देश शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र



लेकर पहुंची थीं। कुछ की समस्या घरेलू जमीन विवाद की थी तो कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पारिवारिक सम्पत्ति विवाद का निस्तारण पहले दोनों पक्ष के बीच बातचीत कराकर किया जाए। न होने पर कानूनी तरीके से हल निकाला जाए। जमीन कब्जा की शिकायत पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो उदाहरण बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जेवर एयरपोर्ट से बल्लभगढ़ तक बनाई जा रही सड़क एवं जेवर एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का डीएम मनीष कुमार वर्मा ने किया स्थलीय निरीक्षण

एनएचएआई द्वारा कराए गए अब तक के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

आज डीएम मनीष कुमार वर्मा जेवर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करने के उपरांत जेवर एयरपोर्ट पहुंचें, जहां जेवर एयरपोर्ट को लेकर किया जा रहे निर्माण कार्यों का एवं नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जेवर एयरपोर्ट से बल्लभगढ़ तक बनाई जा रही सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण करते हुए कार्यों की समीक्षा की और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके किसी भी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए। सड़क



निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा को मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, एसीपी पुलिस रुद्र कुमार सिंह, एनएचएआई के रीजनल ऑफिसर, परियोजना निदेशक तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## घोसी का विकास नहीं, खुद का विकास रहा है विपक्ष का एजेंडा: सीएम योगी

**-सीएम योगी ने घोसी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान के समर्थन में की जनसभा, विपक्ष पर साधा निशाना**

**-सीएम योगी ने कहा: जिनके जीन में चाचा-भतीजावाद है वह किस नीयत से सवाल पूछते हैं, इनके बहकावे में आपको नहीं आना है**

**-सीएम ने मऊ दंगों का जिक्र करके भी सपा का किया घेराव, कहा- जब मऊ जल रहा था तब हमने ही दंगाबाजों के खिलाफ खोला था मोर्चा**



घोसी, 2 सितंबर। घोसी का महत्व वही समझ पाएगा जिसने 2005 में मऊ दंगों को देखा है। तब सपा की सरकार थी और वह कुछ न कर पाई थी। तब भी इन दंगाबाजों के खिलाफ हमने ही मोर्चा खोला। हम कोई जाति समाज नहीं देखते थे। जो यहां दंगों की आग लगाते थे वो अब व्हीलचेयर पर जान की भीख मांगते दिखते हैं। ये बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने 5 सितंबर को घोसी विधानसभा उपचुनाव के तहत शनिवार को आयोजित विशाल जनसभा रैली को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने एनडीए उम्मीदवार दारा सिंह चौहान के समर्थन के साथ ही विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि घोसी का विकास नहीं, खुद का विकास विपक्ष का एजेंडा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग पीडीए की बात करते हैं, हमने तो सबका साथ सबका विकास किया है। हम बिना भेदभाव की शासन प्रक्रिया को पीएम के मार्गदर्शन में स्थापित कर रहे हैं।

### संकट की घड़ी में होती है असली पहचान, हम हर कसौटी पर खरा उतरे

घोसी की धरती को ऋषियों की पावन धरा बताते हुए सीएम योगी ने कहा, संकट की घड़ी में ही असली पहचान होती है। कोरोना संकट में कांग्रेस का चरित्र किसी से छुपा नहीं है, सपा सुप्रीमो भी अपने घर में दुबक गए थे। तब याद कीजिए यही मोदी और योगी आपकी सेवा के लिए तत्पर थे। हम हर जगह जाते थे और 2 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की खुराकें हमने मुफ्त में दीं। एक तरफ देश ने आपदा से लड़ाई की, वहीं हमने गरीबों के कल्याण के लिए भी काम किया। अब कोई गरीबों का हक नहीं मार सकता, बड़ी-बड़ी परियोजनाओं का लाभ सबको पूरी निष्पक्षता से मिल रहा है।

### भाजपा ने ही किया घोसी का विकास

सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा ने तो चीनी मिलों को लेकर कोई प्रयास नहीं किया, लेकिन हम यहां चीनी मिलों के एक्सपैंशन के लिए भी काम कर रहे हैं। इसी घोसी में सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र हो, आईटीआई हो या पॉलेटेक्निक हो, यह सभी कार्यक्रम यहां के बीजेपी के प्रतिनिधियों के कार्यकाल में ही बने। हम घोसी को बुलेट ट्रेन से जोड़ने आए हैं। सपा से पूछिए, जन्माष्टमी के आयोजन पर सपा ने रोक लगा दी थी। हमने इसे वापस भव्यता से मनाने का मार्ग सुनिश्चित किया। ये राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले लोग हैं और हमने राम मंदिर का निर्माण करके दिखा दिया। आज घोसी में 4 लेन सड़कें हैं और गोरखपुर हो या वाराणसी हमने ऐसी सड़कें बनाई हैं कि लखनऊ से उनकी दूरी अब बेहद कम हो गई है।

### कांग्रेस, सपा के लोग तो यहां झांकते तक नहीं

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस-सपा के लोग तो इस क्षेत्र में झांकते तक नहीं है। सपा ने तो भीमराव अंबेडकर व कांशीराम विश्वविद्यालय का नाम अपने लिहाज से बदल दिया था। महापुरुषों का इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता है। सामाजिक अन्याय का शंखनाद समाजवादी पार्टी ने किया था। इनके जीन्स में ही नफरत है। ऐसे में विकास की बातें इनके मुंह से हास्यास्पद लगती है। इनके काल में केवल चाचा-भतीजा और एक परिवार का ही विकास हुआ। प्रदेश के विकास को बाधित किया, युवाओं के सामने रोजगार संकट खड़ा किया। आज केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। विकास की इस रफ्तार को हर गांव, हर कोने में पहुंचाने का प्रयास कर रही है। आपने नगर निकाय में देखा होगा, सभी दिशाओं में भाजपा का ही परचम लहराया था। सभी 17 निकायों में एनडीए ने जीत दर्ज की थी। इसी को घोसी में भी लागू करना होगा।


### सुबह का भूला शाम को लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते: सीएम योगी

दारा सिंह चौहान के बारे में सीएम योगी ने कहा कि जो सुबह का भूला शाम को घर आ जाए तो उसे भटका हुआ नहीं कहा जाता। दारा सिंह भी घर वापस आ गए हैं और राजनीति के दिग्गज हैं। सीएम ने कहा कि घोसी के कल्याण के लिए आपको किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। हम आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोई भी आपके और घोसी के विकास के बीच नहीं आ सकता है। ये कार्य केवल हम ही कर सकते हैं। यहां ऐसा विकास हुआ है कि कब आप मऊ में बैठे और कब लखनऊ पहुंच गए पता ही नहीं लगेगा। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण हो, श्री काशी विश्वनााथ में पहले कितनी पतली गली थी, अब देखिये कितना भव्य गलियारा है। आप सबसे हम सहयोग मांगने आए हैं।

जनसभा में सीएम योगी के साथ मंच पर भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान के अलावा सूर्य प्रताप शाही, ओम प्रकाश राजभर, संजय निशाद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डॉ. शंकर निषाद, आशीष पटेल, अनिल राजभर, सहजानंद राय आदि भी उपस्थित थे।

## चंद्रमा के साथ ही अब सूर्य भी बनेगा 'आत्मनिर्भर भारत' की शक्ति का साक्षी: सीएम योगी

### भारत के पहले सोलर मिशन 'आदित्य-एल1' की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग पर सीएम योगी ने इसरो सहित पूरी टीम को दी बधाई




लखनऊ, 2 सितंबर। भारत का पहला सोलर मिशन 'आदित्य-एल1' शनिवार को श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया गया। भारतीय स्पेस मिशन की इस ऐतिहासिक सफलता पर सीएम योगी ने इसरो सहित पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत की शक्ति और सामर्थ्य का प्रतीक करार दिया। साथ ही सीएम योगी ने इस मिशन की पूर्ण सफलता की कामना भी की।

> प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं का 'नया सूर्य' बने इस मिशन की पूर्ण सफलता के लिए अनेक मंगलकामनाएं: सीएम

### 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं का नया सूर्य

सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'संपूर्ण मानवता की सेवा के ध्येय के साथ आज 'नए भारत' की सामर्थ्य का प्रतीक ढरछश्-उ57/अ३ि८-छ1 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च हो गया। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं का 'नया सूर्य' बने इस प्रतिष्ठित मिशन की पूर्ण सफलता के लिए अनेक मंगलकामनाएं। चंद्रमा के साथ ही अब सूर्य भी 'आत्मनिर्भर भारत' की शक्ति का साक्षी बनेगा। इसरो सहित पूरी टीम को हार्दिक बधाई।'

### सूर्य को निहारेगा आदित्य

उल्लेखनीय है कि भारत के वैज्ञानिकों ने शनिवार को सूरज के राज पता करने 'आदित्य-एल1' को भेजा है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से देश के पहले सोलर मिशन को लॉन्च किया गया। एक घंटे से ज्यादा की यात्रा के बाद इसे निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया। अगले लगभग चार महीनों में करीब 15 लाख किलोमीटर की यात्रा कर यह छ1 पॉइंट तक पहुंचेगा। सूर्य से कई करोड़ किलोमीटर दूर रहते हुए 'आदित्य' उसे लगातार निहारेगा। सूर्य के बारे में अधिक से अधिक जानकारी जुटाने की कोशिश होगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) को उम्मीद है कि चंद्रयान-3 की तरह आदित्य-एल1 मिशन भी अपने मकसद में पूरी तरह कामयाब होगा।

## अवैध अड्डों से खरीद कर मदिरा का सेवन ना करें, जिसमें मिथाइल एल्कोहल हो सकता है

### यह एक घातक विष है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने एडवाइजरी की जारी

### अवैध शराब की बिक्री के संबंध में फीडबैक मांगने के लिए मोबाइल नंबर किए गए जारी



अवैध अड्डों पर बिकने वाली शराब के सेवन से जन सामान्य को बचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार के नेतृत्व में आबकारी विभाग के द्वारा निरंतर रूप से कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें उन्होंने जन सामान्य का आह्वान किया है कि अवैध अड्डों से खरीद कर मदिरा का सेवन ना करें। यहां पर बिकने वाली मदिरा जहरीली तथा उसमें मिथाइल एल्कोहल हो सकता है जो एक घातक विष है। इसके सेवन करने से व्यक्ति की आंखों की रोशनी भी जा सकती है तथा उसकी मृत्यु भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक प्रवृत्ति के लोग निजी स्वार्थवश अन्य प्रान्तों से अवैध मदिरा की तस्करी, विभिन्न तरीकों से अवैध मद्यनिष्कर्षण/अवैध मदिरा का निर्माण कर बिक्री करते है, इस प्रकार से तैयार अवैध मदिरा मे कई जहरीली कैमिकल मिले हो सकते है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब का धन्धा करने वाले दोषियों को आजीवन कारावास या 10 लाख तक का जुमार्ना या दोनों सजा एक साथ एवं मृत्यु दण्ड की सजा का प्रावधान है। एडवाइजरी में अवैध अड्डों पर बिकने वाली शराब के संबंध में आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा फीडबैक भी चाही गई है, जिसके लिए सभी अधिकारियों के नंबर जारी किए गए हैं। ऐसी जानकारी मिलने पर कोई भी व्यक्ति आबकारी विभाग के टोल फ्री नंबर 14405, व्हाट्सएप नंबर 9454466019 या संबंधित मोबाइल नंबर 9454465654, 9454466423, 9454466424, 9454466425, 9454466426, 9454466427, 9454466428, 9454466429 पर जानकारी दे सकते हैं। जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा और अवैध शराब के कारोबारी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ संपन्न।

**जिलाधिकारी ने स्वयं तहसील जेवर में पहुंचकर जनता की शिकायतों का किया अनुश्रवण, शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

**तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 126 शिकायत हुई दर्ज, 08 शिकायतों का विभाग अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया निस्तारण।**

गौतम बुद्ध नगर 02 सितंबर 2023 आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 126 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 08 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने स्वयं जेवर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। जेवर तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 55 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके



सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 05 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर डीएम मनीष कुमार वर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायत एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी बहुत ही गंभीर हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें, ताकि उत्तर प्रदेश शासन की जो मंशा है उसको मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज शिकायतों की मॉनिटरिंग उत्तर प्रदेश शासन स्तर से सुनिश्चित की जा रही है। सभी अधिकारियों के द्वारा दर्ज शिकायतों का निराकरण पूर्ण गंभीरता के साथ कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, एसीपी पुलिस रुद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार दादरी तहसील में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 59 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 03 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही कराया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां पर जनता के द्वारा कुल 12 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# युवा संवाद प्रतियोगिता मे प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

## आराध्या सोनी ने मनवाया प्रतिभा का लोहा, पंच प्रण की शपथ के साथ हुआ सम्मान

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर(मलवा)।विकास खंड मलवा के सेठ एम आर जयपुरिया कालेज में युवा कार्यक्रम एवं खेल कल्याण मंत्रालय के स्वायत्त संगठन नेहरू युवा केंद्र के प्रायोजन मे युवा विकास समिति द्वारा युवा संवाद भारत 2047 का आयोजन किया गया।सात युवा प्रतिभागियो ने अपना वक्तव्य दिया।पंच प्रण की शपथ के पश्चात विकसित भारत का लक्ष्य,गुलामी के हर अंश से मुक्ति,अपनी विरासत पर गर्व,एकता और एकजुटता,नागरिको मे कर्तव्य भावना पर अपने अपने व्यक्तव्य प्रस्तुत किये।मेरा माटी मेरा देश थीम के तहत देश की आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष,समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया।उन्होंने कहा एक भारत श्रेष्ठ



भारत के निर्माण मे सभी को योगदान देना होगा ये देश हम सबका है इसकी रक्षा और अपनी विरासतो को बचाये रखने और उन पर गर्व करने का वचन लेना होगा।विशिष्ट अतिथि समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र मोना ओमर ने कहा हमे ऐसा भारत बनाना है जहा गुलामी के हर दंश से मुक्ति मिल सके।समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा नागरिको को कर्तव्य भावना को संमझना होगा।उन्होंने सभी अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ ने किया।

प्रथम स्थान आरिध्य सोनी, द्वितीय दीपा मिश्रा, तृतीय श्रष्टी सिंह रही जिन्हे सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य राणा संग्राम सिंह ने आभार प्रकट किया।इस मौके पर जेपी सिंह, आशुतोष अग्निहोत्री, संजय दत्त द्विवेदी, कंचन मिश्रा, शनी श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, देवेंद्र सिंह भदौरिया, नव्या मिश्रा, खुशी साहू, सजल देवी, आनंद तिवारी रहे।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत सदर तहसील सभागार में पी0आर0आई0 ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत ट्रेनिंग एजेंसी साइबर अकेडमी द्वारा सदर तहसील सभागार में लेखपालों की पी0 आर0 आई0 ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन तहसीलदार इवेंद्र कुमार जी की अध्यक्षता में किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिटौरा ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी जी और विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिशासी अभियंता सौमित्र श्रीवास्तव मौजूद रहे, तहसीलदार इवेंद्र कुमार ने सभी को जल जीवन मिशन के विषय मे जागरूक किया और जिन ग्राम पंचायतों में टंकी निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नही हो पाई वहाँ अतिशीघ्र भूमि उपलब्ध करने हेतु संबंधित लेखपालों को निर्देशित करते हुए पूर्ण सहयोग देंने का आसवन दिया। भिटौरा ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी जी मे कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार तथा राज्य सरकार की



महत्वाकांक्षी योजना है, ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल के माध्यम से 2024 तक प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत शासन की मंशा के अनुरूप टंकी निर्माण कार्य तीब्र गति से कराया जा रहा है, ससमय लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। जिला समन्वयक राज मुनि यादव ने शुद्ध जल के लाभ, दूषित जल से होने वाली जल जनित बीमारियों , जल संरक्षण आदि के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधन इकाई से आई0 एस0 ए0 कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चन्देल, सी0बी0टी0 स्वाति अवस्थी, जे0ई0 पिंटू कुमार, ट्रेनिंग एजेंसी से रीतेश दीक्षित, सुनील कस्यप, अरविंद गुप्ता, सैकड़ा की संख्या में लेखपाल, तहसील कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया बालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर,(जूनियर स्तर) जिला स्तरीय वॉलीबाल बालक/बालिका प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम, शांतिनगर में किया गया। इसका उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, जिला खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राजेश कटिहार के द्वारा किया गया।ब्लॉक स्तर से विजेता टीमों ने जनपद स्तरीय प्रतियोगता में भाग लिया।जिसमें बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय बेंता;कंपोजिट विद्यालय कंसमीरीपुर ,ब्लॉक देवमई के बालक विजेता रहे; कंपोजिट विद्यालय कैथनपुर, ब्लॉक असोथर के बालक उपविजेता रहे।।

बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय कंसमीरीपुर ब्लॉक देवमई की बालिका विजेता रहीं; उच्चप्राथमिक विद्यालय

छिछिनी, ब्लॉक हसवा की बालिका उपविजेता रहीं। इस मौके पर जिला व्यायाम शिक्षिका सीमा चौहान , जिला व्यायाम शिक्षक दिलीप सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अतुल सिंह, शिवप्रताप , मृदुल ,गौरव, आदित्य ,संजीव,तेज,आशीष ,सोनू। खंड शिक्षा अधिकारी हसवा जय सिंह रहे। और छात्र छात्राओ का उत्साहवर्धन किया

# बरैर्या काटने से किशोर की हालत गम्भीर

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के सनगांव गांव मे किशोर को घर के अंदर बररें ने काट लिया। बरैर्या काटने के कुछ समय पश्चात किशोर की हालत बिगड़ने लगी तो उसने अपने परिजनों को बताया तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के बाद भी कोई फायदा होता दिखाई नहीं दिया तो उसको परिजन कहीं और लेकर चले गए। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के सनगांव गांव निवासी दशरथ का 17 वर्षीय पुत्र लकी घर मे था तभी उसको बररें ने काट लिया। कुछ समय पश्चात किशोर लकी की हालत बिगड़ने लगी तो तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में इलाज के बाद भी परिजनों को कुछ लाभ होता दिखाई नही दिया तो प्राइवेट एम्बुलेन्स से उसको कही और इलाज के लिए लेकर चले गए

# बाइक सवारयुवक ने युवक में मारी टक्कर दोनों घायल गुस्साए लोगों ने जमकर काटा हंगामा पुलिस ने कराया मामला शांत

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण के गांव बासठ मैं शुक्रवार की प्रातः उससमय हंगामा खड़ा हो गया जब एक बाइक सवार युवक ने किसी वाहन के इंतजार में खड़े युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया हालांकि बाइक सवार को भी चोट आई है पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया और दोनों को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। गांव बासठ निवासी 45 वर्षीय वदन सिंह पुत्र भंवर पाल की जूता चप्पल की दुकान आसिफाबाद पर है वह शनिवार की प्रातः दुकान पर जाने के लिए सड़क पर वाहन का इंतजार कर रहा था तभी तेज घर से आ रहे बाइक सवार गांव शेखुपुर निवासी धर्मवीरने उसमें टक्कर मार दी जिसके फलस्वरूप दोनों युवक घायल हो गए घटना देख आसपास के लोग भी मौके पर आ गए और उन्होंने जमकर हंगामा काटा और जाम लगा दिया इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जिसने लोगों को समझा बूझकर मामला शांत कराया और दोनों लोगों को उपचार के लिए सरकारी कर्मचारी में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार जारी है गुस्साए लोगों का कहना है कि यह आबादी वाला क्षेत्र है यहां स्पीड ब्रेकर बनवा जाए।

# प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया की 48 छात्र /छात्राएं प्रशिक्षण ले रहे है

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर में रु0 4.5138 करोड़ की लागत से कार्यदायी संस्था यू0पी0पी0सी0एल0 निर्माण इकाई-10 कानपुर द्वारा कार्यशालाओं निर्माण कार्य/जीर्णोद्धार, रु0 1.9800 करोड़ की लागत से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर में आवास टाइप-1/2/4 के निर्माण एवं रु0 9.9700 करोड़ की लागत से कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-2, प्रयागराज द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान(चर्मकला)परिसर स्थित 12 ट्रेड के संचालन हेतु नये भवन के निर्माण कार्यों का जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से चरणबद्ध तरीके से बनाए गए नक्शे के अनुसार जो भी कार्य स्टीमेट(रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, रैम्प आदि)में है, उनको प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाय। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में निमार्णाधीन कार्यशालाओं में(इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक, ऑटोमोबाइल, ड्राफ्ट मैन सिविल/मैकेनिक, कोपा) आदि की कार्यशालाओं का निर्माण कार्य कुल 24 माइल स्टोन के सापेक्ष 15 माइल स्टोन का कार्य पूर्ण पाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि बजट की मांग के लिए शासन स्तर पर पत्राचार करे साथ ही शेष बचे हुए माइल स्टोन का कार्य जल्द से जल्द पूरा



कराए । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आवासीय परिसर(टाइप -1,2,4) में 29 माइल स्टोन के सापेक्ष 18 माइल स्टोन पूर्ण पाए गए। उन्होंने मौके पर निर्माण कार्य बन्द पाए जाने पर कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-2, प्रयागराज के पदाधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधित को दिए और कहा कि शेष बचे माइल स्टोनो को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जाय। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान(चर्मकला) परिसर में निमार्णाधीन भवनों को देखा और कहा कि समय से निर्माण कार्यों को पूरा कराए साथ ही आवासीय परिसर(जो स्टीमेट में नही है) कि शासन स्तर पर पत्राचार कर मांग कर ले। आईटीआई परिसर में संचालित दो ट्रेडों (सिलाई कढ़ाई, ट्रैक्टर मैकेनिक) की जानकारी प्रधानाचार्य आईटीआई से ली और कहा कि नियमित रूप से कक्षाएं संचालित हो कि निरन्तर निगरानी बनाए रखे। प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया की 48 छात्र /छात्राएं प्रशिक्षण ले रहे है। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्रीमती नीती त्रिप सांख्यिकी अधिकारी प्रियदर्शी सिंह गौतम, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान(चर्मकला) फतेहपुर, कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो वाहन चोर पकड़े पांच बाइके की बरामद

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिल में बरामद की है। उन्होंने सभी बाइक के दिल्ली सहित कई स्थानों से चोरी की है।

प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह हमराह के साथ जलेसर रोड पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस को देखकर दो युवक भागने लगे। शक के आधार पर पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।

पुलिस ने उनके पास से चोरी की तीन मोटरसाइकिल है बरामद की। उन्होंने यह बाइक मोनार्क होटल के समीप से तथा सुहाग नगर व पजावा से चोरी की थी।

पुलिस ने थाने लाकर उन लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया उन्होंने दो चोरी की बाइक नगला पान सहाय के समीप एक खंडहर नुमा मकान में



रखी हैं।

पुलिस ने उनके साथ जाकर वहां से दो मोटरसाइकिल में बरामद की। उसमें से एक मोटरसाइकिल चोरो ने 4 वर्ष पूर्व दिल्ली से चोरी की थी। पुलिस ने पता किया तो मोटरसाइकिल शिवं मित्तल की है। वह रोहिणी का रहने वाला है।

पुलिस ने पकड़े गए वाहन चोरों के नाम अमृतलाल उर्फ मुरारी लाल पुत्र हुकुम सिंह निषाद निवासी नगला बिना थाना बसई मोहम्मदपुर हाल निवासी दतौजी थाना लाइन पार तथा मुकेश पुत्र रामजीलाल निषाद निवासी शंकरपुर बताया है। पुलिस उनके बारे में अन्य जानकारियां जुटा रही है।

# मेरी माटी, मेरा देश' अभियान को लेकर भाजपा बैठक कार्यालय पर सम्पन्न हुई।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला व महानगर की जिला कार्य योजना की बैठक भाजपा जिला कार्यालय मोड़ा कनेटा पर सम्पन्न हुई । बैठक में जिला प्रभारी नागेन्द्र दुबे गामा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान कार्यक्रम पार्टी के निदेर्शानुसार के 8 सितंबर से 13 सितंबर तक जनपद के प्रत्येक ग्राम सभाओं व वार्डो में आयोजित किया जायेगा ।। " मेरी माटी - मेरा देश " अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम सभाओं व वार्डो से प्रत्येक घर से पवित्र मिट्टी, व चावल संग्रह कर प्रत्येक ब्लाक पर अमृत कलश में एकत्रित किया जायेगा। साथ ही 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाई जाएंगी। माननीय प्रधानमंत्री जी के संदेश शिलाफलक के माध्यम से लगाए जाएंगे इसके साथ ही प्रत्येक ग्राम सभाओं व वार्डों में पंच प्रण प्रतिज्ञा के सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।कार्यक्रम के दौरान शहीदों के सम्मान में बैड वादन




किया जाएगा।। जिला अध्यक्ष व्रन्दावन लाल गुप्ता ने इस अभियान के निमित्त पार्टी के जिला जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों को जिम्मेदारियां सौपी व ब्लॉक स्तरों पर कार्यक्रम संचालन समितियां का गठन किया।। इस दौरान प्रमुख रूप से सांसद डॉ चन्द्र सेन जादौन , महापौर श्रीमती कामिनी राठौर , विजय प्रताप सिंह छोटू , डॉ लक्ष्मी नारायण यादव , अवधेश पाठक , दीपक चौधरी , अमित गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी , अविनाश सिंह भोले , डॉ उम्मेद सिंह राजपूत , रूपेश शुक्ला , हनुमन्त सिंह बघेल , रामकैलाश यादव , दुष्यंत सिंह जादौन , गोपाल कृष्ण सिंह , उदय सिंह , निकुंज शुक्ला , सुनील शर्मा , मुन्नी देवी , राजेश चौहान अरविंद पचौरी , व जिला पदाधिकारी सहित मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।।

# खेत में जानवरों के लिए चारा काटने गई युवती को सांप ने काटा

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलपुर भभैचा गांव के समीप खेतों में जानवरों के लिए चारा काटने गई युवती को सांप ने काट लिया। सांप काटने की बात युवती ने घर आकर अपने परिजनों को बताई तो तुरंत परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार लक्ष्मन की 27 वर्षी पुत्री मंजू जानवरों के लिए खेत चारा काटने गई थी। तभी उसको सांप ने काट लिया सांप काटने की बात उसने आकर अपने परिजनों को बताई तो तुरंत परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर युवती को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# चलती बाइक से गिरकर महिला हुई घायल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के खागा कोतवाली क्षेत्र के सातों धरमपुर के समीप चलती बाइक से गिरकर महिला घायल हो गई। घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के नरोत्तमपुर गांव निवासी कुलदीप की 22 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी असोथर थाना क्षेत्र के कुसुंभी गांव अपने मायके से भाई उमेश के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल आ रही थी। जब वह कोतवाली क्षेत्र के सातों धरमपुर गांव के समीप पहुंची तभी पीछे बैठी लक्ष्मी देवी बाइक से रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल लक्ष्मी देवी को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर महिला को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# झंडा की कुश्ती विक्रम पहलवान ने जीती

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। कंथरी में एक दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से आए पहलवानों ने अपने दांव-पेंच दिखा कर ग्रामीणों का मनोरंजन किया। ग्रामीणों ने भी पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। झंडा की कुश्ती विक्रम पहलवान ने जीती। दंगल का शुभारंभ सिरसागंज विधायक सर्वेश कुमार यादव ने पहलवानों के हाथ मिला कर और फीता काट कर किया। जिसमें छोटी-बड़ी लगभग 50 कुश्ती आयोजित की गईं। जिसमें झंडी की कुश्ती कल्ला पहवान भांडरी और भोजराज पहलवान नगला कन्ही के बीच आयोजित की गई। जिसमें कल्ला पहलवान ने बाजी मार ली। इसके बाद झंडा की कुश्ती विक्रम



पहलवान अधमपुर और शेरा पहलवान कपावली के मध्य हुई। जिसमें विक्रम पहलवान ने अपने दांव पेंच से शेरा पहलवान को धूल चटा दी और झंडा की कुश्ती जीत ली। इस दौरान दंगल कमेटी के अलावा अन्य लोगों ने विक्रम पहलवान को नकद पुरुस्कार देकर उसका सम्मान किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, प्रशांत यादव, नारायण यादव, नीरज यादव और हरवीर सिंह सिहत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन से गिरे यात्री के शव की हुई शिनाख्त

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के खागा रेलवे स्टेशन व सतनरैनी रेलवे स्टेशन के बीच कुकरापुर रेलवे नाका पर अज्ञात यात्री की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई थी। जिसके शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक की शिनाख्त का प्रयास कर रही थी। वही मृतक के परिजनों को सूचना हुई तो मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त किया। जानकारी के अनुसार झारखंड के चतरा जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र के चोर मोहल्ला निवासी सूरज चौधरी के पुत्र जीतू चौधरी ने बताया कि मृतक हमारा 25 वर्षीय भाई दिपक चौधरी है। जो चार पहिया वाहन का ड्राइवर था वह कुछ दिन पूर्व दिल्ली काम की तलाश में गया था। काम न मिलने पर वह वापस घर जा रहा था तभी रास्ते मे वह हदशे का शिकार हो गया। सूचना मिलने पर आकर देखा तो वह हमारे भाई दिपक चौधरी का शव था।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील टूण्डला में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, प्राप्त 151 शिकायतों में से 7 का कराया मौके पर ही निस्तारण।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। शनिवार को जिलाधिकारी डा0 उज्जवल कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील टूण्डला में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी एवं सभी जिलास्तरीय अधिकारियों ने उपस्थित रहकर जनता की समस्यायों को एक-एक कर सुना व उनका निस्तारण कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 151 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें जिलाधिकारी ने मौके पर ही 7 शिकायतों का निस्तारण कराया और बाकी बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिन प्रतिदिन आप अपने आईजीआरएस पोर्टल को स्वंय चैक करें कोई सन्दर्भ डिफाल्टर नही होने पाऐं। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा है कि इसका कडाई से पालन करते हुए जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारण करें। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता अवनीश कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम नगला खारगा ने अपनी शिकायत में 11000 केवी की लाइन को सही करने के लिए बताया उन्होंने बताया कि खेत जोतने एवं बोने में ट्रैक्टर से विद्युत के तार टकराते हैं जिससे कभी भी गंभीर हादसा होने की संभावना है जिसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए एक्स ई एन विद्युत टूंडला को निर्देशित किया की नियमानुसार जांच व कार्यवाही कर निस्तारण करें। शिकायतकर्ता कोमल सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी मोतीगढी ने अपनी शिकायत में बताया कि चकमार्ग को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त करा कर चिन्हांकित कर मिट्टी डलवाए। उन्होंने बताया कि माफिया के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया है तथा अपने चको में मिला लिया है जिससे उनको अपने खेत पर जाने के लिए एवं जोतने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार एवं वीडीयो टूंडला को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमानुसार जांच कर कार्रवाई करें। शिकायतकर्ता रविंद्र सिंह पुत्र रामदास निवासी मदावली ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके घर के दरवाजे के सामने गांव के लोग गंदगी व कूडा व गोबर डालते हैं मना करने पर गाली गलौज एवं मारपीट पर उतारु हो जाते हैं इस पर जिलाधिकारी ने वीडीयो टूंडला को निर्देशित किया की साफ सफाई की व्यवस्था को सुनिश्चित कराए। इसी प्रकार शिकायतकर्ता ओम प्रकाश पुत्र मेघ सिंह निवासी पचोखरा ने अपनी शिकायत में बताया कि चकरोड की नापतोल हो चुकी है, चकरोड में फसल खड़ी होने के कारण चकरोड डलवाया गया था परंतु वह सही नहीं डलवाया गया है एवं गांव के ही अनैतिक लोगों के कहने से चकरोड का हिस्सा छोड़ दिया है। इसके साथ में नाला चक रोड डालना बहुत जरूरी है जिससे पानी निकालने में दिक्कत ना हो इसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए और उप जिलाधिकारी एवं वीडीयो टूंडला एवं एस ओ पचोखरा को निर्देश दिए की संयुक्त रूप से चक मार्ग की पैमाइश उपरांत नियम अनुसार कर निर्माण कराए। संपूर्ण समाधान दिवस में विद्युत विभाग एवं नगर पालिका टूण्डला की अधिकतम शिकायत आने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होने विद्युत विभाग के एसडीओ टूण्डला महेश प्रभाकर का वेतन रोकने के निर्देश दिए और उन्होने एसडीओ को निर्देशित किया कि विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, प्रभागीय निदेशक वानिकी विकास नायक, मुख्य चिकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी टूण्डला, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र प्रताप यादव, डीपीआरओ नीरज सिन्हा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# पाक्सो के दोषी को 3 वर्ष का कारावास

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। न्यायालय ने पाक्सो अधिनियम के दोषी को 3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। उस पर अर्थ दंड भी लगाया।अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना दक्षिण के क्षेत्र भोजपूरा निवासी नितिन कुमार 6 जुलाई 2014 को अपनी मां संतोषी देवी तथा 16 वर्षीय भतीजी के साथ घर पर सो रहे थे। इस दौरान पड़ोसी मदन मोहन पुत्र टीकम राम घर मैं घुस आया। उसने नितिन की भतीजी के साथ छेड़छाड़ की तथा उसका हाथ पकड़ लिया। किशोरी चिल्लाई तो नितिन तथा उसकी मां जग गई। उन्होंने मदन को पकड़ लिया। चीख पुकार सुन वहां मोहल्ले के भी लोग एकत्रित हो गए। मदन को पुलिस के सपोर्ट किया गया। घटना की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने विवेचना कर मदन मोहन के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पोक्सो अधिनियम विजय कुमार आजाद की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक अजमोद सिंह चौहान ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहो ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए। गांव की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने मदन मोहन को दोषी माना। न्यायालय ने उसे 3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। उसे पर ₹9000 अर्थ दंड लगाया। आर्थिक दंड न देने पर मदन मोहन को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# मोबाइल चार्जिंग में लगाते समय करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के ललौली थाना क्षेत्र के मुत्तौर गांव में बीती रात एक युवक अपने घर मे मोबाइल चार्जिंग के लिए लग रहा था। तभी वह बिजलीं के करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुत्तौर गांव निवासी रमेश का 21 वर्षीय पुत्र सोहन लाल उर्फ मोहित लाल बीती रात घर में मोबाइल चार्जिंग में लग रहा था। तभी वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एम डी जैन में विद्यार्थियों ने देखा आदित्य एल 1 सूर्ययान का सफल प्रेक्षपण

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंजः- नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम.डी. जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में सूर्य के पथ पर अग्रसर आदित्य एल 1 मिशन को जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के जिला समन्वयक एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के निर्देशन में स्मार्ट कक्षाओं में प्रेक्षपण को सजीव प्रसारण दिखाया गया। जिसके शुभारंभ पर विद्यार्थी अत्यंत हर्षित हुए।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया आदित्य एल 1 के सफल प्रेक्षपण पर भारत ने एशिया में प्रथम एवं विश्व में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आदित्य एल 1 को सूर्य की कक्षा में भेजने के लिए पीएसएलवी - सी 57 के माध्यम से श्री हरिकोटा से भेजा गया है। यह सर्वप्रथम पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित होगा। एल1 पॉइन्ट की तरफ बढ़ने के साथ यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकल जाएगा। एल 1 पॉइन्ट पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर है। एल 1 पॉइन्ट अंतरिक्ष में एक ऐसी जगह है, जहां सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का असर नहीं होता है। इसके चलते वस्तुयें यहाँ रह सकती है। इसे पार्किंग पॉइन्ट भी कहा जाता है । इस मिशन को सूर्य की कक्षा तक पहुंचने में लगभग 125 दिन लगेंगे। आदित्य एल 1 से से सूर्य के विषय में जानकारी एकत्रित करेगा। यह सौर वायुमंडल को समझने का प्रयास करने के साथ हवाओं के विभाजन, तापमान का अध्ययन, तूफान आदि की जानकारी भी प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरज जैन, सत्यपाल सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# रोड किनारे खड़े होटल संचालक को चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले की खागा कोतवाली क्षेत्र के सुजरही बाईपास पर होटल संचालक अपने होटल के बाहर रोड किनारे खड़ा था। तभी रोड से गुजरे चार पहिया वाहन ने उसको जोरदार टक्कर मार दिया। वाहन की टक्कर से होटल संचालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी छेद्दु का 45 वर्षीय पुत्र विनोद दीक्षित खागा कोतवाली क्षेत्र के सुजरही बाईपास पर होटल किए हुए था। वह अपने होटल के बाहर रोड किनारे खड़ा था। तभी रोड से गुजरे चार पहिया वाहन ने उसको जोरदार टक्कर मार दिया। वाहन की टक्कर से विनोद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## जेडयू० इन्टर कालिज में सम्मानित हुए मौ० कासिम

**दैनिक समाज जागरण**

सम्भल । उपनगरी सराय तरीन स्थित जैड यू. इ० कालिज में पी०सी० एस० (जे.) में 135 वी रैके के साथ चयनित मौ० कासिम को आज प्रधानाचार्य शाहिद हुसैन व समस्त स्टाफ ने समारोह आयोजित कर सम्मानित किया इस अवसर पर उनके पिता की मेहनत को सराहते हुए उनके पिता श्री वली मौहम्मद को भी शाल उढा कर सम्मानित किया गया मौहम्मद कासिम ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैंने ग्राम रूकनुद्दीन सराय से प्राइमरी शिक्षा के बाद इसी जैड यू इण्टर कालेज से इन्टरमीडिएट तक की परीक्षा उत्तीर्ण की उन्होंने अपने समय के हालात को बताते हुए सभी छात्र/ छात्राओं से लगन से पढ़ने को कहा उन्होंने छात्राओं की शिक्षा पर विशेष बल



दिया उन्होंने कहा कि आज माहिलाएं अन्तरिक्ष में भी अपना लोहा मनवा रही है आज डाक्टर , इंजीनियर वकील, जज डी०एम०. एस.पी सभी पदो पर कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि इस वर्ष ढ.उर (ख) 2022 में चयनित कुल 302 अभ्यर्थियों में 165 छात्राएँ है : उन्होंने अपने सम्बोधन सो टीचर्स की तारीफ की प्रधानाचार्य शाहिद हुसैन ने छात्रों को मौ, कासिम का नमूना पेश कर अधिक से अधिक मेहनत से पढ़ने और उचाईयों पर पहुचने को उत्साहित किया अध्यापक कौसर हुसैन , मतलूब हुसैन ने अपने विचार व्यक्त किये ! कार्यक्रम का संचालन सैयद शारिक कमर ने किया !

प्रधानाचार्य शाहिद हुसैन ने सभी का आभार प्रकट किया !

इस दौरान मौजूद रहें/रही नफीस अहमद , रूवैद आलम, इदरीस अहमद जुल्फिकार, हसीन अहमद रहमत निशा, शाहीन परवीन खुशनुमा, समीना बी ,जीशान एवं अल अमीन एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष श्री मुहम्मद शारिक जीलानी उपस्थित रहे !

## श्री देवराह बाबा पब्लिक स्कूल में वित्तीय साक्षरता पर हुई विशेष बैठक

बिसौली आई एम खान। एसडीबी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की ओर से एक ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के बैंकिंग सेक्टर से 11 साल के अनुभवी एवं कोटक महिंद्रा बैंक के सीनियर मैनेजर अरबाब अनीश द्वारा वित्तीय साक्षरता पर विशेष जानकारियां दी गई। ट्रेनिंग प्रोग्राम में बिसौली के सभी सीबीएसई स्कूल के टीचर्स प्रिंसिपल्स एवं एस डी बी विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित दर्जनों लोगों ने सहभागिता की। विद्यालय के निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय एवं प्रधानाचार्य मीनू एल बत्रा ने सभी आगंतुकों का स्वागत



किया। वक्ताओं ने सेंसटाइजेशन ऑन फाइनेंशियल लिटरेसी (आर्थिक साक्षरता ) विषय पर विस्तृत जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन अरबाब अनीश द्वारा डिजिटल टूल्स पर महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अंकित अग्रवाल होंगे रामपुर के नए ज़िला अधिकारी

शावेज अहमद रामपुर। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने आईएएस अधिकारीयों के तबादले किए हैं जिसमे रामपुर में तैनात जिलाधिकारी रविंद्र कुमार का जनपद बिजनौर के लिए तबादला हो गया वही उनके स्थान पर एटा में तैनात आईएएस अंकित अग्रवाल को रामपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है। अंकित अग्रवाल वर्ष-2012 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। वे



विशेष सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग तथा संयुक्त प्रबन्ध निदेशक पिकप उत्तर प्रदेश शासन रह चुके हैं। ये मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

शावेज अहमद रामपुर।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपुर के आदेशानुसार शनिवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 1 सितंबर से दिनांक 8 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह मनाए जाने के संबंध में प्रार्थना सभा स्थल पर छात्र-छात्राओं को एकत्र कर साक्षरता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा शिक्षकों द्वारा साक्षरता का महत्व बताते हुए उन्हें घर एवं घर के समीप असाक्षर व्यक्तियों को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षर



बनाने के लिए प्रेरित किया गया। उसके बाद बच्चों ने ग्राम हजरतपुर में शिक्षकों के साथ साक्षरता रैली निकाली। जो तोपखाने चौराहे से मुड़कर वापस स्कूल पर आकर समाप्त हुई ।बच्चों ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्लोगन से लिखे हुए तख्तियां पकड़ी हुई थी तथा बच्चे निम्न नारे लगते हुऐ रैली निकाली। इस अवसर पर चिरंजीव कुमार, नसरीन बी, सीमा गौहर, रजनी गुप्ता, अमरपाल, मलखान सिंह, रजिया बेगम, शाजिया बी, शहनाज फातिमा आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील गुन्नौर में जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय करने के दिए निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई।गुन्नौर तहसील सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत व मुख्य विकास अधिकारी कमलेश सचान ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना।

जिसमें जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मौका मुआयना करने के पश्चात गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें। जिससे कि उन शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो।



समाधान दिवस में 66 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये तथा 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने समस्त सांबांधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत को गंभीरता से लें एवं उसका निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक करें। इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी अरविंद कुमार,उप जिलाधिकारी गुन्नौर रमेश बाबू, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर आलोक कुमार सिद्धू,तहसीलदार गुन्नौर, सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग संपन्न, 76 पत्रावली सुनकर आठ परिवारों को मिलाया

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई।पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीपक कुमार तिवारी की देखरेख में संपन्न हुई जहां पति-पत्नी के मध्य हुए आपासी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया जहां 76 पत्रावली सुनकर आठ परिवारों को मिलाया गया तथा 6 पत्रावली में विधिक कार्यवाही की संतुति की गई एवं छह पत्रावली आवेदक द्वारा बाल न देने तथा न्यायालय में विचाराधीन होने



के कारण बंद की गई कुल 76 पत्रावलियों को सुनकर 20 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया इस अवसर पर काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय , संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, बबीता शर्मा , श्वेता गुप्ता, कंचन माहेश्वरी तथा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद तथा उपनिरीक्षक राधेश्याम शर्मा, मोहम्मद राशिद, सुशील कुमार शर्मा तथा हेडकांस्टेबल योगेंद्र सिंह एवं कांस्टेबल नूतन , उषा आदि लोग सम्मिलित रहे।

## युवा अनस्टॉपेबल ने मुख्य अतिथि श्री हरदीप सिंह पुरी के साथ छात्र संवाद की मेजबानी की

'अमृत काल' के दौरान भारत के विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश की युवा पीढ़ी भारत को एक विकसित देश में बदलने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने उन बच्चों के साथ बातचीत की, जिन्हें हाल ही में युवा अनस्टॉपेबल पहल के हिस्से के रूप में मोबाइल टैबलेट मिले हैं, जिसका उद्देश्य सुविधा से वंचित युवाओं के बीच डिजिटल साक्षरता और शैक्षिक पहुंच को बढ़ावा देना है। यह दिल छू लेने वाली बातचीत पहली सितंबर को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर (नई दिल्ली) में हुई, जिसमें डिजिटल विभाजन की खाई को कम करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया और इसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव के अग्रदूत बनने के लिए युवा प्रतिभाओं को प्रेरित और सशक्त बनाना था।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भविष्य में भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नौकरी की तलाश करने वाली नहीं, बल्कि नौकरी प्रदान करने वाली होगी।

युवा अनस्टॉपएबल भारत और अमेरिका की एक पंजीकृत गैर-लाभकारी संस्था है जिसने भारत के 20 राज्यों में 5000 से अधिक स्कूलों और 6 मिलियन सुविधा से वंचित लाभार्थियों को लाभान्वित किया है। युवा अनस्टॉपेबल सरकारी स्कूलों में बदलाव लाने (बेहतर स्वच्छता, पानी, प्रौद्योगिकी तक पहुंच, छात्रवृत्ति, पोषण, टीके को लेकर झिझक को दूर करने, मूल्य-आधारित प्रशिक्षण, आदि) के



लिए 100 शीर्ष कॉर्पोरेट कंपनियों के साथ काम कर रहा है।

श्री हरदीप सिंह पुरी के विजन से प्रेरित होकर, युवा अनस्टॉपेबल ने 300 मेधावी छात्रों को मोबाइल टैबलेट प्रदान किए, जिन्होंने तमिल एसोसिएशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नूतन मराठी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन, आंध्र एजुकेशन सोसाइटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरु हरिकृष्ण स्कूल और केरल स्कूल सहित दिल्ली के 6 स्कूलों के छात्रों के साथ आज की बातचीत में भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को प्रौद्योगिकी से लैस करना और शिक्षण एवं सीखने को अधिक दिलचस्प और रोचक बनाने के लिए एक डिजिटल उपकरण सुनिश्चित करना है।

केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए उपस्थित लोगों संबोधित किया। उन्होंने सफलता प्राप्त करने में दृढ़ संकल्प, दृढ़ता और नवाचार की भूमिका पर जोर देते हुए अपने जीवन के अनुभव साझा किए। छात्रों को श्री हरदीप सिंह पुरी के साथ एक उत्साहपूर्ण प्रश्नोत्तर सत्र में शामिल होने का अनूठा अवसर मिला, जहां वे करियर विकल्पों से लेकर सामाजिक प्रभाव पहल तक कई विषयों पर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

श्री हरदीप सिंह पुरीः "मैंने आज जिन युवा प्रतिभाओं से बातचीत की, उनकी ऊर्जा और उत्साह से मैं सही मायने में काफी प्रभावित हूं। युवाओं में हमारे देश को बदलने की शक्ति है, और इस तरह के आयोजन उन्हें बड़े सपने देखने और उज्जवल भविष्य की दिशा में काम करने के लिए सशक्त बनाते हैं। "

युवा अनस्टॉपेबल के संस्थापक श्री अमिताभ शाह, "हमारा संगठन युवाओं को बदलाव के वाहक बनने हेतु सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम श्री हरदीप सिंह पुरी को अपने मुख्य अतिथि के रूप में पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं और हमारा मानना है कि इस कार्यक्रम ने हमारे छात्रों को सामाजिक प्रभाव की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।"

इस कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी लोगों की भी भागीदारी रही जिन्होंने शिक्षा, पर्यावरण और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में प्रभावी परियोजनाएं शुरू की हैं। इन प्रेरणादायक कहानियों ने सार्थक बदलाव लाने के लिए युवा प्रतिभाओं की क्षमता को प्रदर्शित किया। यह पहल न केवल प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान करती है बल्कि इन बच्चों की शैक्षिक यात्रा में भी सहायता करती है और उनके भविष्य को आकार देने में डिजिटल साक्षरता की भूमिका पर जोर देती है।

## सर कटी लाश मिलने से इलाके में फैली सनसनी

शावेज अहमद रामपुर।थाना मिलक क्षेत्र में सुबह 6 बजे गर्दन कटी लाश मिलने से इलाके भर में सनसनी फैल गयी। मामला जनपद रामपुर के थाना मिलक का है जहाँ के लोहा पट्टी भागीरथ गांव के ग्रामीण जब सुबह अपने खेतों की ओर निकले तो उन्होंने खेत मे गर्दन कटी लाश देखी सभी के



हाथ पाव फूल गए कुछ ही देर में खबर आग की तरह इलाके भर में फैल गई जिसके बाद गाँवावालो ने पुलिस को सूचित किया पुलिस जल्द ही पहुंच गई ,कोतवाल अजयपाल सिंह मौके ने घटना स्थल का जायजा लिया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक अज्ञात युवक की उम्र करीब 20 साल बतायी जा रही है। युवक के दाएं हाथ पर सुरेंद्र लिखा तथा हाथ मे कड़ा, काले मोतियों की माला तथा कई राखियां बंधी हुयीं हैं। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम व पुलिस के उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संसार सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त हो गई है सुरेन्द्र मौर्य जो अविवाहित हैं पिता का नाम भगवान दास मौर्य है उदयपुर जागीर का रहने वाला है इसको मार कर फेका गया है या यहां मारा गया है इसकी जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## हापुड़ में अधिवक्ताओं पर किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने निकाला तिरंगा चौक तक पैदल मार्च

बिसौली आई एम खान। तहसील बार एसोसिएशन एवं सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं हापुड़ में अधिवक्ताओं पर किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में कार्य से विरत रहकर तिरंगा चौक तक पैदल मार्च निकाला। आक्रोशित वकीलों ने एसडीएम कल्पना जायसवाल को ज्ञापन



भी सौंपा। इस अवसर पर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश भारद्वाज, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप शर्मा, पंकज शर्मा, मीडिया प्रभारी विजयभान सिंह, दिनेश शर्मा, प्रेम शंकर यादव, सादिक अली खान, ठाकुर नरेंद्र सिंह, सुधाकर सक्सेना, राजीव कुमार सक्सेना, ह्रदेश चंद्र शर्मा, अल्ताफ हुसैन, राहुल यादव भीष्म, राजेश भारद्वाज, अभीक्ष पाठक, निर्मला कठेरिया, विवेक यादव, भविष्य कुमार सिहं, ऐजाज खान, राजीव कुमार राठौर, अफजाल खांन, संजीव मिश्रा, योगेश कुमार यादव, प्रदीप उपाध्याय, राजीव दुवे, हेमराज मौर्या, के पी सिंह, रंजीत यादव, मोहित शर्मा, सुरेश पाल, शिव दयाल, प्रेमपाल सिंह पूर्व अध्यक्ष, शिव शंकर पाठक, रामवीर सिंह, तस्लीम इदरीसी, विपिन पाठक, अभिषेक माथुर, वीर पाल सिंह, जुगल किशोर शर्मा, राम लखन यादव, दिग्विजय शर्मा, विदित मिश्रा, गिरीश कुमार, भुवनेश शर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने 10 कृषकों को ट्रैक्टर की चाभी, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियां को किट/प्रमाण पत्र वितरित किए

लखनऊ : 02 सितम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गोरखपुर में 629 करोड़ रुपये लागत की जल निगम व लोक निर्माण विभाग की 195 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर से नकहा ओवरब्रिज होते हुए स्पोर्ट्स कॉलेज तक मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण 41.20 करोड़ रुपये की लागत से तथा 20.18 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकृत व सुदृढ़ीकृत महावनखोर-नेतवर बाजार-कैम्पियरगंज मार्ग का लोकार्पण और 567.21 करोड़ रुपये की लागत से 193 ग्राम पंचायतों के लिए नल से शुद्ध पेयजल की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही, मुख्यमंत्री जी ने 10 कृषकों को ट्रैक्टर की चाभी और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियां को किट/प्रमाण पत्र वितरित किए और कार्यक्रम स्थल पर लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री जी ने लोकार्पण व शिलान्यास कार्यों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उपहार बताते हुए सभी को जन्माष्टमी की बधाई दी और मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार सिर्फ शिलान्यास ही नहीं करती, बल्कि शिलान्यास वाले कार्यों का उद्घाटन भी करती है। नये भारत का नया उत्तर प्रदेश और नये उत्तर प्रदेश का नया गोरखपुर विकास की एक नयी आभा के साथ प्रदेश, देश और दुनिया में चमकता हुआ दिखाई दे

## आगामी 21 से 25 सितंबर तक आयोजित होने वाले यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो को जनपद में सकुशल संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित

### डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में अपर जिला अधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में आज यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को लेकर जनपद के यातायात पुलिस, नोएडा/ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अधिकारीगण व बस एवं ऑटो संचालक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान ट्रैफिक रूट प्लान से बस एवं ऑटो संचालक एसोसिएशन प्रतिनिधियों को कराया गया अवगत

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आगामी 21 से 25 सितंबर तक गौतम बुद्ध नगर के इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारी को लेकर जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में युद्ध स्तर पर तैयारीयां सुनिश्चित की जा रही है। इसी श्रृंखला में आज आगामी 21 से 25 सितंबर 2023 को ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 के आयोजन को लेकर अपर जिला अधिकारी डा0 नितिन मदान की अध्यक्षता में इंडिया एक्सपो के सभागार में जनपद के यातायात पुलिस, नोएडा/ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारीगण व बस एवं ऑटो संचालक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि आने वाले 21 से 25 सितंबर को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं दिनांक 22 सितम्बर से 24 सितम्बर मोटो जीपी रेस का आयोजन जनपद में होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के उद्देश्य यातायात रूट प्लान निर्धारित किया गया है, जिसका शत प्रतिशत पालन समस्त बस एवं ऑटो संचालक एसोसिएशन प्रतिनिधियों द्वारा सुनिश्चित कराया जाये ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड फेयर एवं मोटो जीपी रेस बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें देश विदेश के लोगों द्वारा प्रतिभाग करने के लिए जनपद में आवागमन किया जायेगा। अपर जिला अधिकारी ने बस एवं ऑटो संचालक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि आवागमन के दौरान अनावश्यक रूप से वाहन के किराये में वृद्धि न करें। उन्होंने संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि मानकों के अनुरूप निर्धारित रेट लिस्ट बस एवं ऑटो संचालक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाये। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी कर्मिशयल वाहन स्वामियों के द्वारा निर्धारित किराया से ज्यादा किराये की वसूली की जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव, एडिसीपी अशोक कुमार, एसीपी अरविन्द कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी सियाराम वर्मा, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, सम्बन्धित अधिकारीगण एवं एक्सपो मार्ट के प्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतमबुद्धनगर।

## शिकायतों का शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण - एडीएम

बिसौली। एडीएम राकेश पटेल की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनशिकायतों को सुना गया। श्री पटेल ने अधिकारियों को निर्देशित



करते हुए कहा कि सभी शिकायतों का शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाए। इस दौरान अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद व अवैध कब्जे को लेकर आईं। इस अवसर पर एसडीएम कल्पना जायसवाल, तहसीलदार विजय कुमार, नायब तहसीलदार गिरजाशंकर यादव, बीडीओ मुनव्वर खान, इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला, धनंजय पांडे आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वदेशी गाय की नस्ल सुधार के लिए 15 हजार प्रोत्साहन राशि देगी योगी सरकार

**- गिर, साहीवाल, हरियाणा, गंगातीरी तथा थारपारकर स्वदेशी गाय पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि**

**- अधिकतम दो स्वदेशी गायों के नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने के लिए मिलेगी प्रोत्साहन धनराशि**

लखनऊ, 2 सितंबरः प्रदेश के गौ पालकों की आय बढ़ाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति उनका रुझान बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इसको लेकर शासनादेश भी जारी कर दिया गया है जिसमें योजना से संबंधित प्रोत्साहन धनराशि, पात्रता, मानक, योजना का उद्देश्य और स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। शासनादेश के अनुसार, योजना स्वदेशी नस्ल की गाय के पहले, दूसरे और तीसरे ब्यात (प्रसव) पर लागू होगी। एक पशुपालक को अधिकतम दो स्वदेशी नस्ल की गायों में नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। इस धनराशि को दो भागों में बांटा गया है, जिसमें पशुपालकों को दस और पंद्रह हजार रुपये प्रोत्साहन के रूप में दिये जाएंगे।

योगी सरकार ने स्वदेशी गाय के नस्ल सुधार और बेहतर देखभाल के लिए लागू की योजना दुग्ध आयुक्त और मिशन निदेशक शशि भूषण सुशील ने बताया कि पशुपालकों में स्वदेशी गायों में नस्ल सुधार, उनकी बेहतर देखभाल, गुणवत्तायुक्त पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के अभाव की वजह से प्रदेश में पर्याप्त संख्या होने के बाद भी दुग्ध उत्पादकता अत्यन्त कम होने के कारण उनका योगदान अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। ऐसे में प्रदेश के पशुपालकों में उच्च उत्पादकता एवं गुणवत्ता वाली स्वदेशी नस्ल की गायों (गिर, साहीवाल, हरियाणा, गंगातीरी तथा थारपारकर) को पालने के प्रति प्रोत्साहित करने, उनके नस्ल सुधार, उनकी बेहतर देखभाल के उद्देश्य से नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना शुरू की गयी। इसके तहत पशुपालकों को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देने की व्यवस्था की गयी है। योजना के तहत योगी सरकार दस से पंद्रह हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दे रही है। इस धनराशि को दो भागों में बांटा गया है। इसमें साहिवाल, गिर और थारपारक गाय द्वारा आठ से बारह किलो प्रति दिन दूध देने पर दस हजार रुपये और बारह किलो से ज्यादा प्रतिदिन दूध देने पर पंद्रह हजार रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये जाएंगे। वहीं हरियाणा गाय द्वारा प्रति दिन छह से दस किलो दूध देने पर दस हजार और दस किलो से ज्यादा दूध देने पर पंद्रह हजार रुपये दिये जाएंगे। इसके अलावा गंगातीरी गाय के 6 से 8 किलो प्रति दिन दूध देने पर दस हजार और आठ किलो से ज्यादा दूध देने पर पंद्रह हजार रुपये दिये जाएंगे।

**स्वदेशी नस्ल की गाय के जीवनकाल में एक बार ही उठा सकेंगे योजना का लाभ**

मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना स्वदेशी नस्ल की गायों के पहले, दूसरे और तीसरे ब्यात पर लागू होगी। इस योजना का लाभ प्रदेश के प्रगतिशील पशुपालक अधिकतम 2 गायों पर उठा सकेंगे।

# इस शिक्षक दिवस पर पूर्ण वेतन का आदेश जारी हो



शहडोल। शहडोल संभाग के नवनियुक्त शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जैतपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक महोदया श्रीमती मनीषा सिंह को ज्ञापन के रूप में माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एक स्मरण पत्र सौंपा जिसमें यह जिक्र किया गया है की 12 अप्रैल को नवनियुक्त शिक्षकों के द्वितीय प्रशिक्षण बैच भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा 1 वर्ष उपरांत 70% से सीधे 100% वेतन देने की घोषणा की थी लेकिन आज 4 महीने से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी उस घोषणा पर गजट में कोई आदेश नहीं हो पाया है जबकि उसके बाद हुई कई घोषणाओं के लिए आदेश जारी हो चुके हैं वैसे भी बीच में कोरोना काल आने के कारण मध्यप्रदेश के नवनियुक्त शिक्षको की नियुक्ति में 2 वर्ष का विलंब हुआ है और वेतन की जगह स्टाइपेंड दिए जाने से उनमें हताशा दिख रही थी जो मुख्यमंत्री के द्वारा 12 अप्रैल की घोषणा के बाद एक खुशी की लहर के रूप में आई थी और अब घोषणा के कई महीने बाद भी आदेश न आने से शिक्षकों में फिर भय और आशंका व्याप्त हो रही है कि आदेश आने में इतना विलंब क्यों ? सभी जिलों के शिक्षकों के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम शिक्षक दिवस पर आदेश जारी करने के लिए ज्ञापन/ स्मरण पत्र सौंपे जा रहे हैं।

# डूमरकछार की धरा मे अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का हुआ आगाज

## काव्य पाठ का देर रात तक श्रोताओं ने लिया आनंद



पौराधार/राजनगर- 01 सितंबर को डूमरकछार के पौराधार कालोनी मे काव्यपाठ देर शाम से देर रात तक बारिश होती रही कविताओं की फुहार में श्रोता सराबोर होते रहे,रहरहकर ठहाके की गूंज से पौराधार कालोनी गुंजायमान होता रहा। काव्य पाठ का यह मौका था नगर परिषद डूमरकछार की ओर से आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के कवि डॉ.नरेन्द्र मिश्र (धड़कन), कौशल सक्सेना,नरेन्द्र सिंह अकेला, दिनेश गुक्कज,भूपेन्द्र सिंह राठौर, ड्रा.लता स्वराजंलि, अकबर ताज, कवि आशीस ने काव्य पाठ से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीच- बीच में कवियों के हास्य व व्यंग्य श्रोताओं को गुदगुदाते रहे। लोगों ने देर रात तक कवि सम्मेलन का खूब आनंद लिया। श्रोताओं को कवि अक्बर ताज और भूपेन्द्र सिंह राठौर द्वारा हिन्दुस्तान की माटी की सुगंध, भारतीय संस्कृति तथा कवि शिव कुमार सिंह कोतमा के वरिष्ठ कवि द्वारा आम आदमी की संवेदना और तमाम प्रकार की विसंगतियों से जुड़ीं कविताएं सुनने को मिली।
वाह भाई वाह मे शिरकत कर चुके युवा दिलो के धडकन प्रयागराज के आशीश गुरू व ख्यातिलब्ध कवि नरेन्द्र सिंह अकेला हास्य व्यंग्य के कवि के काव्य पाठ गुदगुदाती रही। साथ ही कौशल सक्सेना ने भी हास्य रस से महफिल में श्रोताओं को विचार विमर्श करने पर विवश कर दिया। हर कविता पर श्रोताओं की वाह-वाह की आवाज पूरे वातावरण में देर रात गुंजायमान होती रही कवि सम्मेलन की शुरूआत भारत माता के छाया चित्र मे पुष्प सुमन अर्पित,दीप प्रज्वलन कर की गई डूमरकछार की धरा मे पहुंचे म.प्र. महिला वित्त एवं विकास निगम की अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) अमिता चपरा तथा हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय मिश्रा, नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया,उपाध्यक्ष कंचना मेहता सहित क्षेत्र के अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक की गरिमामयी उपस्थिति मे कवि सम्मेलन संपन्न हुआ उल्लेखनीय है कि नवगठित नगरीय निकाय डूमरकछार के प्रथम निर्वाचन के उपरांत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन के उपरांत 01 सितंबर 2022 को शपथ ग्रहण समारोह डूमरकछार नगर परिषद में संपन्न हुआ था,शपथ ग्रहण समारोह के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर स्वस्थ मनोरंजन के उद्देश्य से यह कवि सम्मेलन संपन्न कराया गया है जिसका आए हुए अतिथगणो,नागरिकों ने खूब आनंद लिया।
इस अवसर पर सभापति रवि सिंह,जीतेंद्र चौहान,विडडू शर्मा, रंजीत वर्मा पार्षदगण राकेश दिवान, चंदा देवी महरा, सरिता यादव, विजेंद्र देवांगन,डॉ.महेश चौहान, निर्भय नारायण राव,पार्वती सिंह गोंड़,रीता पालीवाल,विड्डू शर्मा, दिव्या मेहता, मनोनीत सासंद प्रतिनिधि के.एन शर्मा,विधायक प्रतिनिधि आशीष राव, लेखापाल रजनीश शुक्ला, उपयंत्री शिवराम इडपाचे परिषद के कर्मचारी जयकांत मेहता, विवेक मिश्रा,हरिश सिंह, सत्येन्द्र चौहान,धीरेन्द्र सिंह,तीरथ पनिका,सत्यनारायण सोनी, एजाज अहमद,पवन गौतम, अजय राम,विक्रम सिंह,महेश यादव,विजय यादव,अमित जायसवाल प्रशांत केशरवानी,विरेन्द्र रजक,विपिन दूबे, शत्रुंजय पाण्डेय, अनुरूद्ध दाहिया, उत्तम कोल, विशाल महतो, त्रिलोकीनाथ राय, मुन्नापाल,प्रवीण कुमार शर्मा,अखिलेश सिंह परिहार, गौरव महाता, राजू यादव संधान ट्रस्ट के जयप्रकाश रवि,रामप्रवेश चौधरी, सुरेश यादव , हनी चौरसिया शिक्षिका, समाजसेवी अशोक वर्मा, सुजीत पाण्डेय,अजय दूबे,विक्रम चौरसिया, सुनील गुप्ता, अरविंद सिंह परिहार,सानू साशमल सहित क्षेत्र व आस पास के क्षेत्रो से पहुंचे जनप्रतिनिधि सहबिन पनिका, अजय सराफ नागरिकगण दिलीप पटेल, धर्मेंद्र गुप्ता, मुन्ना सेन, करूणा निधान, राजा, पन्नालाल, दिनेश ठाकुर, कंचन चौरसिया, बृजमोहन, मंजीत भारती, शनि, बबलू, महिलाए विमला देवी, कौशिल्या, लीला, उषा सिंह, सुशीला, अहिल्या देवी, कुन्ती बाई, व बेटीयां सहित काव्यप्रेमी, साहित्यकार, रचनाकार,व अन्य कई नागरिकगण उपस्थित रहे । अनूपपुर जिले के और छत्तीसगढ़ राज्य के कोरिया जिले के तमाम मीडिया कर्मियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। पत्रकार सतीश गुप्ता मनेंद्रगढ़ की भूमिका भी सराहनी रही इन्होंने बगिया से चुन चुन कर अच्छे फूल लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अच्छे कवियों का चयन कर कोयलांचल क्षेत्र को काव्यमय बना दिया। कवि सम्मेलन का सफल मंच संचालन राष्ट्रीय कवि डॉ.नरेन्द्र मिश्र (धडकन) द्वारा किया गया। इनके साथ सहमंच संचालन गुप्ता ने किया।

# राष्ट्रपति 5 सितंबर, 2023 को 75 चयनित शिक्षकों को वर्ष 2023 के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेंगी

माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 5 सितंबर 2023 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 75 चयनित शिक्षकों को वर्ष 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। भारत में हर वर्ष 5 सितंबर, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने का उद्देश्य देश के शिक्षकों के अद्वितीय योगदान को रेखांकित करना और ऐसे शिक्षकों का सम्मान करना है जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता व परिश्रम से न सिर्फ स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध किया है। पुरस्कार के रूप में प्रमाणपत्र, 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और एक रजत पदक प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार विजेताओं को माननीय प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने का भी अवसर मिलेगा।
शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग प्रति वर्ष 5 सिंतबर को एक राष्ट्रीय समारोह का आयोजन करता है जिसमें एक कठोर और पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस वर्ष से, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का दायरा बढ़ाकर उच्च शिक्षा विभाग और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के शिक्षकों को भी इसमें शामिल कर लिया गया है। इस वर्ष 50 स्कूल शिक्षकों, उच्च शिक्षा से 13 शिक्षकों और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय से 12 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।
अभिनव शिक्षण, अनुसंधान, सामुदायिक आउटरीच और नवीन कार्यों को पहचानने की दृष्टि से और भागीदारी (जन भागीदारी) को अधिकतम करने के लिए ऑनलाइन मोड में नामांकन मांगे गए थे। माननीय शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों के चयन के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शामिल करते हुए तीन अलग-अलग स्वतंत्र राष्ट्रीय जूरी का गठन किया था।

# केंद्रीय विद्यालयों के लिए 33वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2022-23 का पुरस्कार वितरण समारोह



केंद्रीय विद्यालयों के लिए 33वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2022-23 का पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार, 1 सितंबर, 2023 को जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम, संसद ग्रंथालय, संसद भवन परिसर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
श्री अर्जुन राम मेघवाल, विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री ने समारोह की अध्यक्षता की और पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों और विद्यालयों को प्रतियोगिता में उनके योग्य निष्पादन के लिए पुरस्कार वितरित किए। मंत्री जी ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ परस्पर संवाद किया। उन्होने विद्यार्थियों के साथ बातचीत करते हुए आह्वान किया कि युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों और लोकतंत्र की नैतिकता को सीखना और अपनाना चाहिए और दुनिया में इस सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में सद्भावना और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए। मंत्री जी ने समारोह में उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए स्वस्थ जीवन शैली हेतु जीवन की शपथ भी दिलाई।

## भाजपा में आधा दर्जन दावेदार

# उम्मीदवार चयन में भाजपा हाई कमान को छूट रहे पसीने

समाज जागरण



शहडोल। शहडोल जिले की व्यवहारी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी को जिताऊ प्रत्याशी की तलाश है और इसके लिए भाजपा हाई कमान के पसीने छूट रहे हैं। वर्तमान विधायक शरद के अलावा भी अन्य दावेदार मजबूती ढंग से किस विधानसभा क्षेत्र से टिकट मांग रहे हैं ।भले ही भाजपा उम्मीदवार से हार चुकी कांग्रेस 2023 के चुनाव मैं ऐसे प्रत्याशी की तलाश में है जिसका नगर व ग्रामीण दोनों अंचलों में प्रभाव हो जातिगत समीकरण भी इस चुनाव में महत्वपूर्ण होगें क्योंकि मतदताओं का एक बड़ा वर्ग इस विधानसभा क्षेत्र में नए प्रत्याशी की मांग कर रहा है। दावेदारों में दो ऐसे नेता है जिसमें एक नेता यहां से चुनाव जीत चुका है और एक पिछली बार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से किस्मत आजमा चुका है। विदित हो कि वर्ष 2018 में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से तेज प्रताप ने किस्मत आजमाई थी और उनका पूरा साथ क्षेत्र के नेता वीरेश सिंह रिंकू ने दी थी हालांकि इस चुनाव में तेज प्रताप को पराजय का मुंह देखना पड़ा था। वही भारतीय जनता पार्टी से ही एक अन्य दावेदार बली सिंह मरावी इस विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं इनके अलावा युवा जिला पंचायत सदस्य गुजरात सिंह भी भारतीय जनता पार्टी से विधानसभा व्यवहारी से प्रबल दावेदार बताए जाते हैं । विगत 3 माह से उनकी सक्रियता से विधानसभा क्षेत्र में उनका नाम भी चचाओं में आ चुका है। जातिगत समीकरण के आधार पर बली सिंह भी दौड़ मेंभी है, लेकिन प्रभाव सीमित क्षेत्र में ही है। संभाग में कोल मतदाताओं की संख्या भी बहुतायत में है और संभाग में एक सीट कोल जाति के दावेदार को दिन ही जा सकती है इसमें संभाग क्षेत्र में रामलाल रौतेल, गुड़िया रौतेल, अनूपपुर क्षेत्र से ,रमेश कोल जयसिंहनगर क्षेत्र से एवं शरद कोल व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से दावेदार हैं पिछली बार कोलजनजाति वर्ग से रामलाल एवं शरद को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र से टिकट दी गई थी। ऐसे में यदि दूसरी विधानसभा से इस जनजाति के दावेदार को टिकट दिया जाता है तो व्यवहारि क्षेत्र से शरद की टिकट कट भी सकती है। हालांकि यह संगठन का आंतरिक मामला है। सूत्र बताते हैं कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही है तब शरद की नजदीकियां भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से रही हैं और उन दिनों में काफी चचाओं में थे हालांकि यह सरकार मात्र 14 से 16 महीने ही रही। वैसे भी विधानसभा क्षेत्र में अब केपी सिंह रिंकू सिंह तीरथ शर्मा आदि की एंट्री भारतीय जनता पार्टी में हो चुकी है और पहले से विमलेश मिश्रा, राजन गुप्ता शत्रुघ्न पटेल सहित अन्य नेता भी भारतीय जनता पार्टी में हैं। कभी विमलेश मिश्रा एवं रिंकू सिंह के मध्य हमेशा ही वर्चस्व की लड़ाई चचाओं में रहती थी लेकिन जिला पंचायत के चुनाव के बाद उन दोनों के मध्य नजदीकी भी हो गई है। विमलेश वर्तमान विधायक शरद के नजदीकी भी बताए जाते हैं और वहीं दूसरी ओर वीरेश सिंह विधानसभा क्षेत्र से नए प्रत्याशी की खोज में लगे हुए हैं। वैसे भी बुढ़वा मंदिर मामला चचाओं में है और मंदिर मामले को लेकर दो ग्रुप आमने-सामने भी हैं। इसका भी असर आगामी विधानसभा चुनाव में देखने को मिल सकता है।

# बिजली विभाग मुदार्बाद के नारे लगा ग्रामीण बैठे केबिनेट मंत्री के घर, मीना दीदी बाहर आओ के लगे नारे

उमरिया /केबिनेट मंत्री मीना सिंह के निवास पर बिजली से परेशान मानपुर से सटे कई गांव के किसान सड़क मार्ग रोककर धरने पर बैठ गए है ।बताया जाता है कि धरने पर मानपुर जनपद से जुड़े ग्राम बचहा,ग्राम टीकुरी (गड़रिया टोला),ग्राम रायपुर के डोंगरी टोला,अमरपुर (इंद्रा नगर) के सैकड़ो महिला एवं पुरुष किसान है ।धरने पर बैठे किसानों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से पिछले कई माह से क्षेत्र में विद्युत नही है,जिन कारणों से कृषि कार्य जमकर प्रभावित हो रहा है,वही बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है ।विदित हो कि जिले में इन ग्रामों के अलावा भो कई क्षेत्र बिजली विहीन है,इन क्षेत्रों में भी ग्रामीण जमकर परेशान है।

## मां जलहली धाम में अखंड कीर्तन का आयोजन

उमरिया ।जनपद पंचायत करकेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत जरहा सेहरा टोला में जलहली धाम में *विराजमान शंकर भगवान जलहली सहित, मां काली माता, आसमानी माता, आदि शक्ति जगदंबा दुर्गा माता, पवनसुत हनुमान जी , भगवान राधा कृष्ण, जहां आज दिनांक 2-9 -2023 दिन शनिवार से समय 11:00 बजे करीब से शंकर भगवान भोलेनाथ जी की पिंडी को पानी में डूबा कर अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। यह अखंड कीर्तन ग्राम सेहरा टोला एवं घोरमारा टोला के समस्त श्रद्धालुओं के सहयोग से आयोजन किया गया है ,कल दिनांक 3-9 -2023 को पूणार्हुति किया जाएगा, तत्पश्चात पूणार्हुति के बाद कन्या भोज कराकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसलिए सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह है कि कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधार कर अपना सहयोग देकर कार्यक्रम सफल बनाएं एवं सहयोग प्रदान करें।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध हाईकोर्ट ने जारी किया जमानती वारंट

अनूपपुर ।सीएमओ नगर पालिका परिषद पसान जिला अनुप्पुर के विरुद्ध हाई कोर्ट ने जारी किया बीस हजार रुपये का जमानती वारंट 05/09/23 को उपस्थित होने के दिये निर्देश, जबलपुर , अनुप्पुर के संविदाकार धर्मेंद्र चौबे ने 2010 से 2012 तक नगर पालिका परिषद पसान में विभिन्न निर्माण कार्य किये थे जिनका भुगतान टैक्स काट कर कर दिया गया था किंतु ळऊ्र राशि जो की लगभग बारह लाख रुपये होती है नगर पालिका परिषद् द्वारा जमा नही किया गया था, इसके लिए धर्मेंद्र चौबे द्वारा कई बार लिखित आवेदन दिया गया परंतु नगर पालिका ने कोई ध्यान नही दिया परेशांन होकर श्री चौबे ने अधिवक्ता दीपक पांडे उच्च न्यायालय जबलपुर को अपना केस दिया था श्री पांडे ने सीएमओ को लीगल नोटिस भेजकर ळऊ्र सर्टिफिकेट या उक्त राशि के भुगतान बावत रजिस्ट्रड पत्र भेजा था जिसका नगर पालिका परिषद द्वारा कोई जवाब नही दिया गया था, अंत में दीपक पांडे द्वारा हाई कोर्ट जबलपुर में याचिका प्रस्तुत की गयी थी, मार्च 2023 में हाई कोर्ट ने नगर पालिका पसान और आयकर विभाग शहडोल को नोटिस जारी किया था, लगभग पांच महीने बाद फिर से केस लगा था, नगर पालिका सीएमओ द्वारा हाई कोर्ट के नोटिस के बावजूद जवाब नही दिये जाने और उदासीन रवैया के कारण डिनांक 01/09/23 को न्यायालय ने रिस्पॉण्डेंट नम्बर दो को बीस हजार रुपये का जमानति वारंट जारी करते हुए 05/09/23 को उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं,

प्रचार नही तो व्यापार नहीविज्ञापन के लिए संपर्क करे.

# जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**किसानों के हितार्थ उठाई आवाज**


**विजय तिवारी**

शहडोल जिला पंचायत उपाध्यक्ष फूलमती सिंह ने जिले वासियों और किसानों के हितार्थ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि शहडोल में बाणसागर परियोजना बांध बना हुआ है। जिसका लाभ शहडोलजिले के जनमानस एवं किसानो को नहीं मिल पा रहा है। उक्त परियोजना का पानी



रीवा एवं सतना जिले में जा रहा है। शहडोल जिला आदिवासी जिला है इस जिले में अधिकतर किसान पानी के अभाव में एक फसलीय खेती करते है जिसके कारणआर्थिक स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है, उन्होने मांग की है कि यदि बाणसागर परियोजना से पानी सिंचाई हेतु जयसिंहनगर, गोहपारू एवं सोहागपुर ब्लाक में नहर के माध्यम से चालू हो जायेगा तो हमारे जिले के 70 प्रतिशत किसान एक फसलीय से दो फसलीय खेती करने लगेगें, इससे जहां एक ओर किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार आयेगा वहीं रोजगार के साधन उपलब्ध होगें। बाणसागर परियोजना का लाभ दूसरे प्रदेश और जिलों को मिल रहा है किंतु शहडोल जिले के किसान इससे अछूते हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह का यह सराहनीय प्रयास अगर सफल होता है तो निश्चय ही जिले वासियों को इसका 'भरपूर लाभ मिलेगा और किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति भी सुदृढ हो सकेगी।

# केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया



केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, विदेश राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी, संस्कृति मंत्रालय के सचिव सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम कुछ-कुछ एक शाम जैसा है, क्योंकि ये ऐसे समय में हो रहा है जब भारत की आजादी के 75 साल पूरे हो गये हैं। उन्होंने कहा कि आगामी अमृतकाल और "संकल्प से सिद्धि" 15 अगस्त, 2047 तक भारत को विश्व स्तर पर हर क्षेत्र में अग्रणी बना देगा। श्री शाह ने कहा कि अगले 25 वर्षों में हमारे स्वतंत्रता सेनानी की कल्पना के अनुसार भारत का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में भारत को कई उपलब्धियां मिली हैं, लेकिन वे पर्याप्त नहीं हैं। श्री शाह ने कहा कि पराधीनता की लंबी अवधि और लाखों लोगों के बलिदान के बाद, हमें आजादी मिली और पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, प्रत्येक भारतीय को एक साथ आने और एक वृहत्तर भारत देश बनाने में मदद करने का अवसर दिया गया है।
केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अपने नाम से ही अपना अर्थ की अभिव्यक्ति करता है। उन्होंने कहा कि अब हम स्वतंत्र भारत में रह रहे हैं और इसके लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि 1857 से 1947 तक, 90 वर्षों तक, स्वतंत्रता के लिए एक लंबा संघर्ष किया गया और अनगिनत ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों ने इस उद्देश्य के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जैसा व्यक्ति, जो दिल में देशभक्ति से भरा हुआ है, उन लोगों के लिए जिन्होंने बलिदान दिया है, हाथ में 'मिट्टी' लेकर संकल्प लेकर और श्रद्धांजलि अर्पित करके "संकल्प से सिद्धि" की इस यात्रा को शुरू करने की परिकल्पना कर सकता है। श्री शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम के पीछे यह सोच है कि प्रत्येक व्यक्ति, परिवार, नागरिक और बच्चा श्रेष्ठ भारत के निर्माण के विचार से भावनात्मक रूप से जुड़ें। उन्होंने कहा कि 1-30 सितंबर तक, प्रत्येक घर, वार्ड और गांव से एक बर्तन में 'मिट्टी' या अनाज इकट्ठा किया जाएगा, इसके बाद 1-13 अक्टूबर तक ब्लॉक में और बाद में 22-27 अक्टूबर तक राज्य स्तर पर इसका पालन किया जाएगा। अंत में, 28-30 अक्टूबर के बीच ये 7,500 बर्तन देश की राजधानी नई दिल्ली पहुंच जाएंगे। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हमारे महान वीरों के सम्मान में इन अमृत कलशों की मिट्टी दिल्ली में बनी अमृत वाटिका में रखेंगे, जो प्रत्येक नागरिक को याद दिलाती रहेगी कि हमें अमृतकाल में भारत को महान बनाना है।
श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस पहल में कई कार्यक्रमों को एकीकृत किया है और प्रत्येक भारतीय को इस पहल का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि देश के लिए खुद को फिर से समर्पित करने के उद्देश्य से 5 कार्यक्रमों की एक नई श्रृंखला बनाई गई है। इन कार्यक्रमों के तहत देश के हर गांव में शिलालेख लगाए गए हैं, देश के करोड़ों नागरिकों ने 'पंच प्रण' का संकल्प लिया है, जो भारत को महान बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वसुधा वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत वीरों का सम्मान करते हुए 75 पेड़ लगाए गए एवं राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।
केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान 2 लाख से अधिक कार्यक्रमों के आयोजन से पूरे देश में एक बार फिर देशभक्ति की भावना जागृत हुई है और इन कार्यक्रमों का समापन मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के साथ होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से सभी देशवासियों से 'पंच प्रण' - विकसित भारत के लक्ष्य को अपनाने, गुलामी की मानसिकता को दूर करने, अपनी परंपराओं पर गर्व करने, एकता और अखण्डता के लिए पूरा जीवन समर्पित करने और हर नागरिक के मन में कर्तव्य की भावना जगाने का आह्वान किया था। श्री शाह ने कहा कि ये 'पंच प्रण' महान भारत के निर्माण का मार्ग हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'हर घर तिरंगा अभियान' के आह्वान के बाद देश भर में 23 करोड़ घरों, कार्यालयों और इमारतों को तिरंगे से सुशोभित किया गया। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान का सम्मान करते हुए पूरा देश हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ा और इसी देशभक्ति की भावना का परिणाम है कि हाल ही में हमारा चंद्रयान चंद्रमा पर शिवशक्ति बिंदु पर पहुंचा, जो हमारे सभी देशवासियों के लिए बहुत गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि हर घर में तिरंगा अभियान से देश के हर व्यक्ति के मन में गौरव की भावना जगी है।

श्री अमित शाह ने कहा कि हर व्यक्ति को देश के भविष्य के साथ जोड़ना, उसकी भावनाओं को देश की प्रगति के साथ जोड़ना और हर व्यक्ति के प्रयासों को देश की प्रगति और विकास के साथ जोड़ना ही नेतृत्व की कसौटी और उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश का सौभाग्य है कि लंबे समय के बाद हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जैसा नेता मिला है, जो आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान देश को दुनिया में प्रथम स्थान दिलाने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। श्री शाह ने कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें से 5वें स्थान पर आ गयी है और जल्द ही हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक के मन में जो आत्मविश्वास जगा है, वह ऐसे कार्यक्रमों से संभव हुआ है। श्री शाह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रत्येक भारतीय नागरिक के मन में पैदा हुआ आत्मविश्वास हमारे साहसी सैनिकों के लिए सर्जिकल स्ट्राइक करने के लिए प्रेरणा का काम करता है, हमारे वैज्ञानिकों को कोविड-19 वैक्सीन विकसित करने के लिए सशक्त बनाता है और इसरो वैज्ञानिकों को चंद्रमा और सूर्य की कक्षा तक पहुंचने का साहस प्रदान करता है।
गृह मंत्री ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि ये खुद को देश के भविष्य से जोड़ने का एक माध्यम है। श्री शाह ने कहा कि यह कार्यक्रम खुद को देश को महान बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनाने का माध्यम बन सकता है

> “देश का सौभाग्य है कि उसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जैसा नेता मिला है जो देश के भविष्य के साथ हर व्यक्ति को भावनात्मक रूप से जोड़ने और अपने प्रयासों से देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं”
>
> 'मेरी माटी-मेरा देश' सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि खुद को देश के भविष्य से जोड़ने और देश को महान बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनने का एक माध्यम है
>
> प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों में देशभक्ति की भावना फिर से जगाई है
>
> प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सभी भारतीयों से 'पंच प्रण' लेने का आग्रह किया था, जो एक महान भारत के निर्माण का मार्ग है
>
> प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नये प्रतिमान स्थापित कर रहा हैः श्री अर्जुन राम मेघवाल

# धूप की तेज तपन के कारण धान की फसल प्रभावित खेतों में पड़ी दरारें बारिश नहीं होने से किसान परेशान

## ट्यूबवेल के पानी से किशन धान की कर रहे सिंचाई बोले बगैर बारिश के नहीं आ सकती धान की फसल

रायसेन। सावन भादो के महीना में ऐसी विचित्र स्थिति कई वर्षों बाद देखने मिली है की बारिश के दिनों में पानी नहीं गिर रहा है जिसके कारण हजारों हेक्टेयर में लगाई गई धान की फसल तेज धूप की तपन के कारण बबार्दी की कगार पर पहुंचते जा रही है धूप का टेंपरेचर इतना ज्यादा है कि किसान भाई अपने खेतों में ट्यूबवेल से पानी दे रहे हैं परंतु इधर पानी लगाते हैं तो उधर तेज धूप के कारण सूख रहा है कई खेतों में दरार चल रही हैं कुल मिलाकर अन्नदाता इस समय बेहद परेशानी के दौर से गुजर रहा है । प्रकृति ने भी अपना स्वरूप बदलते हुए असर दिखना शुरू कर दिया है ऐसी भयावह स्थित कई वर्षों बाद देखने मिल रही है कि बारिश के मौसम में सूखा पड़ रहा है उमस इतनी तेज है कि भीषण गर्मी के कारण जहां एक और खरीफ की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी से लोग भी परेशान हो रहे हैं इस प्रकार की स्थिति को देखते हुए जिले के हजारों किसान इस समय संकट की स्थिति में चिंतन मनन के दौर में चल रहे हैं क्योंकि लाखों रुपए की लागत लगाकर धान की फसल उन्होंने अपने खेतों में लगाई है परंतु इस बार पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण धान की फसल बबार्दी की कगार पर पहुंच रही है जिससे हजारों किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच रही हैं । जिला मुख्यालय के आसपास ग्राम वन गवा, धनोरा, पेमद, मऊजागीर, मानपुर, परसोरा, खरगावली, चांदना, मुरैल कला, संचेत, दीवानगंज आदि ग्रामीण क्षेत्रों में धान की फसल का जहाज लिया गया जहां पाया गया है कि तेज धूप के कारण खरीफ की धान फसल बुरी तरह से प्रभावित हो रही है ट्यूबवेल का पानी भी फसल में काम नहीं आ पा रहा है खरीफ की धान फसल ऐसी फसल है जो बारिश के पानी से ही आती है मोटर पंपों से कहां तक किसान भाई खेतों में पानी देंगे । वैसे



भी देखा जाए तो इस वर्ष में नौतपा के समय ही लोगों को ज्ञात हो गया था कि क्षेत्र में इस साल कम बारिश होना है और स्थिति भी ठीक वैसे ही निर्मित हो रही है धान की फसल बारिश का पानी मांग रही है परंतु पानी के स्थान पर प्रकृति भी फसल को तेज धूप दे रही है जिससे खेतों में खड़ी धान की फसल कहीं पीली पड़ रही है तो कहीं सूख रही है कहीं खेतों में भीषण गर्मी के कारण खेतों में दरार चलती दिख रही हैं खेत में काम कर रहे किसान रामकृपाल, मोहन सिंह, विजय सिंह विजय सिंह, परम सुख, मेहरबान सिंह, तुलसीराम आदि किसानों ने बताया कि तेज धूप के कारण धान की फसल बर्बाद हो रही है लाखों रुपए खर्च कर हमने धान की फसल लगाई है अगर इसी प्रकार से क्षेत्र में बारिश नहीं हुई तो किसने की हालत और ज्यादा खराब हो जाएगी और अन्नदाता बबार्दी की कगार पर पहुंच जाएंगे। किसानों का कहना है कि अभी पिछली बार की बारिश में हमने धान फसल में महंगी दरों पर यूरिया खाद खरीद कर फसल में छिड़काव किया है जिसमें पानी देना जरूरी है परंतु आसमान में कभी-कभी बदल तो छाते हैं परंतु बारिश नहीं हो रही है बारिश के स्थान पर तेज धूप पड़ रही है जिससे खेतों में खड़ी धान फसल सूखने की कगार पर हो रही है। जिला मुख्यालय रायसेन तहसील सहित गैरतगंज बेगमगंज देवरी उदयपुरा बरेली सिलवानी गवारगंज औबेदुल्लागंज सांची दीवानगंज मंडी दीप गोहरगंज सुल्तानपुर देवनगर आदि क्षेत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार खरीफ की धान फसलों को इस समय भारी नुकसान पहुंच रहा है अगर इस भादो माह में बारिश नहीं होती है तो खरीफ की धान फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी अब है तो प्रकृति के हाथ में है कि आगामी समय मैं बारिश होती है या नहीं हजारों अन्नदाता किसान रायसेन जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की पहले भी मांग कर चुके हैं परंतु अभी तक राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं अब देखना है कि तेज धूप के कारण बर्बाद हो रही फसलों की दिशा में राज्य सरकार अन्नदाता किसानों के हित में क्या कदम उठाती है यह तो समय ही बताएगा।

# दुआएं कमाना ही हमारे जीवन का लक्ष्य हो- ब्रह्माकुमारी

रायसेन। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मुखर्जी नगर द्वारा स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें रेखा दीदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम पढ़ाई करते हैं तो कहीं ना कहीं इस पढ़ाई का लक्ष्य यह लेकर चलते हैं कि हमारे जीवन में सुख, शांति, खुशी हो, दुनिया में कहावत है कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है। लेकिन हम कहते हैं कुछ पाने के लिए बहुत कुछ करना पड़ता है तभी हम अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। साथ-साथ तन, मन की पवित्रता हमारे लिए अति आवश्यक है तन पवित्र रखना है तो हमें भोजन की शुद्धता रखना जरूरी है साथ ही इन आंखों से बुरा ना देखना कानों से बुरा ना सुनना, हम बुरे कर्म करने से बचें पर कभी बुरे रास्ते पर ना चले, मन की पवित्रता जब हम मन की पवित्रता की बात करते हैं तो पहले जानने की आवश्यकता है कि आखिर यह मन क्या है मन हमारी आत्मा की एक संपूर्ण शक्ति है जिसका कार्य है विचार करना विचार का आधार होता हमारी भावनाएं, भावना का आधार हमारी वृद्धि और वृद्धि का आधार स्मृति और स्मृति का आधार हमारी दृष्टि कहां जाता है। हम जिस रंग का चश्मा पहनते हैं वैसा ही दिखता है कहने का भाव मन की पवित्रता का आधार हमारे पवित्र विचार भावनाएं, वृत्ति, स्मृति और दृष्टि हमारा मन सुमन बनता ही तब है जब हम व्यर्थ, नकारात्मक



और अशुभ विचारों से मुक्त हो। ब्रह्माकुमारी अनु दीदी ने कहा कि परचिंतन पतन की जड़ है हमें अपने जीवन में तीन पर काटने हैं परचिंतन, पर-दर्शन, परमत। हमें करना है स्वचिंतन, स्वदर्शन, और ईश्वरीय मत पर चलना चाहिए। जो ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर सिखाया जाता है तो इस आध्यात्मिक ज्ञान को हमें अपने जीवन में लाना चाहिए उसके लिए मेडिटेशन जरूर सीखें। अपने जीवन को तन मन से स्वस्थ बनाए। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि हमें तीन प्रकार की फैक्ट्री खोलनी है जो निशुल्क खोल सकते हैं एक फैक्ट्री आइस फैक्ट्री जो हमें अपने मन में खोलनी है मन को शांत रखना है, शीतल रखना है, ठंडा रखता है दूसरी शुगर फैक्ट्री जो हमें अपने मुख पर खोलनी है, सभी से हमें मीठा बोलना है। तीसरी फैक्ट्री लव फैक्ट्री, हमें अपने दिल में खोलनी है सभी से स्नेह रखना है किसी से वैर भेदभाव नहीं रखना है। हमें वह कर्म करने हैं जिससे हमें दुआएं मिले यही हमारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। हमें अपने लक्ष्य पर ध्यान देना है ना कि यह सोचना है कि लोग क्या कहेंगे, मुझसे नहीं होगा, मेरी किस्मत में नहीं है, मेरे पास टाइम नहीं है, मैं नहीं कर सकता यह शब्द हमारे मन को कमजोर कर देते हैं। विवेकानंद एक थे जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। अब्दुल कलाम गरीब परिवार से थे लेकिन भारत के राष्ट्रपति और वैज्ञानिक बंद करके दिखाएं आप भी अपने आप को यूनिक समझे और अपने जीवन में कुछ विशेष करने का लक्ष्य रखें। अधिक संख्या में बच्चों ने कार्यक्रम का लाभ लिया

# कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष का कुशवाहा समाज ने भव्य स्वागत कर किया सम्मान

## जो समाज का साथ दे आप उसका खुलकर साथ दो,,,, नारायण सिंह कुशवाहा

रायसेन। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में शनिवार को सांची रोड स्थित राम अयोध्या गार्डन में अभी हाल ही में राज्य शासन द्वारा नियुक्त किए गए कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राज मंत्री का दर्जा प्राप्त नारायण सिंह कुशवाहा का रायसेन कुशवाहा समाज द्वारा भव्य स्वागत करते हुए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कुशवाहा समाज के पदाधिकारी सहित समाज के नागरिक कौन है बड़ी संख्या में भाग लिया। कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा का समाज द्वारा शहर में रैली निकालकर भव्य स्वागत किया गया नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर रैली का लोगों ने स्वागत किया। आयोजित किए गए स्वागत सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज के इस आधुनिक दौर में समाज में एकता होना बहुत जरूरी है तभी हम मजबूत समाज दे पाएंगे उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि जो हमारा साथ दे उसका आप खुलकर साथ दो मैं समाज सेवा के क्षेत्र में पिछले सन 1997 से समाज सेवा का काम करता



रहा हूं जितना मुझे वन पड़ता है समाज के लिए ही हमेशा ततपर रहता हूं समाज की उन्नति के लिए मैंने लगातार प्रयास किए हैं । उन्होंने कुश-वाहा समाज के लोगों से कहा कि आप सामाजिक राजनीतिक स्तर से अपनी पहचान बनाएं और युवा पीढ़ी को संस्कार और शिक्षा देकर उनकी तरक्की में भागीदार बने उन्हें समाज सेवा के बारे में बताएं तभी समाज एक सशक्त समाज बन पाएगा उन्होंने जिला मुख्यालय पर स्थापित कुछ मांगलिक भवन के बारे में बताया कि बहुत अच्छी पहल है यहां समाज के लिए भवन है जिसमें समाज के कार्यक्रम आयोजित होंगे मुझे प्रसन्नता है इस बात की कुश-वाहा समाज एकजुट होकर समाज की मजबूती के लिए काम करेगा। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी कुशवाहा समाज के लोगों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी और सम्मान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष मूलचंद कुश-वाहा, समाजसेवी नरेश कुशवाहा, नारायण कुश-वाहा, भैया लाल कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, हरिराम कुशवाहा, युवा समाजसेवी सुरेश कुश-वाहा, गणेश कुशवाहा,वीरेंद्र कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, शहर बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# लंदन से कानपुर आई बेटी ने पिता के खिलाफ दर्ज कराई एफ आई आर, तलाश में जुटी पुलिस

## - पिता पर बीमार मां को मारपीट कर लाखों की नकदी और जेवरात लूटने का आरोप

सुनील बाजपेई कानपुर यहां के नौबस्ता थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां लंदन में पढ़ कर रही बेटी ने कानपुर आने के बाद अपने पिता के खिलाफ गंभीर धारों में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक नशे का आदी और बहुत अय्याश उसका पिता बीमार मां को मारपीट कर लाखों की नकदी और जेवरात लेकर चंपत हो गया है।

इस घटना का संबंध नौबस्ता थाना क्षेत्र की हवाई ब्लॉक किदवई नगर का है ,जहां की रहने वाली सिद्धार्थ थी अवस्थी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह लंदन में रहकर पढ़ कर रही है। सिद्धार्थी के मुताबिक उसका पिता राजेंद्र अवस्थी बहुत अय्याश और नश का भी आदी है। जबकि उसके दो अन्य भाइयों में एक लखनऊ और दूसरा बाहर रहकर ठेकेदारी करता है।

लंदन में पढ़ कर रही सिद्धार्थी ने बताया कि गत दिवस उसके पिता राजेंद्र अवस्थी ने बीमार मां रानी के साथ जमकर मारपीट की और फिर लगभग 20 लख रुपए से ज्यादा के जेवरात और 11 लाख रुपए की नकदी भी लूट कर ले गया। इस दौरान उसने ऑक्सीजन के लिए लगाया गया पाइप भी निकाल कर फेंक दिया ,जिससे उसकी मां की जान जाते बची। घटना संबंधित इलाके में चर्चा का विषय भी बनी हुई है। वहीं पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज करके फरार आरोपी पिता की तलाश की जा रही है।

# केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं विस अध्यक्ष शोक संवेदना व्यक्त करने ग्राम केवट पिपलिया पहुंचे

रायसेन। भारत सरकार में कृषि मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तथा विधानसभा अध्यक्ष शनिवार को उदयपुरा तहसील केवट पिपलिया पहुंचे जहां पर पूर्व मंत्री एवं सिलवानी विधायक रामपाल सिंह के मंझले भाई के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।



भारत सरकार में मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा तथा विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम शनिवार को हेलीकॉप्टर से उदयपुरा पहुंचे। वहां से वाहनों से बाय रोड केवट पिपलिया पहुंचकर पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रामपाल सिंह के मंझले भाई स्व. रुद्र प्रताप सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्ति की।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर, प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने शोकाकुल परिवार विधायक रामपाल सिंह एवं अन्य परिजनों के साथ बातचीत की और इस दुख की घड़ी में ढाढ़स बांधते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, पूर्व विधायक साधना स्थापक, पूर्व मंत्री अजय बिश्नोई, पूर्व विधायक शशि प्रभा राजपूत, पूर्व विधायक रसाल सिंह, मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, दीपक रघुवंशी, कुलदीप बिश्नोई, धर्मेंद्र राजपूत जिला उपाध्यक्ष, राज प्रताप सिंह, डॉ देवेंद्र धाकड़, अमित सिंह बैतूल, राम मनोहर धाकड़, मनोज चौधरी, विष्णु रावत, मुकेश राय, जयदीप पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# सात साल पहले लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते समय चार लोगो की हुई मौत मामले में अचानकपुर निवासी को हुई सजा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।(03 सितम्बर) बिरसा पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम मछुरदा साप्ताहिक बाजार से पिकअप वाहन वापस घर आ रहें दुकानदार व ग्रामीणों से भरी पिकअप पलट गयी थी जिसमे चार लोगो की मौत हो गयी थी और आधा दर्जन के करीब ग्रामीण घायल हुए थे जिसमे लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले चालक व वाहन मालिक आरोपी बिरसा थाना अंतर्गत सालेटेकरी चौकी के अचानकपुर निवासी 36 वर्षीय नन्दू उर्फ नंदलाल कावरे पिता हंसलाल कावरे और 51 वर्षीय इंदलाल कावरे पिता हंसलाल कावरे उम्र 51 वर्ष को कोर्ट ने एक एक साल की सजा सुनाई है।धारा 279,337 (9 शीर्ष), 338 (1 शीर्ष), 304ए भादवि के अपराध में बैहर न्यायालय के माननीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कृष्णकांत बागरे की अदालत ने आरोपी को एक वर्ष के कठोर कारावास और 12 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। मामले में अभियोजन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विमल सिंह ने पैरवी की थी।

**07 साल पहले हुई थी दुर्घटना**

घटनाक्रम के अनुसार 24 दिसंबर 2016 को शाम लगभग 06.30 बजे नंदलाल, पिकअप वाहन क्रमांक सी.जी.07सी.5796 से ग्राम मछुरदा साप्ताहिक बाजार से लोगों को पिकअप के डाले में बैठाकर ला रहा था, इसी दौरान वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया था। जिससे पिकअप वाहन के डाले में बैठे जुमिया बेगम, महलबाई, ईश्वर, जेठिया बाई, फैमिदा बेगम, पारू बेगम, जानियाबाई, कामिनबाई व रामकुंवर, उमेश निषाद को गंभीर चोटें आई थी,जबकि सोनयाबाई, मिलन, गेंदीबाई व लोमस की मौत हो गई थी।

जिसकी रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी चालक नंदलाल को अभिरक्षा में लिया गया व अंवेषण पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जिसमें विचारण के दौरान आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय की ओर से आरोपी को कारावास और अर्थदंड की सजा से दंडित करने फैसला दिया है।

# कोई भी गरीब आवासीय जमीन और मकान के बिना नहीं रहेगा- स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी

## स्वास्थ्य मंत्री ने रायसेन में आवासहीन परिवारों को प्रदान किए आवासीय भूमि पट्टे

रायसेन। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने रायसेन स्थित स्वामी विवेकानन्द शासकीय महाविद्यालय में आयोजित दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण का शुभारंभ और रायसेन नगरीय क्षेत्र में निवासरत आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि पट्टों का वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि पट्टों का वितरण किया जा रहा है। आज का दिन ऐतिहासिक है। वर्षो से वह जिस जमीन पर रह रहे हैं, आज उस जमीन का आवासीय पट्टा मिल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि रायसेन नगर में 200 से अधिक आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि पट्टा वितरण हेतु चिन्हांकित किया गया है, जिनमें से 43 परिवारों को आज आवासीय भूमि पट्टा दिया गया है। इसके अतिरिक्त दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण का भी आज से शुभारंभ हो रहा है। रायसेन नगर में पहले से ही दीनदयाल रसोई संचालित है। तीसरे चरण में मण्डीदीप और बेगमगंज में दीनदयाल रसोई का शुभारंभ किया गया है। अब दीनदयाल रसोई योजना के तहत 10 रूपए के स्थान पर 5 रुपए में थाली उपलब्ध कराई जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि प्रदेश में प्रत्येक परिवार के पास रहने के लिए जमीन होनी चाहिए। इसके लिए मुख्यमंत्री



द्वारा गरीबों को आवासीय भूमि के पट्टे प्रदान किए जा रहे हैं। आगे पक्के मकान भी बनवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण और विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार लगातार काम कर रही है। राशन, आवास के लिए जमीन व मकान, भोजन के लिए दीनदयाल रसोई, इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, वरिष्ठ जन के लिए तीर्थ दर्शन योजना, पढ़ाई के लिए विभिन्न प्रोत्साहन, शहरों में रैन बसेरे की व्यवस्था और गरीबों के मेधावी बच्चों के लिए मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना चलाई जा रही है। प्रदेश में किसी गरीब का कोई बेटा-बेटी धन के अभाव में पढ़ाई से वंचित नहीं रहेगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने रायसेन नगर में किए जा रहे विभिन्न विकास और निर्माण कार्यो का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा रायसेन नगर के विभिन्न वार्डो के आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टे वितरित किए। उन्होंने कैलाश चिढ़ार, वीरेन्द्र पोर्ते, दीपक जोशी, राजा खान, दौलत सिंह, छतर सिंह, श्रीमती सुषमा बाई, अकीला बी, असीना बी, गोपाल सिंह सहित 43 हितग्राहियों को आवासीय भूमि पट्टे प्रदान किए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा हितग्राहियों द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर नगर पालिका नगर परिषद कल्याण महासंघ के पदाधिकारीयो ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरी कल्याण मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया।

रायसेन। प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित हुई मध्य प्रदेश नगर पालिका, नगर परिषद कल्याण महासंघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष जमुना सेन की मौजूदगी में आयोजित की गई, जिसमें 8 सूत्री मांगों को अति शीघ्र पूरा करने के लिए रणनीति बनाई गई इसके पश्चात सभी मांगों से मध्य प्रदेश के नगरीय कल्याण मंत्री भूपेन्द्र सिंह एवं मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर पालिका, नगर परिषद कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जमना सेन ने बताया कि पूरे प्रदेश में नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर परिषद अध्यक्षों के हित में हमने 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रदेश के नगरी कल्याण मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के लिए सोपा है, जिसमें हमारी प्रमुख रूप से जो मांगे हैं उनमें निकाय अध्यक्ष उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव दो तिहाई से बढ़कर तीन चौथाई किया जाए साथ ही अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए 3 वर्ष की समय सीमा तय की जाए, चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि बढ़ाई जाए, नगर परिषद अध्यक्षों के लिए अनुदान राशि दी जाए ताकि वह आम जानकी समय-समय पर सहायता कर सकें , इसके अलावा अध्यक्षों की स्वीकृति के बाद कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाए, स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर झंडा फहराने का अधिकार नगर पालिका अध्यक्षों को दिए जाएं क्योंकि नगर पालिका अध्यक्ष शहर का प्रथम नागरिक होता है, इसके साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के सभी अधिकार अध्यक्षों के अधीन किए जाएं। इस प्रकार से मांगे महासंघ द्वारा रखी गई है जिन्हें अति शीघ्र पूरा करने के लिए आग्रह किया गया है, इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगरपाल का नगर परिषद कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जमना सेन सहित अन्य पदाधिकारी में रविंद्र शिवहरे, बलदेव अग्रवाल, रविंद्र रघुवंशी, श्रीमती ज्योति बाला राठौर, अशोक श्रीवास्तव, संदीप लोधी, अनूप तिवारी, सुंदर विश्वकर्मा सहित महासंघ के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव को देखते हुए आदतन अपराधियों को कलेक्टर द्वारा किया जा रहा जिला बदर

रायसेन। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी कैलाश मांझी पिता रेवाराम मांझी निवासी ग्राम टिकोदा थाना देवनगर जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2012 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 20 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी कैलाश मांझी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 06 माह के लिए निष्कासित किया गया है। इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी दीपक यादव पिता कृष्णमुरारी यादव निवासी चुरक्का मोहल्ला बेगमगंज थाना बेगमगंज जिला रायसेन को तीन माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2009 से लगातार अपराध घटित करता चला आ रहा है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 11 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी दीपक यादव को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से तीन माह के लिए निष्कासित किया गया है। विभिन्न अपराधों में आरोपी उमेश पिता हरप्रसाद निवासी ग्राम माला थाना बेगमगंज जिला रायसेन को भी तीन माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2017 से लगातार अपराध घटित करता चला आ रहा है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 16 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी उमेश को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से तीन माह के लिए निष्कासित किया गया है।

# चित्रकूट से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ

**संभागीय समाज जागरण ब्यूरो**

भोपाल। प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार का भाजपा ने शंखनाद कर दिया है, इसी कड़ी में भाजपा पांच जन आशीर्वाद यात्रा अलग-अलग क्षेत्र से शुरू करने जा रही है। इसकी शुरूआत तीन सितंबर को चित्रकूट से जेपी नड्डा करेंगे। पांचों रथ तैयार हो गए हैं। शनिवार को इन रथों को भोपाल स्थित पार्टी मुख्यालय से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने रवाना कर दिया है। इन रथ से पार्टी के नेता 210 विधासभा की करीब 10 हजार किमी की यात्रा करेंगे। इतनी लंबी दूरी को देखते हुए रथ को सभी सुविधाओं से सुसज्जित कर तैयार किया गया है। रथ के पीछे ऊपर कमल चिन्ह के साथ फिर इस बार भाजपा सरकार का स्लोगन लिखा है। साथ ही नीचे गरीब कल्याण महाअभियान का लोगो बना है। इसके नीचे जन आशीर्वाद यात्रा लिखा हुआ है।



वहीं, बगल में इन्हीं स्लोगन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोनों तरफ प्रदेश के नेताओं के फोटो लगे है। इसमें एक तरफ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, प्रदेश गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार और दूसरी तरफ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के फोटो लगे हैं।

# आज से बालाघाट रूट से चलने वाली कई ट्रेन 13 सितम्बर तक होंगी रद्द

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(03 सितम्बर )विभिन्न रूटों में ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने, समय की पाबंदी, सुरक्षा संबंधी कार्य, रखरखाव में सुधार, ट्रेन के रखरखाव संबंधी अन्य कार्य, ऑटोमेटिक सिग्नल, लॉकिंग, नॉन इंटरलॉकिंग, सहित अन्य सुरक्षा संबंधी कार्य के चलते 3 से 13 सितंबर तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 10 दिनों के लिए कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है। जिसमें बालाघाट से होकर गुजरने वाली यात्री ट्रेनें इतवारी व बालाघाट से चलने वाली 08714/08715 इतवारी-बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन, गोंदिया व कटंगी से चलने वाली 07805/07806 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया मेमु पैसेंजर स्पेशल ट्रेन, गोंदिया से चलने वाली 07809 गोंदिया-कटंगी मेमु पैसेंजर




स्पेशल ट्रेन के अलावा 4 सितम्बर से 13 सितम्बर तक कटंगी से चलने वाली 07810 कटंगी-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल ट्रेन को रद्द किया है। हालांकि इस मामले में बालाघाट रेलवे स्टेशन विभाग का कहना है कि विभिन्न रूटों की कुछ ट्रेनों को रद्द किए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन इसके लिखित में हमारे पास आदेश अभी तक नहीं आए हैं। लिखित में आदेश आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# तेजी से हो संपूर्ण समाधान दिवस पर आयी शिकायतों का निस्तारण : जिलाधिकारी

### -रसड़ा तहसील के सभागार में हुआ जिले का मुख्य आयोजन

### -प्रस्तुत हुए कुल 118 मामले मौके पर 11 का हुआ निस्तारण

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जनपद की सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों के लेकर अपनी-अपनी तहसीलों में पहुंचे, जहां अधिकारियों ने उनका निस्तारण किया। जिलाधिकारी ररविंद्र कुमार शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील रसड़ा में शिकायतकताओं की फरियाद सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

कुछ मामलों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। इस मौके पर राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, खाद्य एवं रसद, पीडब्ल्यूडी, विद्युत एवं सिंचाई विभाग सहित कुल 118 मामले संज्ञान में आए, जिनमें से 11 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इन निस्तारित मामलों में एक चिकित्सा विभाग और 10 खाद्य एवं रसद विभाग से संबंधित थे। बाकी विभागों के शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत पत्र हस्तांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। कहा



कि शिकायत पत्र का निस्तारण करने में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**लेखपाल को लगाई फटकार**

जिलाधिकारी ने चकबंदी लेखपाल अशोक यादव को लोगों के फर्जी दस्तक करवा कर शिकायत पत्र के निस्तारण करने पर चकबंदी अधिकारी को अधिशासी चकबंदी अधिकारी के माध्यम से कड़ी कार्रवाई करने और पांच दिनों के अंदर शिकायत पत्र के निस्तारण के निर्देश दिए।

**दिव्यांगजन के मामले का मौके पर निस्तारण**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार सभागार में प्रवेश के समय गेट के पास खड़े दिव्यांगजन राकेश कुमार के राशन कार्ड संबंधित समस्या का समाधान जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित कर मौके पर कराया। र-किेश कुमार के पुत्र राजकुमार का नाम ऑनलाइन पंजीकरण में शो कर रहा था लेकिन राशन कार्ड में नाम अंकित नहीं था।

**अधिवक्ता संघ ने दिया ज्ञापन**

तहसील रसड़ा के तहसील बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को ज्ञापन ज्ञापित किया और बताया कि तहसील में शौचालय की स्थिति सही नहीं है और तहसील की चहारदीवारी भी बदतर स्थिति में है। बताया कि तहसील का रजिस्ट्री ऑफिस जर्जर स्थिति में है। आप तत्काल इस मामले का संज्ञान लें। इस पर जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को संबंधित मामलों की रिपोर्ट पांच दिन के भीतर देने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर एसपी एस आनंद, डीएफओ वीके आनंद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जयंत कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव, उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में एक सितम्बर से छह सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन होगा। कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन व निर्देशानुसार गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में 'हेल्दी डायट गिविंग अफोर्डेबल फॉर आल' विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. नंदिता पाठक, निदेशक एवं संस्थापक, उद्यमिता विद्यापीठ, चित्रकूट, मध्य प्रदेश ने अपने व्यक्तव्य द्वारा विद्यार्थियों को सरल, उचित एवं संतुलित पोषण के प्रति जागरूक किया और प्लास्टिक की वस्तुओं का प्रयोग कम करने का संकल्प दिलाया। आपने मोटे अनाजों के महत्त्व और उपयोगिता को विस्तार से बताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय पोषण सप्ताह में आज के परिवेश में किफायती पोषण के महत्त्व को जन-मन तक पहुंचाने पर बल दिया। कार्यक्रम की संयोजिका गृहविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य




डॉ.रंजना मल्ल द्वारा बीज व्यक्तव्य में हमारे शरीर के लिए आवश्यक विभिन्न पोषक तत्त्वों के महत्त्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति तिवारी, स्वागत उद्बोधन सुश्री सौम्या तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संध्या द्वारा किया गया।

**दूसरे दिन निकली जागरूकता रैली**

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को पोषण के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के लिए विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग ने जागरूकता रैली निकाली। विभाग की छात्राओं ने रैली में विभिन्न नारों की तख्तियों से पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। रैली को कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता जी ने झंडा दिखाकर बसंतपुर ग्राम के लिए रवाना किया। इस अवसर पर निदेशक शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा, विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. अजय चौबे, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. प्रमोद शंकर पाण्डेय आदि विश्वविद्यालय परिसर प्राध्यापक गण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। एक सप्ताह तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पोस्टर, रंगोली, क्विज आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ जन जागरूकता के लिए प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

# बाल वैज्ञानिकों से सजा सनबीम स्कूल अगरसंडा का प्रांगण

### -टाउन पालिटेक्निक के प्रधानाचार्य इ. दिग्विजय नारायण सिंह रहे मुख्य अतिथि

### -प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों की दिखी प्रतिभा, सभी ने पूरे मनोयोग से सराहा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाछ जागरण**

बलिया : आज के वैज्ञानिक युग में पुस्तकीय ज्ञान को प्रायोगिक स्तर पर सीखने के लिए बलिया के अगरसंडा ग्राम स्थित सनबीम स्कूल अपने विद्यार्थियों को सदैव प्रेरित करता है। इसके लिए वह विभिन्न नवीन आयामों से ज्ञान प्रदान करने हेतु प्रयासरत रहता है तथा शिक्षा क्षेत्र में नवाचार को स्वीकार करता है। क्रियात्मक शिक्षा के इसी क्रम में शनिवार को विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित मॉडलो की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमे कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी सूझ बूझ का परिचय दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन इं. दिग्विजय नारायण सिंह (प्रधानाचार्य टाउन पॉलीटेक्निक कॉलेज) द्वारा किया गया, तथा प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रारूपों का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर प्रांगण में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं अतः शिक्षा के



क्षेत्र में उनका सजग और क्रियाशील रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी बाल वैज्ञानिकों से उनके मॉडल के संदर्भ में अनेकों प्रश्न भी पूछे जिसका विद्यार्थियों ने पूरी उत्सुकता एवम जोश के साथ जवाब दिया। बच्चों के माडल का सभी ने पूरे मनोइ्ग से सराहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अरूण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना की तथा उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि सच्ची लगन और अथक परिश्रम ही सफलता ही कुंजी है, अतः विद्यार्थियों को सदैव लगन के साथ प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि एक विद्यार्थी में कौवे की जैसी चेष्टा, कुत्ते की तरह नींद होनी चाहिए और बगुले की तरह उसका ध्यान केवल लक्ष्य पर होना चाहिए तभी वह अपने जीवन के हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह गामा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ही विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालने का कार्य करते हैं तथा विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचने में सहायता करते हैं। विद्यालय सदैव ही विद्यार्थियों के हुनर को तराशने का प्रयास करता है। इसीलिए विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम को सदैव बढ़ावा दिया जाता है। प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने सभी प्रारूपों की प्रसंशा की तथा विद्यार्थियों को उनके उत्तम प्रयास हेतु बधाई भी ज्ञापित की। डॉ सिंह ने इस प्रदर्शनी हेतु विद्यार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन करने हेतु विद्यालय के विज्ञान विषय के सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# रविदास मंदिर परिसर में रोजगार मेले का आयोजन 04 सितम्बर को

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिला सेवायोजन कार्यालय (स्थित तारा निवास गली रविदास मंदिर भृगु आश्रम) में एक रोजगार मेला का आयोजन 04 सितंबर को किया गया है। जिला सेवायोजन अधिकारी जयप्रकाश पासवान ने उक्त आशय की जानकारी दी।

रोजगार मेले में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा डेंगू मच्छर सोर्स रिडक्शन प्रचार प्रसार कार्य हेतु नगर पालिका क्षेत्र बलिया में डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर पद पर नियुक्त की जाएगी। इसके लिए योग्यता हाईस्कूल साइंस, इंटरमीडिएट जीव विज्ञान वर्ग को वरीयता दी जाएगी, साथ ही नगर पालिका क्षेत्र बलिया के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। साथ ही डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर के 11 पद पर नियुक्त की जाएगी। जिसके लिए उम्र 18 से 40 वर्ष और




मानदेय 427 रुपया प्रतिदिन तथा महीने में 20 दिन ही कार्य होगा, 05 महीने के लिए इसके अलावा अन्य कोई भत्ता देय नहीं होंगे। इच्छुक अभ्यार्थी हाईस्कूल विज्ञान वर्ग से पास है एवं इंटरमीडिएट में जीव विज्ञान वर्ग से पास है तथा सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत हैं वे अपने समस्त प्रमाण पत्र तथा सेवायोजन कार्यालय की पंजीकरण संख्या के साथ कार्यालय में आकर प्रतिभाग कर सकते हैं और साक्षात्कार 04 सितंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक ही होगा।

# महिला शिक्षक को पतिशोक, ब्रेन हैमरेज से शिक्षक हरिद्वार मिश्र की मौत

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के कंपोजिट विद्यालय वैना की अध्यापिका ममता मिश्रा के शिक्षक पति हरिद्वार मिश्रा की ब्रेन हैमरेज के कारण निधन हो गया। निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी।



शनिवार को कंपोजिट विद्यालय वैना पर बच्चों व अध्यापकों द्वारा शोकसभा कर उनके पैतृक आवास ग्राम बहुआरा शिक्षा क्षेत्र मुरली छपरा बलिया पर अंजना श्रीवास्तव, संध्या सिंह, ममता सिन्हा, सरवत अफरोज धीरेन्द्र राय, अरमान अली, कुमार प्रशांत, प्रीतम गुप्ता, सुर्यकांत पांडेय, शोभा सिंह व समस्त रसोइया व आंगनबाड़ी पहुंचकर दुःखी परिवार को संबल प्रदान करने हेतु उपस्थित हुए। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना किया कि शोक संतृप्त परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों संग झाडू फावडा उठा दिया संदेश

### -प्राथमिक विद्यालय अमृतपाली की हुई विधिवत साफ-सफाई

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

सलिया : परिषदीय विद्यालयों में इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा



है। शिक्षक और बच्चे स्वच्छता पर विविध आयाम प्रस्तुत कर समाज को स्वछता का संदेश दे रहे हैं।

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के क्रम में शनिवार को शिक्षा क्षेत्र दुबहड के बच्चों और झाड़ू और फावड़ा लेकर कर विधिवत साफ सफाई की गई। बच्चों को संग ले विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रतिमा उपाध्याय पीहू ने झाड़ू लगाकर समाज और बच्चों में स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधानाध्यापिका ने फावड़ा से घास भी साफ किया।

# हरिनाम सकीर्तन की पूणार्हुति

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के घोसवती गांव के शिव मंदिर पर स्वामी हरिहरानंद जी महाराज के निर्देशन में दो महीने से अनवरत चल रहे हरिनाम संकीर्तन की पूणार्हुति शुक्रवार की शाम को हुई।

इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। सैकडों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आचार्य राममूर्ति पांडेय, पं.घनश्याम मिश्रा, अजय तिवारी, चंदन तिवारी, सुरेश प्रसाद, हरेराम दुबे, रविशंकर दुबे आदि उपस्थित रहे।

# शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूबे छपरा, बलिया में शोक सभा का आयोजन किया गया।

शोक सभा में पूणानंद इंटर कॉलेज दूबे छपरा के प्रधानाचार्य श्री श्रीप्रकाश मिश्र के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर हुतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

# संदिग्ध परिस्थितिय में महिला को लगी गोली, घायल

**शकील खान, समाज जागरण**

सुरेमनपुर (बलिया) : क्षेत्र के करमानपुर स्थित एक खेत मे शनिवार को दिन में 70 वर्षीय महिला को घास काटते समय संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गयी।

घायल महिला को खेतों में काम कर रहे लोगों ने इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले गये। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घटना की जानकारी पुलिस को देने के साथ ही महिला को गंभीर स्थिति में जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार हेवन्तपुर निवासिनी फुलझरिया देवी 70 वर्ष पत्नी शीतल यादव बगल के गांव स्थित करमानपुर में खेत मे घास काट रही थी इसी बीच अचानक गोली वृद्धा के बांह को बेधती हुई जंघे में जा लगी। गोली लगते ही वृद्धा महिला गिरकर बेहोश हो गयी। साथ मे काम रहे लोगो ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। इस संबंध मे कोई तहरीर नही मिली है। घायल महिला के बयान के आधार पर आगे की कारवाई की जायेगी। समाचार भेजे जाने तक जिला हॉस्पिटल में महिला का इलाज जारी है जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलगाय का शिकार करने आए लोगो की गोली लगने से ही महिला घायल हुई है ।

# कल्याणी में ग्रामीणों ने आयोजित किया सम्मान समारोह

**दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज,रोहतास**

प्रखंड अंतर्गत शिवोबहार पंचायत के कल्याणी गांव में शुक्रवार को स्वागतत सह सम्मान समारोह का आयोजन कर जदयू के जिला महासचिव विद्यानंद पांडेय के द्वारा दिनारा विधानसभा के विधायक विजय कुमार मंडल, एमएलसी अशोक कुमार पांडेय एवं राजद अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मो काबुल खान का अंग -वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम का संचालन पैक्स अध्यक्ष सह कांग्रेसी नेता अमरेंद्र कुमार पांडे ने किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र पांडेय ने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है कि हम सबों के बीच के युवा एवं कर्मठ पार्टी के कार्यकर्ता काबुल खान को अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाया गया है, दिनारा क्षेत्र का विकास अब बहुत ही तेजी से होगा, क्योंकि यहाँ के तीन-तीन लोग प्रदेश में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो बहुत ही गौरव की बात है। विधायक मंडल ने कहा कि दिनारा विधानसभा में विकास की बयार बह रही है,यह आप सभी के लिए गर्व की बात है कि एमएलसी का पद अशोक पांडेय को बनाने के बाद अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मो काबुल खान को बना



कर हम सभी लोंगो की सम्मान की बात है. मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष दिनाराएवं सूर्यपुरा के रमेश कुमार टोटो ,मुखिया भागीरथी सिंह, पूर्व मुखिया चंद्रमा सिंह, बीडीसी शेखर सिंह, गुपुत पांडेय,अमित पांडेय के साथ ही ग्रामीण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# योजना को लोकप्रिय बनान के लिए ग्राहकों के लिए पुरस्कारों की एक प्रणाली शुरू की गई

भुगतान पर जीएसटी चालान/बिल बनाने की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए, हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला ने आज गुरुग्राम में श्री संजय मल्होत्रा, सचिव, राजस्व विभाग (ड-ीओआर), भारत सरकार, और श्री संजय अग्रवाल, अध्यक्ष, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की उपस्थिति में मेरा बिल मेरा अधिकार अभियान में भाग लिया।

श्री चौटाला ने राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपभोक्त-ाओं को उनकी खरीद पर जीएसटी चालान की मांग करने को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुग्राम में एक बाजार का दौरा किया।

मेरा बिल मेरा अधिकार योजना 1 सितंबर 2023 को 12.00 बजे से सक्रिय हो गई और पहले ही इस ऐप को 1.51 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है, जिसमें उपभोक्ता इस पायलट योजना में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर श्री चौटाला ने कहा, ह्लकरदाताओं के लिए कराधान को और अधिक फायदेमंद बनाने की दिशा में प्रयास के तहत गुरुग्राम से इस नई पहल की शुरूआत करने के लिए मैं जीएसटीएन की सराहना करता हूं। यह योजना नागरिकों को भुगतान के बाद चालान/बिल मांगने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि करदाताओं का पैसा सरकार में अपने इच्छित गंतव्य तक पहुंचे।"

योजना के विवरण के बारे में जानकारी देते हुए श्री चौटाला ने कहा, ह्लइस पहल के तहत वार्षिक आधार पर फंड के लिए 30 करोड़ रुपये का कोष उपलब्ध कराया गया है। वर्ष की प्रत्येक तिमाही में 1 करोड़ प्रत्येक के 2 पुरस्कार दिए जाएंगे। यानी ड्रॉ के माध्यम से विजेताओं को एक साल में 1 करोड़ रुपये के 8 पुरस्कार दिए जाएंगे। हर महीने 1 लाख प्रत्येक के 10 और 10,000 प्रत्येक के 800 पुरस्कार दिए जाएंगे।"

अपने संबोधन को समाप्त करते हुए, श्री चौटाला ने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे ग्राहकों को खरी-दारी के समय अपना चालान/बिल लेने के लिए प्रोत्साहित करें और मेरा बिल मेरा अधिकार योजना में भाग लें और इसे हरियाणा में एक बड़ी सफलता बनाएं।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राजस्व विभाग के सचिव श्री संजय मल्होत्रा ने कहा, ह्लइस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को चालान/बिल मांगने के अपने अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि वे मेरा बिल मेरा अधिकार योजना में भाग लें और उन्हें उत्पाद से संबंधित अन्य उद्देश्यों के लिए बिल का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।"

श्री मल्होत्रा ने कहा, "हमने इस योजना को पायलट आधार पर 3 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू किया है और आगे चलकर हम इस पायलट योजना के परिणामों और सीख के आधार पर इस योजना को पूरे भारत में लागू करेंगे।"

श्री संजय अग्रवाल, अध्यक्ष, सीबीआईसी, और श्री शशांक प्रिया, सदस्य, सीबीआईसी ने भी बाजार में खरीदारी की और मेरा बिल मेरा अधिकार योजना में भाग लेते हुए अपने जीएसटी बिल प्राप्त किए।

मेरा बिल मेरा अधिकार योजना उपभोक्ता को सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है क्योंकि इसे उपभोक्ताओं को विक्रेताओं से अपनी खरीद के लिए बिल मांगने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे उनके अधिकारों की रक्षा होती है और वाणिज्यिक लेनदेन में पारदर्शिता को बढ़ावा मिलता है।

# फ्री मेडिकल कैंप और प दवा वितरण

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : राजेश सिंह दयाल फाउंडेशन के चेयरमैन राजेश सिंह दयाल द्वारा बलिया जिले के सिकंदरपुर छेत्र में दो दिवसीय मुफ्त मेडिकल कैंप लगवाया गया है। जहां लखनऊ के चंदन हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा यहां पर मरीजों का मुफ्त में इलाज किया जा रहा है। इस कैंप में हर तरह की मुफ्त जांचे भी की जा रही हैं और जाँच के आधार पे मुफ़्त दवाएं भी दी जा रही हैं, आपको बता दें कि इस मेडिकल कैंप में हजारों की संख्या में मरीज उमड़े हैं और उनकी दवा इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा फ्री में किया जा रहा है मरीज काफी खुश नजर आ रहे हैं वही मरीजों का कहना है कि इस तरह का बड़ा कैंप कभी नहीं देखा है यह हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि हमारे इस दूर दराज गांव में राजेश सिंह दयाल फाउंडेशन के चेयरमैन राजेश सिंह जी द्वारा इतना बड़ा मेडिकल कैंप लगाया गया है उन्होंने हमारे स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखा है यहां अच्छी दवाई अच्छा इलाज मिल रहा है । क्षेत्र वासियों ने राजेश सिंह दयाल को धन्यवाद एवं आशिर्वाद दिया वही राजेश सिंह ने बेबाक तरीके से मीडिया बन्धुओं से वार्ता में बताया




की राजनीति समाज सेवा का सबसे बड़ा मंच है और अगर मौका मिला तो वो छेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के छेत्र में बड़ा बदलाव लाना चाहेंगे । साथ ही राजेश सिंह दयाल द्वारा बताया गया कि मेडिकल कैंप क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर लगातार चलता रहेगा और मुफ्त में लोगों को जांच इलाज और एंबुलेंस की सेवा मिलती रहेगी जिससे जनता को विशेष लाभ मिल सके इस सराहनीय पहल से क्षेत्र की जनता राजेश सिंह दयाल को बहुत-बहुत धन्यवाद दे रही है।

चंदन हॉस्पिटल से आए चिकित्सकों में डॉ.रजत कुमार मिश्र-श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. भौम चंद्र मणि - शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.साक्षी पांडे - प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. देवब्रत मिश्रा - जनरल मेडिसिन डॉ. प्रत्यूष निखार - जनरल मेडिसिन प्रमुख थे। साथ ही छेत्र के कई सम्मानित व्यक्तियों द्वारा भी इस पहल में योगदान दिया हुआ जिसमें बी ओ रमेश श्रीवास्तव, प्रिंसिपल श्री अविनाश मिश्रा,राहुल राय, राकेश राय, राजन सिंह, शनि सिंह आदि प्रमुख थे ।

# अब रेल कारखाना शुरू करने के लिए संघर्ष होगा शुरूः- पप्पू यादव

**दैनिक समाज जागरण डेहरी,रोहतास**

बीते दिनों पटना उच्च न्यायालय द्वारा डालमियानगर स्थित क्वाटरों को खाली करने के आदेश के विरुद्ध जन अधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव समीर कुमार के द्वारा शुरू किए गए डालमियानगर क्वार्टर बचाओ आंदोलन को जाप सुप्रीमो सह पूर्व सांसद पप्पू यादव का मजबूती से साथ मिला।आज उसी कड़ी में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा क्वाटरों को खाली होने से रोकने के आदेश के उपरांत विशाल जनसमूह को धन्यवाद सभा के माध्यम से पप्पू यादव ने संबोधित किया। पप्पू यादव ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जारी क्वाटरों के खाली होने पर रोक को जनहित में इस फैसले का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया तत्पश्चात स्थानीय लोगों को यह वचन दिया कि उनके आशियाने को वे कभी उजड़ने नही देंगें साथ ही अगली लड़ाई अब वे डालमियानगर रेल कारखाने को शुरू करने के लिए करेंगे ताकि अब आवास के बाद लोगो को रोटी और कपड़ा के लिए कही अन्य प्रदेश में अपना परिवार छोड़कर न जाना पड़े। पप्पू यादव ने कहा कि जब उन्हें डालमियानगर क्वाटरों को खाली करने के आदेश की जानकारी उनकी पार्टी के नेता सह डेहरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी समीर कुमार के द्वारा मिली तो उन्होंने बिना किसी देरी के इस आदेश को कानूनी रूप से लड़ने के लिए पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता को डेहरी भेज वस्तुस्थिति की जानकारी ली और लोगो के आशियाने को उजड़ने से बचाने के लिए गोली खाने का भी वादा किया। ज्ञात हो कि डालमियानगर क्वार्टरों को खाली होने से बचाने के लिए पप्पू यादव के नेतृत्व में बीते दिनों हजारों की संख्या में लोगो ने पदयात्रा की थी जिसमे चिलचिलाती गर्मी में भी लोग लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय किए। पप्पू यादव ने सर्वोच्च न्यायालय के प्रति भरोसा जताते हुए कहा कि लोगो के आशियाने को उजड़ने से बिल्कुल न्यायालय आगे भी रोक लगाएगा और अगर ऐसा नही होता है तो वे किसान आंदोलन से भी बड़ा जनाक्रोश आंदोलन कर लोगो के आशियाने को बचाएंगे। पप्पू यादव ने अपनी ओर से दल के तमाम नेताओं, समर्पित कार्यकताओं, युवा साथियों और प्रदेश की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि जन अधिकार पार्टी मानवतावादी विचारों और सेवा धर्म के साथ मानव उत्थान




की राजनीति करने वाली पार्टी है और पार्टी की लालसा सत्ता से ज्यादा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने की रही है। जनता की हर मुसीबत में हम लोग उनके काम आएं, सदैव यही कोशिश रहती है। और हमें ये प्रेरणा जनता के द्वारा दी गई विश्वास से मिलती है, पप्पू यादव ने कहा कि हमारी पार्टी अपने नाम के हिसाब से जनता की अधिकार की न सिर्फ बात करती है, उसके लिए लगातार प्रयासरत भी है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सह राष्ट्रीय महासचिव रामचंद्र यादव, जाप प्रदेश महासचिव आलोक सिंघानिया, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित सिन्हा, युवा परिषद के प्रदेश सचिव धनु श्रीवास्तव, सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# भारत सरकार की टैक्स अदायगी के प्रोत्साहन के लिए ' मेरा बिल मेरा अधिकार' योजना

## टैक्स अदायगी करने वाले को सरकार भी देगी प्रोत्साहन के रूप में इनाम

### हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने गुरुग्राम में आयोजित समारोह में किया शुभारम्भ




चण्डीगढ़, 2 सितम्बरः( विनोद कश्यप) । भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राज्य सरकारों के सहयोग से हरियाणा सहित देश के तीन राज्यों नामतः असम व गुजरात तथा तीन केंद्र शासित प्रदेशों ( पुड्डुचेरी, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन व दीव ) में ह्यमेरा बिल मेरा अधिकारह्न योजना शुभारम्भ हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने गुरुग्राम के सेक्टर 15 पार्ट-टू की मार्केट से किया है।

भारत सरकार में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा, आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा (स्टेट जीएसटी) के प्रधान सचिव देवेंद्र कल्याण, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल तथा जीएसटी बोर्ड के सदस्य शशांक प्रिय भी इस आयोजन अवसर पर उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि टैक्स` अदायगी को प्रोत्साहन के लिए यह योजना चलाई गई है। इस योजना का हिस्सा बन कर आप सरकार को टैक्स की अदायगी करेंगे तो सरकार भी आपको प्रोत्साहन के रूप में इनाम देगी। इस योजना के लिए 30 करोड़ रुपए का वार्षिक कॉपर्स फंड निर्धारित किया गया है।

देश के विकास में टैक्स पेयर का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने मार्केट एसोसिएशन से सदस्यों से भी अपील करते हुए कहा कि आप भी उपभोक्ताओं को बिल दीजिए और इस योजना के बारे में उन्हें प्रोत्साहित भी करें।

उन्होंने मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना के शुभारंभ अवसर को एक बड़ा दिन बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत मोबाइल एप या पोर्टल पर बिल अपलोड करने वाले उपभोक्ताओं का लक्की ड्रा निकाला जाएगा, जिसके तहत मासिक ड्रा में 10-10 हजार रुपए के 800 तथा 10-10 लाख रुपए के दो पुरस्कार दिए जाएंगे।

वहीं तिमाही आधार पर निकाले जाने वाले ड्रा के दो विजेताओं को एक-एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी। इससे पहले उन्होंने स्वयं भी केंद्रीय राजस्व सचिव व अन्य अधिकारियों के साथ सेक्टर 15 पार्ट टू मार्केट में ग्रॉसरी स्टोर से सामान की खरीदारी की और योजना से जुड़े एप पर बिल अपलोड भी किया।

केंद्रीय राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों द्वारा अपनी समस्त खरीद का इनवॉइस/बिल मांगने के चलन को बढ़ावा देना है। ह्यइनवॉयस प्रोत्साहन योजनाह्न के तहत इस योजना का उद्देश्य आम जनता के व्यवहार में आमूलचूल बदलाव लाना है, ताकि वे समस्त विक्रेताओं से ह्यबिल मांगनेह्न को अपना अधिकार और हक मानना शुरू कर दें।
उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत संबंधित राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में उपभोक्ताओं को जारी किए गए सभी बिल (बी2सी इनवॉयस) उपयुक्त पात्र होंगे। लकी ड्रॉ के लिए विचार किए जाने वाले इनवॉइस का न्यूनतम मूल्य 200 रुपये रखा गया है।

इनवॉइस आईओएस और एंड्रॉयड पर उपलब्ध मोबाइल एप्लिकेशन ह्यमेरा बिल मेरा अधिकारह्न के साथ-साथ वेब पोर्टल पर भी अपलोड किए जा सकते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह तक देश में 50 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने मोबाइल पर यह एप्लीकेशन डाउनलोड की है।

इस अवसर पर आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा के कमिश्नर अशोक कुमार मीणा, डीसी निशांत कुमार यादव, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के चीफ कमिश्नर` उपेंद्र गुप्ता, सीजीएसटी गुरुग्राम के कमिश्नर पॉल राजेंद्र लाकड़ा, एडिशनल कमिश्नर तुलेश्वर प्रसाद, आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा के एडिशनल ईटीसी सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के बयान पर हुआ अमल तो हरियाणा और पंजाब के लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

### हटेंगे दर्जनों टोल प्लाजा

**समाज जागरण**

चण्डीगढ़, 2 सितम्बरः( विनोद कश्यप) । केंद्रीय सरकार अब हाईवे पर वाहनों के लिए टोल प्लाजा की नीति में बदलाव करने जा रही है। इस बदलाव के अमलीकरण पर इन मार्गों पर से गुजरने वाले वाहन चालक को बड़ी राहत मिलने की संभावना बन सकती है।
वर्तमान में हरियाणा और पंजाब में कुल 63 टोल प्लाजा हैं, जिनमें से 41 टोल 60 किमी के दायरे में आते हैं। हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में 60 किमी के दायरे में केवल एक टोल प्लाजा होने के नियम को स्वीकार किया था और कहा था कि ऐसे टोल प्लाजा तीन महीने के भीतर हटा दिए जाएंगे।
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देशभर से रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद जब नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने रिकॉर्ड की जांच की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। अंबाला-दिल्ली नेशनल हाईवे की बात करें तो मुरथल से लेकर पानीपत और करनाल तक तीन टोल प्लाजा हैं, जिनमें से एक को हटाने, मर्ज करने या शिफ्ट करने का संकेत मिल रहा है।
दूसरा, यदि एक ही राजमार्ग पर 60 किमी के भीतर दो टोल हैं, तो उन्हें विलय किया जा सकता है या कुछ दूरी पर स्थानांतरित किया जा सकता है।

#### 60 किमी के दायरे में 20 टोल हैं प्लाजा

अम्बाला, पानीपत, घरौंदा, सैनी माजरा, यमुनानगर, भिवानी-मोरवाला, हिसार-नरवाना, बाडोपट्टी, चौधरीवास, मदीना, रामायण, लांधड़ी, भावदीन, खटकड़, सोनीपत-रोहद, मकरौली, डाहर, भागान, छारा, झरोठी।
हरियाणा-पंजाब में 60 किलोमीटर के दायरे में 41 टोल प्लाजा हैं. जहां तक एक टोल की शिफ्टिंग की बात है तो इस पर 12 करोड़ रुपये का खर्च आता है।
अगर 60 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 41 टोलों को एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए तो लागत करीब 4.92 अरब रुपये आएगी। अब सबकी निगाहें नई नीति पर हैं जिसमें कुछ टाउनशिप का विलय हो सकता है, जबकि कुछ में बदलाव किया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि नई नीति में एक टोल एनएच-1 के 60 किलोमीटर के भीतर और दूसरा एनएच पर लगाने पर विचार किया जा रहा है। इस नीति से 60 किमी के दायरे में टोल की संख्या कम हो जाएगी, जिससे शिफ्टिंग लागत भी बच जाएगी।

## हरियाणा में 75 वर्ष पार कर चुके वृक्षों के लिए योजना

### हरियाणा प्राण वायु देवता पेंशन के तहत सरकार 75 साल से अधिक आयु के वृक्षों की सुरक्षा रखने वाले को देगी 2500 रुपये वार्षिक पेंशन

चण्डीगढ़, 2 सितम्बरः( विनोद कश्यप) । हरियाणा सरकार ने 75 साल से अधिक उम्र वाले पेड़ों के लिए पेंशन स्कीम की शुरूआत की है, जिसका नाम ह्यहरियाणा प्राण वायु देवता पेंशनह्न योजना है। इस स्कीम के तहत सरकार द्वारा 75 साल से अधिक उम्र के पेड़ों की देखभाल व परवरिश करने वालों को 2500 रुपए वार्षिक पेंशन दी जा रही है ।
एक सरकारी प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार की स्कीम लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। सरकार की ओर से यह स्कीम पुराने पेड़ों की रक्षा और संरक्षण के लिए लागू की गई है।
उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से ह्यहरियाणा प्राण वायु देवता पेंशनह्न योजना से संबंधित जारी अधिसूचना के अनुसार योजना के तहत 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेड़ों को 2500 रुपए वार्षिक पेंशन दी जाएगी और वृद्धावस्था सम्मान पेंशन की भांति यह पेंशन राशि प्रतिवर्ष समानुपात में बढ़ाई जाएगी।
उन्होंने बताया कि सरकार पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरू से ही सुधारात्मक योजनाएं लागू कर रही है, पेड़ पौधों से ही हमें सुरक्षित ऑक्सीजन गैस निःशुल्क प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि 75 साल से उम्र में बड़े हुए पेड़ अपने फैलाव के कारण वातावरण में ऑक्सीजन ज्यादा पैदा करते हैं। इन पेड़ों पर कई प्रकार के पंछी भी अपना घोंसला बनाते हैं। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के घर या स्वयं की जमीन पर 75 साल या उससे ज्यादा की उम्र का पेड़ है तो वो अपने संबंधित जिले के वन विभाग कार्यालय में जाकर आवेदन कर सकते हैं।
इसके बाद एक समिति द्वारा उस आवेदन का आंकलन किया जाएगा। सत्यापन उपरांत सभी शर्तें पूरी पाई जाती हैं तो लाभार्थी व्यक्ति को पेड़ों से मिलने वाली पेंशन दी जाएगी।

## खाली पड़े प्लाट में ताश के पत्तों पर पैसा लगाकर जुआ खेलते पांच आरोपियों की थाना पुलिस भिवानी ने की गिरफ्तारी

### पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों से ताश के पत्ते व कुल 22 हजार 770 रुपये किए बरामद

**समाज जागरण**

चण्डीगढ़, 2 सितम्बर ':( निशा शर्मा) - पुलिस अधीक्षक भिवानी श्री वरुण सिंगला आईपीएस ने जिला पुलिस को जिले में जुआ व सट्टा खेलने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी पुलिस कार्रवाई अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हुए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत थाना शहर पुलिस , भिवानी ने शहर के न्यू उत्तम नगर में सरेआम ताश के पत्तों पर पैसा लगाकर जुआ खेलते पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 अगस्त को थाना शहर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी बीटीएम के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी तोशाम बाईपास मौजूद थे। जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि न्यू उत्तम नगर में खाली प्लाट में कुछ व्यक्ति सरेआम ताश के पत्तों पर पैसा लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम के द्वारा सूचना की महत्वता को देखते हुए बताएं गए स्थान पर रेड करके सारेआम ताश के पत्तों पर पैसा लगाकर जुआ खेलते पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।
गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान वीरेंद्र पुत्र रामजीलाल निवासी काठ मंडी भिवानी, नरेंद्र पुत्र सुंदरदास निवासी कृष्णा कॉलोनी भिवानी हाल उत्तम नगर भिवानी, रजत पुत्र जागेश्वर निवासी दादरी गेट भिवानी, अजीत पुत्र बलवान निवासी कोंट रोड मिनी बाईपास भिवानी व शंकर पुत्र जगदेव निवासी कच्ची लाइन भिवानी के रूप में हुई है। जांच इकाई के द्वारा आरोपियों से ताश के पत्ते व कुल 22 हजार 700 रुपये बरामद किए गए हैं।
उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत अभियोग थाना शहर भिवानी में पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई गई है।

## नूंह जिले के गाँव गॉंगोली में दिल दहला देने वाली घटना

### महिला ने अपने पति और 3 मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार कर हुई फरार

**समाज जागरण**

चण्डीगढ़, 2 सितम्बरः( विनोद कश्यप) । हरियाणा के नूंह जिले में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पति और तीन मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार दिया और खुद फरार हो गई। पति का शव जहां फांसी के फंदे पर लटका मिला तो वहीं मासूमों को जहर पिलाकर दर्दनाक मौत दी गई थी। एक साथ चार लोगों की हत्या से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। परिवार के लोगों ने ही आरोप लगाया है कि महिला ने ही अपने पति और बच्चों को मारा है।
नूंह के गांव गांगोली में हुई शुक्रवार रात की इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में हर किसी की जुबां पर बस इसी घटना का जिक्र है। हुआ यूं कि शनिवार सुबह परिजन उठे तो 34 वर्षीय जीत सिंह उर्फ जीतन फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बैड पर लेटे बच्चों को संभाला तो वह भी बैड पर मरे पड़े थे।
जीत सिंह उर्फ जीतन का बेटा 12 साल का खिलाड़ी, 10 साल की राधिका और सात साल का प्रियांशु मृत हालत में पाए गए। बच्चों को जहर देकर मारा गया था। मृतक जीत सिंह की पत्नी और बच्चों की मां जिसका नाम मीना बताया जा रहा है, वह घर पर नहीं मिली।
गांगोली में एक साथ 4 लोगों की मौत की सूचना मिलते ही रोजकामेव थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मौके पर छानबीन शुरू की। फोरेंसिक की टीम को भी बुलाया गया। बाद में चारों शवों को नूंह सीएचसी में पहुंचाया गया। परिजन की मानें तो महिला मीना को ही इन चारों मौतों का जिम्मेदार बताया जा रहा है।
पुलिस को मिली शुरूआती जानकारी के अनुसार जीत सिंह उर्फ जीतन और उसकी पति मीना के बीच अक्सर झगड़ा होता रहा था। मीना कई-कई दिनों तक घर से गायब रहती। इसके चलते जीत व परिजनों को उसके चरित्र पर शक था। इस बारे में महिला के मायके को भी बताया गया था, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ।
रोजकामेव के डीएसपी जितेन्द्र राणा ने बताया कि गांगोली गांव में एक व्यक्ति और उनके 3 बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस फिलहाल जांच में जुटी हुई है। पत्नी घर पर नहीं मिली है। परिजनों की ओर से शिकायत मिलते ही केस दर्ज किया जाएगा।

## सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से खिलाड़ियों के लिए ग्रुप- सी की भर्ती पॉलिसी में किया बड़ा बदलाव

### खिलाड़ियों को लगा बड़ा धक्का

चण्डीगढ़, 2 सितम्बरः( विनोद कश्यप) ।हरियाणा सरकार ने एचएसएससी की ओर से खिलाडिड्ढों के लिए की जाने वाली ग्रुप-सी की भर्ती पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया है। इससे प्रदेश भर के खिलाडिड्ढों को बड़ा झटका लगा है। पॉलिसी में बदलाव के बाद एचएसएससी द्वारा एक साल में जितनी भी भर्तियां की जाएंगी, उनमें तीन प्रतिशत खिलाडिड्ढों की भर्ती होगी। सरकार द्वारा किए गए इस पॉलिसी में बदलाव से खिलाडिड्ढों में निराशा नजर आ रही है।
बता दें कि सरकार द्वारा किए गए इस पॉसिली में बदलाव के बाद अगर साल में एक बार भी किसी भी भर्ती में ज्वाइनिंग नहीं होती है तो कोई भी खिलाड़ी भर्ती नहीं हो पाएगा। जैसे अगर साल में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग 36 हजार पद विज्ञापित करता है तो 1200 खिलाड़ी भर्ती होंते। एक सितंबर को जारी पॉलिसी में कहा गया है कि खिलाड़ियों में 3 फीसदी कोटा बनाया गया है। इन तीन प्रतिशत में भी पहला हक आउटस्टैंडिंग स्पोट्र्स पर्सन का होगा। उसके बाद एलिजिबल स्पोट्र्स पर्सन को मौका मिल पाएगा। इस समय केवल सात विभागों से ही खिलाडिड्ढों का चयन हो रहा है।
इसके अलावा इस पॉलिसी से पहले जितने भी पदों पर आयोग भर्ती करता था, उनमें खेल आरक्षण के तहत योग्य खिलाड़ियों को चयन का मौका मिल जाता था। खिलाड़ी अगर संबंधित पात्रता भी रखता है तो भी किसी विभाग में आरक्षण के तहत चयनित हो सकता था। लेकिन अब यह आरक्षण समाप्त हो चुका है, अब सिर्फ सात विभागों में ही खिलाड़ियों का चयन हो सकेगा।

**खेल विभाग को फिलहाल सीएम संभाल रहे**

खेल मंत्री संदीप सिंह के इस्तीफे के बाद से सीएम मनोहर लाल खेल विभाग को स्वयं देख रहे हैं। पहले खेल विभाग पूर्व हॉकी खिलाड़ी संदीप सिंह के पास था, लेकिन उन पर एक जूनियर महिला कोच द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाया गया था। इसके बाद खेल विभाग सीएम ने अपने पास ले लिया था।

## हरियाणा के छात्रों को विश्व स्तरीय गुणवत्ता व तकनीकी शिक्षा

### कल्याणकारी योजनाओं के लिए महाराजा रणजीत सिंह पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय ने खोले द्वार

**समाज जागरण**

सिरसा ,2 सितम्बरः ( निशा शर्मा ) । पंजाब सरकार द्वारा स्थापित महाराजा रणजीत सिंह पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय (एमआरएसपीटीयू), बठिंडा (पंजाब) हरियाणा के छात्रों को विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा, केंद्र और सभी राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और आकर्षक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।
विश्वविद्यालय वर्तमान शैक्षणिक सत्र (2023-24) से नई शैक्षणिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय आयुविज्ञान संस्थान (एम्स), बठिंडा के सहयोग से एमबीए-अस्पताल प्रशासन और डी फार्मा , पैरा मेडिकल और वोकेशनल कोर्स शुरू किये गये हैं।
उपरोक्त जानकारी विश्वविद्यालय के प्रवेश प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. करणवीर सिंह ने सिरसा में प्रेस वार्ता के दौरान दी। निदेशक जनसंपर्क हरजिंदर सिंह सिद्धू, निदेशक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट, इंजीनियर हरजोत सिंह सिद्धू और इंजीनियर सुखजिंदर सिंह सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों की एक टीम यूनिवर्सिटी में एडमिशन और काउंसलिंग शुरू करने के लिए सिरसा पहुंचे थे ।
डॉ. करणवीर सिंह ने कहा कि नए कार्यक्रमों का उद्देश्य चिकित्सा विज्ञान, अस्पताल प्रशासन, विश्लेषण, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के व्यापक क्षेत्र में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग से आम जरूरतों के आधार पर अकादमिक, वैज्ञानिक और अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करना है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वैश्विक स्तर पर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के बढ़ते चलन को देखते हुए अस्पताल प्रशासन में विशेषज्ञों की मांग बढ़ी है और मौजूदा जरूरतों के अनुसार एम.बी.ए. हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन दो साल (चार सेमेस्टर) का कार्यक्रम होगा। जबकि डॉक्टर ऑफ फ ार्मेसी (फ ार्म.डी.) 6 साल का कार्यक्रम है और उम्मीदवारों को कार्यक्रम के दौरान पांच साल का शैक्षणिक अध्ययन और एक साल की इंटर्नशिप होगी। दोनों कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में चलेंगे, जबकि छात्रों को एम्स में दैनिक प्रशिक्षण और अनुभव मिलेगा।

## हिसार में भाजपा के10 पदाधिकारियों ने छोड़ी पार्टी

चण्डीगढ़, 2 सितम्बरः( निशा शर्मा ) । जिला परिषद सीईओ की कार्यप्रणाली से आहत होकर इन पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी के किसी नेता ने उनकी नहीं सुनी। ये सभी पदाधिकारी हिसार के आदमपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पन्ना प्रमुख पदों पर तैनात किये गए थे। इन पदाधिकारियों ने शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेजा है। जिला परिषद के सीईओ पर कार्रवाई न होने से वे नाराज हैं। पन्ना प्रमुखों ने दावा किया कि जिला प्रधान के संज्ञान में मामला होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

## शहर के हर क्षेत्र में सडकों व सीवेज का बुरा हाल : हवासिंह जागड़ा



हरियाणा/ हिसार ( राजेश सलूजा) बरवाला से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकत्ता प्रमुख समाजसेवी हवासिंह जागड़ा ने कहा कि बरवाला के प्रत्येक मोहल्ले, नगर, कॉलोनी की भी सडक व सिवरेज के बहुत खस्ता हालात हैं। हवासिंह जागड़ा ने बताया कि बरवाला क्षेत्र के रोड़ उखाड़े हुए। शहर का बूरा हाल है। स्थानीय लोगों के हाल बेहाल हो चुके हैं। हवासिंह ने कहा कि लोगों में सरकार व विधायक के प्रति रोष है । परन्तु अचम्भे की और दुख की बात यह है कि आज शहर के किसी भी जन की कोई सुनवाई नहीं है। हवासिंह जागड़ा ने कहा कि जब शहर में सडक बनानी ही नहीं थी तो इसे उखाड़ा क्यों गया? जहां सडक उखड़ी गई है उस स्थान पर बरसात आने पर 4 से 5 फुट तक पानी भर जाता है और वह क्षेत्र पूरी तरह से जलमग्न हो जाता है। हवासिंह जागड़ा ने कहा कि उनको लोगों ने बताया की उन्हें पीने का स्वह्यछ पानी भी उपलब्ध नहीं हो रहा है। पीने के पानी में सीवरेज का गंदा पानी लोगों के घरों में सप्लाई हो रहा है। हवासिंह जागड़ा ने कहा कि सांसद सत्ता पक्ष के है, विधायक भी सत्ता पक्ष के हैं फिर भी बरवाला के प्रत्येक क्षेत्र के हालात ऐसे दयनीय क्यों है? सडकों की जगह पर सडक नहीं हैं, सीवरेज की जगह सीवरेज उपलब्ध नहीं है, पानी की जगह स्वह्यछ पानी उपलब्ध नहीं है। बरवाला के सत्ता पक्ष के नेता लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरसा रहे हैं, जिसे शहर की जनता कभी भूलेगी नहीं। हवासिंह जागड़ा ने सांसद व विधायक से अपील करते हुए कहा कि पूरे शहर में जहां भी सडकें उखाड़ रखी हैं, उन्हे तुरंत प्रभाव से बनवाएं और जैसे भी स्थानीय क्षेत्रवासी चाहें उस तरीके से बनाई जाएं अन्यथा वह शहर की जनता को साथ लेकर आम आदमी पार्टी कोई कठोर कदम उठाएंगे। जागड़ा ने कहा कि काम कैसे किए जाते है ये उदाहरण हमारी पार्टी ने दे दिया। पंजाव व दिल्ली में जो सुविधाए आम आदमी पार्टी ने लोगों को दी है उन्हें देख कर ही सरकार कुछ सिख ले। अबकी बार हरियाणा की जनता ने भी आम आदमी की सरकार बनाने का फैसला कर लिया है।

## शिक्षा एवं चिकित्सा हेतू होगा हर संभव सहयोग : उपायुक्त



हरियाणा/ पंचकूला (राजेश सलूजा)पंचकूला गोपाल मूर्ति फाउंडेशन की शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत यूनिट आशाएं की ओर से शनिवार को टीचर्स डे सेलिब्रेट किया गया। टीचर्स डे पर शिक्षा के क्षेत्र में लीक से हटकर काम करने वाले 10 टीचर्स को सम्मानित किया गया। प्रख्यात शिक्षक पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन पॉलीटेक्निक कॉलेज, सेक्टर 26 के ऑडिटोरियम में हुआ। डिप्टी कमिश्नर, पंचकूला सुशील सरवान इसमें मुख्य अतिथि रहे। डाइट के प्रिंसिपल महा सिंह सिंधु इसमें विशिष्ट अतिथि रहे और अष्टावक्र की को-आर्डिनेटर पारस पराशर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में द ब्रिटिश स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल गीतिका सेठी, गवर्नमेंट मिडल स्कूल, सेक्टर 17 के रामफल शर्मा, गवर्नमेंट मिडल स्कूल, फतेहपुर की रीता, पॉलीटेक्निक कॉलेज की अंजलि मलिक, सौपिंस स्कूल, सेक्टर 9 की पूनम कालरा, स्काई वर्ल्ड स्कूल की शिम्पी शर्मा, गवर्नमेंट मिडल स्कूल-बुढनपुर के अशोक कुमार, गवर्नमेंट हाई स्कूल, सेक्टर 26 की मिनाक्षी, गवर्नमेंट मॉडल स्कूल, सेक्टर 26 की प्रिया, पॉलीटेक्निक कॉलेज के राहुल जांगड़ा, अरविंद्र कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
डिप्टी कमिश्नर सुशील सरवान ने गोपाल मूर्ति फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद लोगों व बच्चों के लिए किए जा रहे कामों की सराहना करते हुए भविष्य में किसी भी तरह से जरूरत होने पर हर संभव सहयोग देने का वायदा किया। उन्होंने कहा कि पंचकूला में डीसी के तौर पर काम करते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनका विशेष फोकस रहेगा। फाउंडेशन की संयोजक पुनीत बेदी ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रियंका पुनिया ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। फाउंडेशन की संस्थापक सारिका तिवारी ने संगठन के उद्देश्य और बीते दिनों में सामाजिक क्षेत्र में किए गए कामों के बारे में बताया। गवर्नमेंट मिडल स्कूल, फतेहपुर की ओर से स्वागत गीत और देशभक्ति गीत पर डांस का प्रोग्राम पेश किया गया।

## 6 साल की बच्ची से स्कूल बस में यौन उत्पीड़न, सीनियर छात्र पर आरोप, स्वाति मालीवाल ने भेजा नोटिस

राजधानी के एक निजी स्कूल की बस में 6 साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है. इसे लेकर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है. साथ ही आरोपी के अलावा स्कूल प्रबंधन और अधिकारियों पर भी कार्रवाई करने के लिए कहा है.
आयोग को दी गई जानकारी में बताया गया कि 6 साल की पीड़ित बच्ची दिल्ली के बेगमपुर इलाके के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ती है. 23 अगस्त को जब स्कूल बस ने उनकी बेटी को सोसायटी के गेट पर छोड़ा तो उन्होंने देखा कि उनकी बेटी का बैग पेशाब के कारण गीला हो गया था. पूछताछ करने पर बच्ची ने बताया कि सीनियर क्लास में पढ़ने वाला एक छात्र स्कूल बस में बच्ची से छेड़छाड़ कर रहा था. उन्होंने बताया कि वह अपने पति के साथ 24 अगस्त को स्कूल गई और घटना की जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को दी. उनका आरोप है कि 25 तारीख को चेयरमैन ने उन्हें स्कूल में बुलाया और शिकायत वापस लेने को कहा. उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि स्कूल के चेयरमैन ने उनकी सोसायटी के लोगों के बीच बच्ची की पहचान उजागर कर दी.
इस मामले में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है. आयोग ने मामले में दर्ज एफआईआर की कॉपी के साथ मामले में हुई गिरफ्तारी की जानकारी मांगी है. साथ ही यह भी पूछा है कि क्या पुलिस को मामले की सूचना न देने और बच्चे की पहचान उजागर करने के लिए पॉक्सो अधिनियम के तहत अध्यक्ष, स्कूल प्रबंधक, प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और अन्य स्कूल अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. आयोग ने दिल्ली पुलिस से मामले में 5 सितंबर तक की गई कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है.

## विदेश में फिर लहराया तिरंगा, शटलकॉक गेम्स में गुरुग्राम के खिलाड़ियों ने जीते दो मेडल

गुरुग्रामः साइबर सिटी गुरुग्राम के खिलाड़ियों ने एक बार फिर विदेशी धरती पर देश का नाम रोशन किया है. हांगकांग में हुए शटलकॉक एशियन गेम्स में गुरुग्राम के सिकंदरपुर के रहने वाले योगेश और मनीष ने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है. शटलकॉक एशियन लेवल टूनार्मेंट में 9 देशों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. इस प्रतियोगिता की शुरूआत 21 अगस्त को हुई और समापन 27 अगस्त को हुआ था. भारत से मनीष और योगेश ने प्रतियोगिता में अपने खेल से और खेल भावना का लोहा मनवा कर अपने देश की झोली में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल डाले. पिछले कई महीनों से मनीष और योगेश इस प्रतियोगिता के लिए दिन-रात मैदान में प्रैक्टिस कर रहे थे. कड़ी मेहनत और खूब पसीना बहाने के बाद दोनों ने ये कामयाबी हासिल की है.

## हरियाणा का यह गांव माना जाता है फूलों का हब! दिल्ली तक होती हैं सप्लाई

ब्यूरो/फरीदाबाद. फरीदाबाद के गांव फतेहपुर बिल्लौच के रहने वाले यश मोहन सैनी 23 साल से 40 एकड़ में फूलों की खेती कर रहे हैं. फतेहपुर गांव को फूलों का हब कहा जाता है.फूलों की खेती इस गांव की पहचान बन चुकी है फतेहपुर गांव के यश मोहन सैनी जो खुद 23 सालों से फूलों की खेती कर रहे हैं. उन्होंने दूसरे किसानों को भी इस खेती को अपनाने की अपील की है. ताकि बाकी किसान भी परंपरागत खेती छोड़ इसे अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ाकर खुशहाल हो सकें. यश मोहन कुल 40 एकड़ में फूलों की खेती करते हैं. जिसमें उन्होंने रजनीगंधा, गुलदावरी और ओरनामेंटल का प्लांट लगाकर अधिक मुनाफा कमाकर अपने परिवार वालों पालन पोषण कर रहे हैं.

# डीजे:अंधकार की तरफ बढ़ता युवाओं का भविष्य :डॉ.मिथिलेश कुमार

## *60 डेसिबल से अधिक ध्वनि मानव के लिए है बहुत हानिकारक*



**बड़हरा।** डीजे नाम सुनते ही सबके जहन में कानो में गूंजती तेज आवाज का ध्यान आता है जिसपे युवा थिरकते है।मनोरंजन नाच गान प्रत्येक मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है । प्राचीन काल मे मानव चमड़े से बने वाद्य यंत्र के साथ नाचते थे एवं अपनी किसी खुशी का इजहार करते थे साथ दुख या संकट की घड़ी में बुलावा भी इन यंत्रों से करते थे ।
आधुनिक काल मे धीरे धीरे नए अविष्कार हुए जिसमे सबसे वर्तमान में डीजे का प्रचलन बड़ा । उक्त बात डॉ. मिथिलेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़हरा जिला पुर्णिया ने एक भेंट के दौरान कही। उन्होंने कहा कि
बिहार की बात करे तो यहाँ 10 से 15 वर्ष पूर्व डीजे को नहिं के बराबर लोग जानते थे परंतु इसके उलट अब तस्वीर कुछ और ही है।मुख्य विषय ये की सभी को अपनी खुशी जाहिर करने नाचने गाने का अधिकार है परन्तु वो अधिकार दुसरो या पड़ोसियो या आने वाली पीढ़ी के भविष्य के दांव पर नही हो सकता है। मानव शरीर 120 डेसिबल से अधिक की ध्वनि नही सुन सकते है ।जबकि डीजे का सामान्य आवाज 580 डेसीबल होता है. 60 डेसिबल से अधिक ध्वनि मानव के लिए है बहुत हानिकारक अनुसंधान से पता चलता है कि यदि कोई गर्भवती लगातार 4 घण्टे रोज 2 महीने 70 डेसिबल से ज्यादा ध्वनि सुनती है तो होने वाला बच्चा कमजोर श्रवण शक्ति का या बहरा पैदा होगा। बूढे लोग लगातार यदि इस ध्वनि में रहते तो उनके कान के पर्दे फट सकते है और हार्ट अटेक की रिस्क बढ़ जाता है । स्कूल जाते बच्चे यदि हमेशा तेज डीजे की ध्वनि में रहते तो धीरे धीरे उनके श्रवण शक्ति, एकाग्रता और यादशक्ति काम होती जाती है। तनाव भी बढता है जो अभी हमे क्षेत्र में युवाओं में बढ़ती आत्महत्या के रूप में देखने मिल राह है।गांवों में लोग दीवाली से लेकर बरसात तक डीजे बजाते है तो आप कल्पना करो कि गांव में पढ़ने वाले बच्चे केसे पढ़े।मुझे लगता है शायद उनके लिए इन हालातों में पढ़ना मुश्किल है उसका परिणाम आप देख ही रहे गांव में पढ़ ने वाले बच्चे उतना अच्छा प्रदर्शन नही पा रहे है। बड़ी बड़ी परीक्षाओं एवं नौकरी में भी लगातार ये बच्चे अभिजात्य वर्ग से पीछे छूटते जा रहे है।
समय रहते नही ध्यान नही दिया जिम्मेदारों ने एक बहुत बड़ा वर्ग आर्थिक असमानता का शिकार होगा। डीजे का नियमतिकरण अतिआवश्यक हो गया है
बजाने का समय और तीव्रता को कम करना होगा। परीक्षाओ के दिनों में बिल्कुल बंद करना होगा।
सरकारी नियम बहुत है परंतु आमजन इसके दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक होंगे तभी ये सम्भव हो पायेगा। वर्तमान और आने वाले पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित होगा साथ ही हमे प्राचीन वाद्य यंत्रों का बढ़ावा देना होगा।

# सामाजिक उत्थान में मनोविज्ञान की भूमिका विषय पर स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग बीएनएमयू में संगोष्टी अयोजित

**मधेपुरा।** स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग उत्तरी परिसर बीएनएमयू में एक संगोष्टि का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक उत्थान में मनोविज्ञान की भुमिका विषय पर चर्चा की गई। संगोष्टी की अध्यक्षता मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एम आई रहमान ने किया। प्रोफेसर उषा सिन्हा, विभागाध्यक्ष स्नातकोत्तर हिंदी विभाग मुख्य अतिथि थीं और श्रीमति प्रियंका एसिस्टेंट प्रोफेसर स्नातकोत्तर गृह-विज्ञान विभाग विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुईं। विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह ने विषय प्रवेष किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका ने मनोविज्ञान विषय की सराहना करते हुऐ यह स्पष्ट किया कि मनोविज्ञान न केवल मन और मानव व्यवहार का अध्ययन करता है बल्कि मानव कल्याण और समाज उत्थान में इसकी विषेश भूमिका है। उन्होंने कंप्यूटर और उस से संबंधित कार्यों की चर्चा करते हुऐ बताया कि आज के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर जो कार्य वैज्ञानिक कर रहे हैं उसमें भी मनोविज्ञान की अहम भूमिका है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर उषा सिन्हा ने साहित्य और मनिविज्ञान की चर्चा करते हुऐ बताया कि साहित्य की उत्पति समाज में होती है और कोई



भी साहित्य मनोविज्ञान के बगैर अधुरा है। मनोविज्ञान की भुमिका साहित्य के हर एक क्षेत्र में है और सफल साहित्यकार वही है जिसकी मजबूत पकड़ मनोविज्ञान पर है। प्रोफेसर एम आई रहमान ने अपनी बातें रखते हुए यह स्पष्ट किया कि प्रत्येक सामाजिक समस्या का अपना मनोवैज्ञानिक द्दष्टिकोण होता है। आज भारतीय समाज विभिन्न कुरीतियों, विषमताओं तथा समस्याओं का शिकार है; उदाहरण के लिए-दहेज-प्रथा, जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, आतंकवाद, बेरोजगारी तथा हिंसा की प्रवृत्तियाँ। इन समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करते समय उनके मनोवैज्ञानिक पक्ष की अनदेखी नहीं की जा सकती। ये समस्याएँ समाज के व्यक्तियों से सम्बन्ध रखती हैं। और समाज के व्यक्तियों की भावनाओं, रुचियों, अभिरुचियों, प्रथाओं एवं परम्पराओं का अध्ययन करके ही उनकी मनोवृत्तियों में परिवर्तन सम्भव है। समाज मनोविज्ञान, सामाजिक समस्याओं के मनोवैज्ञानिक पक्ष को समझकर उनके समाधान का प्रयास करता है। इस प्रकार सामाजिक समस्याओं को हल करने में मनोविज्ञान के अध्ययन की अत्यधिक आवश्यकता प्रतीत होती है। डाक्टर आनंद कुमार सिंह ने विषय प्रवेष करते हुऐ आज के शीर्षक की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में शोधार्थियों एवम छात्र छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी का सफल संचालन प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रीति ने किया। मंजीदा फारुकी, सोनल कुमारी, श्रुति, नेहा तबस्सुम, नितिज्ञा भूषण, पवन कुमार, मोहम्मद शमशाद आलम, कृष्ण कुमार, राकेश रंजन, नीतीश कुमार, पूजा कुमारी, सीमा सुमन, प्रतिभा कुमारी, आरती कुमारी, रौशन कुमारी, निहारिका कुमारी, प्रीति कुमारी, हरि प्रिया, शाहीना खातून, कमल कुमारी, मेघा कुमारी, नूरी चमन खातून, जुली कुमारी, मिन्नी कुमारी, अर्चना गांधी, बंदना कुमारी आदि विषेश रुप से उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर सिकन्दर कुमार ने दिया।

## सड़क दुघर्टना के शिकार हुए उम्र 48 वर्षीय प्रकाश झा के निधन से अररिया में मातमी सन्नाटा

## *मृतक पंडित अजय झा के साले व परशुराम परिषद से जुड़े हुए थे*

**अररिया।** परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक सह वरीय समाजसेवी पंडित अजय कुमार झा जी का साला प्रकाश झा जी (उम्र 48)का सड़क दुघर्टना के कारण शुक्रवार की देर रात पूर्णियां के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया। सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी प्रकाश जी के निधन से जहां पंडित अजय बाबा मर्माहत हैं वहीं अररिया खरैया बस्ती वार्ड 13 उनके निज निवास पर कोहराम मचा हुआ है। बता दें कि
खरैयाबस्ती वार्ड नंबर 13, निवासी सिमांचल कंस्ट्रक्शन के /अभिन्न अंग व परशुराम परिषद् के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष /पंडित श्री अजय कुमार झा जी के निकटतम संबंधी प्रकाश झा जी सड़क दुर्घटना में



अररिया बाजार समिति के निकट वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे । बेहतर ईलाज के लिए उन्हें पूर्णिया के मैक्स 7 अस्पताल में भर्ती किया गया जहां ईलाज के दौरान वे परमधाम चले गए। अजय बाबू एवम उनकी धर्मपत्नी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं परिजनों को धैर्य प्रदान करें की कामना बाबा परशुराम से किया।

## विभागीय निदेश के आलोक में बुनियाद केंद्र में हुई दिव्यांगजन समूह के साथ बैठक

**फारबिसगंज ।** शनिवार 02 सितम्बर 2023 फॉरबिसगंज ब्लॉक परिसर में अवस्थित बुनियाद केंद्र में विभागीय निदेश के आलोक दिव्यांगजन समूह के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वप्रथम दिव्यांगजनों को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा प्रदत Motorised tricycle से उनके जीवन में क्या बदलाव आया है, इस पर चर्चा हुई। इस क्रम में कई लाभार्थी (मोहर लाल मण्डल, सदानंद मण्डल, अमनुल्लाह, अनीता देवी, सुनीता देवी आदि) द्वारा बताया गया कि वो इनके मदद से कई प्रकार के व्यवसाय कर रहे हैं, जिनसे प्रतिदिन उनकी अच्छी कमाई हो जाती है। इनके द्वारा किये जाने वाले व्यवसायों में ट्यूशन पढ़ाना, चुड़ी




बेचना, सब्जी बेचना, अंडा एवं चिकन बेचना आदि शामिल हैं। बताया गया कि जिले में अबतक 221 लोंगो के बीच Motorised tricycle का वितरण किया गया है। बैठक में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने में आने वाले कठिनाइयों को किस प्रकार से दूर किया जाय इसपर भी चर्चा कि गई। जानकारी देते हुए बताया गया कि है कि प्रत्येक प्रखंड स्तर पर ढलउ में प्रत्येक सप्ताह इस प्रकार का प्रमाण पत्र बनाया जाता है। दिव्यांगजनों को पेंशन मिलने में हो रही कठिनाई को दूर करते हुए जानकारी दी गई कि वो प्रत्येक प्रखंड तथा बुनियाद केंद्र एवं जिला कार्यालय में आकर अपनी समस्या को अगर किसी भी माध्यम से रख देते हैं तो उनका त्वरित समाधान किया जाएगा। बैठक में इसके अलावे बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज प्रथा निषेध आदि पर भी विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन के अलावे सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग श्री नितेश कुमार पाठक, जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष श्री संजय कुमार, बुनियाद केंद्र के उद्धट आशिफ इकबाल, कार्यपलक सहायक मो फिरोज तथा अन्य उपस्थित थे।

# सामाजिक सद्भाव का मिशाल बना प्रांगण रसोई: प्रो. अभिषेक

## *प्रांगण का कार्यक्रम समाजसेवा का अनूठा प्रमाण: इफ्तेखार*

**मधेपुरा।** राष्ट्रीय लोक जनता दल बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. अभिषेक कुशवाहा के द्वारा सहयोगकर्ता के रूप मे बड़ी दूर्गा मंदिर के प्रांगण में भंडारा में खिचड़ी का विवरण किया गया। इस भोजन कार्यक्रम में रालोजद के प्रो.अभिषेक कुशवाहा, रालोजद नेता सह पूर्व विघानसभा प्रत्याशी मो. इफ्तेखार आलम उर्फ गुड्ड, रालोजद नेता उज्जवल यादव, हर्ष राज और प्रांगण रंगमंच के सदस्यगण द्वारा बड़ी संख्या में लोगो को भोजन करवाया गया। प्रो. अभिषेक कुशवाहा ने कहा है कि सामाजिक सरोकारो से जुड़े प्रांगण रंगमंच की अनुषांगिक ईकाई प्रांगण रसोई द्वारा प्रत्येक शनिवार को प्रसाद के रूप में भोजन कराया जा रहा है। प्रांगण रसोई समाज मे सामाजिक सद्भाव की एक मिशाल है। सामाजिक सद्भाव का अगर



नमूना देखना हो तो बड़ी दूर्गा मंदिर में आप देख सकते है। सभी तबके के लोग, गरीब, अमीर हर शनिवार को बड़ी दूर्गा मंदिर के प्रांगण में निशुल्क भोजन प्रसाद के रूप मे ग्रहण करते है। इस सामाजिक कार्यो में हम सभी को मिलकर सहयोग करना चाहिए और पुण्य का भागी बनना चाहिए। मै प्रांगण रंगमंच के सभी सदस्यगण का आभार प्रकट करता हूँ और समाजसेवा के इस अतुलनीय कार्य के लिए बहुत बहुत साधुवाद देता हूँ। इसी तरह आप सामाजिक कार्य के प्रति सदा अग्रसर रहे। रालोजद नेता मो. इफ्तेखार आलम उर्फ गुड्ड एवं रालोजद नेता उज्जवल यादव ने कहा है कि जिस तरह से प्रांगण रंगमंच के द्वारा जो हर शनिवार को निशुल्क भोजन हर समुदाय के लोगो को कराया जा रहा है यह जनसेवा की मिशाल है। हम सभी को इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कुन्दन कुमार सिंह, क्लर्क प्रकाश सिंह, सौरभ कुमार, नारद, पिंटू सिंह, प्रांगण रंगमंच के मुख्य संरक्षक प्रो प्रदीप कुमार झा, अध्यक्ष प्रो. संजय कुमार परमार, सचिव अमित आनंद, संस्थापक सदस्य दिलखुश कुमार, प्रांगण रसोई प्रभारी विक्की विनायक, अक्षय कुमार, मुरारी सिंह, अभिषेक सोनी, बबलू कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# एबीएम सिकटी पथ के बीड़ी चौक पर सांसद प्रदीप सिंह ने किया किसान फ्यूल सेंटर पेट्रोल पंप का उद्घाटन

## *सांसद ने बताया पंप के खुलने से क्षेत्र के किसानों को होगा काफी फायदा*

**ताराबाड़ी ।** एबीएम सिकटी पथ के बीड़ी चौक पर शुक्रवार देर शाम सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। पेट्रोल पंप का उद्घाटन होते हैं क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त है। किसान फ्यूल सेंटर के नाम से बनाए गए यह बायोडीजल पेट्रोल पंप है। जो अररिया प्रखंड के ताराबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत तरोना भोजपुर पंचायत के बीड़ी चौक से उत्तर एबीएम सिकटी पथ के पूरब तरफ बनाए गए हैं। इस दौरान सांसद प्रदीप कुमार सिंह, कंपनी के डायरेक्टर राजेश कुमार गुप्ता, जोनल मैनेजर सोनू कुमार, जोनल ऑफिसर एकनाथ जी, सेल्स ऑफिसर चंदन कुमार, पंप के प्रोपराइटर उमेश साह, परमानंद साह, उपमुखिया वार्ड सदस्य संघ के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार झा आदि के द्वारा संयुक्त रूप



से फिता काटकर बड़ी आबादी व कृषि प्रधान इस क्षेत्रफल के बीच पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। मौके पर संबोधित करते सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस पेट्रोल पंप के खुलने से किसानों को काफी सुविधा मिलेगा। क्षेत्र के किसानों को उचित मूल्य पर समय से डीजल मिल सकेगा। जिससे लोग समय से खेतों की सिंचाई कर सकेंगे। वहीं सांसद ने बताया कि रोड से रोजगार का सृजन होता है। कुछ दिन पहले सड़क की बदहाली के कारण लोग बीड़ी चौक पर आना भी नहीं चाहते थे। लेकिन एबीएम सिकटी पथ के निर्माण कराए जाने लोगों को स्वरोजगार का लाभ मिला है। आज यहां पैट्रोल पंप का उद्घाटन होने से क्षेत्र के लोगों को ओर भी कई तरह के लाभ मिलेंगे। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम जिले का सर्वांगीण विकास हुआ है। आमलोग भी सुदृढ़ हुए हैं जिसका परिणाम जिले में कई तरह के मॉल, पेट्रोल पंप, बड़े-बड़े होटल आदि बने हैं। मौके पर उपप्रमुख प्रतिनिधि श्याम पासवान, पटेगना भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू कुमार साहू उर्फ.बमबम साह, सुजीत सनातनी, अकेश्वर यादव, नवीन यादव, सुशील सिंह, संजीत कुमार यादव, विनोद कुमार साह, दिव्येंश कुमार सिंह कांहू, सुरेश प्रसाद सिंह, गुनानंद सहित
बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, वाहन संचालक, किसान व ग्रामीण मौजूद थे।

# बीएनएमयू कुलपति कार्यालय परिसर में शोकसभा का आयोजन

## *डॉ. कृष्णदेव नारायण ठाकुर के निधन से विश्वविद्यालय परिवार को एक अपूर्णीय क्षति : कुलपति*

**मधेपुरा।** विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा में राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्णदेव नारायण ठाकुर के सम्मान में बीएनएमयू कुलपति कार्यालय परिसर में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आर. के. पी. रमण ने बताया कि डॉ. ठाकुर का गत 17 अगस्त, 2023 (वृहस्पतिवार) को दिन के लगभग 03:30 बजे निधन हो गया। इससे विश्वविद्यालय परिवार को एक अपूर्णीय क्षति हुई है और पूरा विश्वविद्यालय परिवार मर्माहत है। उन्होंने बताया कि 30 सितम्बर, 1929 को मुजफ्फरपुर में जन्मे डॉ. ठाकुर हमारे विश्वविद्यालय के टी.



पी. कॉलेज, मधेपुरा के शासी निकाय के सदस्य भी रहे थे। उन्होंने पार्वती विज्ञान महाविद्यालय के स्थापना में शासी निकाय के उपाध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संत अवध कीर्ति ना० डिग्री कॉलेज के संस्थापक अध्यक्ष, वेद व्यास महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष, एवं बाबू कीर्ति ना० मंडल के द्वारा खोले गए 17 महाविद्यालयों के शासी निकायों में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया । 1957-58 तक हरिहर साह महाविद्यालय के उप प्राचार्य एवं 1959 ई0 से टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा में कार्यरत रहे । कोशी प्रमंडल के शैक्षणिक उन्नयन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही ।
सभी उपस्थित लोगों ने डॉ. ठाकुर की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया और ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों को धैर्यधारण करने की क्षमता दें। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ. बीएन विवेका, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, डॉ. ललन प्रसाद अद्रि, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. सुधांशु शेखर आदि उपस्थित थे।

## कुसार्कांटा थाना में एएसआई का हुआ विदाई सह सम्मान समारोह, नए का हुआ स्वागत

**कुसार्कांटा/ प्रदीप कुमार झा ।** थाना परिसर में शनिवार को स्थानांतरित एएसआई अजय कुमार को विदाई दी गई तो नव पदस्थापित एएसआई विश्वजीत गुप्ता का स्वागत किया गया. विदाई समारोह की अध्यक्षता पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता द्वारा किया गया तो मंच संचालन की जिम्मेदारी पूर्व सरपंच प्रमोद कुमार मंडल द्वारा किया गया. इस अवसर पर युवाओं के द्वारा एएसआई अजय कुमार को माला पहनाकर, अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया. वहीं नए एएसआई विश्वजीत गुप्ता का माला पहनाकर स्वागत किया गया. समारोह में जहां एएसआई अजय कुमार के



कार्यकाल की सराहना की गई तो एएसआई ने थाना क्षेत्र के लोगों के सहयोग की सराहना की. इस दौरान वातावरण गमगीन बना रहा. बता दें कि एएसआई अजय कुमार का तबादला कुसार्कांटा थाना से बौसी थाना तो एएसआई विश्वजीत गुप्ता मदनपुर ओपी से कुसार्कांटा थाना भेजा गया है. एएसआई विश्वजीत गुप्ता ने आश्वस्त किया की मिले निर्देश का जिम्मेदारी से निर्वहन का प्रयास करूंगा. मौके पर सीओ श्यामसुंदर, आरओ कुमार रोहित, थानाध्यक्ष विमल कुमार मंडल, पुअनि नेपाल प्रसाद, नागेंद्र कुमार, एएसआई अजय, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार मंडल, पैक्स अध्यक्ष कौआकोह विकास कुमार यादव, पैक्स अध्यक्ष राजकुमार राय,मो शाहजहां, बिनोद यादव, नरेश झा, मिलन कुमार, गौरव कुमार सिंह, विद्यानंद पासवान, रंजित गुप्ता, चुन्ना कुमार, निशांत झा, सूरज पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# पोषण रैली एवं पोषण शपथ ग्रहण कार्यक्रम अयोजित

**अररिया।** पोषण अभियान के अन्तर्गत दिनांक 01 सितम्बर, 2023 से 30 सितम्बर, 2023 तक पोषण के प्रति जागरूकता हेतु पोषण माह का आयोजन जिला/परियोजना/ऑगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार किया जाना है। पोषण माह के दौरान समग्र रूप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार लाने हेतु जन भागीदारी के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष "पोषण माह" की गतिविधि मानव



जीवनचक्र के प्रमुख चरणों (गर्भावस्था, शैशवावस्था. बचपन और किशोरावस्था) के बारे में जागरूकता तथा उनके पोषण आधारित संवेदीकरण के लिए केन्द्रित है। इस वर्ष पोषण माह का थीम "सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत" है।
इस क्रम में जिला स्तर पर आज दिनांक 02.09.2023 को जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई०सी०डी०एस०, श्रीमती मंजूला कुमारी व्यास की अध्यक्षता में एक पोषण रैली एवं पोषण शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली आयोजन जिला जिला प्रोग्राम कार्यालय, समाहरणालय परिसर से निकल कर शहर के सभी चौक चौराहों क्रमशः थाना परिसर से समिति चौक, काली मंदीर चौक चॉदनी चौक होते हुए पुनः समाहरणालय परिसर में पोषण रैली का समापन किया गया। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों के द्वारा कुपोषण को दूर भगाने के लिए एक पोषण के जागरूकता के प्रति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक पोषण अभियान, जिला परियोजना सहायक, जिला मिशन मसन्वयक, लैंगिक विशेषज्ञ महिला विकास निगम, सहित सभी महिला पर्यवेक्षिका, ऑगनबाडी सेविका और नगर क्षेत्र की लाभुकों ने भाग लिया।

## आईएसएचटीएच कार्यक्रम के तहत मंडल कारा में 1163 लोगों की हुई समुचित जांच

**जिले में पूरी तरह सफल रहा एकीकृत सिफलेसिस, एचआईवी, टीबी व हेबेटाइटिश जांच कैंपेन**

**कारा के कैदियों में एचआईवी, यौन संचारित संक्रमण, हेपेटाइटिस व टीबी के प्रसार का खतरा अधिक**

अररिया । राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के निदेर्शानुसार मंडल कारा अररिया में संचालित दस दिवसीय आईएसएचटीएच यानी एकीकृत सिफलेसिस, एचआईवी, टीबी व हेबेटाइटिश कैंपेन सोमवार को संपन्न हुआ। इस क्रम में मंडल कारा के कुल 1163 बंदी व कर्मियों समुचित जांच की गयी। वहीं अभियान के क्रम में पर्यवेक्षण गृह के 37 बच्चों की जांच संभव हो पाया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डीपीएम एड्स अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि हालिया अध्ययन में ज्ञात हुआ है कि एचआईवी, यौन संचारित संक्रमण, हेपेटाइटिस बी व सी सहित टीबी रोग का प्रसार का खतरा सामान्य आबादी की तुलना में जेल की आबादी में बहुत अधिक है। लिहाजा पूरे देश में आईएसएचटीएच विशेष कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। ताकि संदेहास्पद रोगियों को चिह्नित करते हुए समुचित इलाज की सुविधा उन्हें उपलब्ध कराया जा सके।




**कारा के कैदी उच्च जोखिम वाले समूह में शामिल**

कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी व सीडीओ डॉ वाईपी सिंह ने बताया कि कारा में बंद कैदियों के बीच उच्च जोखिम वाला व्यवहार, असुरक्षित यौन संबंध, नशीली दवाओं का सेवन, जबरदस्ती, हिंसा, खराब मानसिक स्वास्थ, कारावास में रहने वाले कैदियों की जीवनशैली उन्हें एचआईवी-एड्स, एसटीआई, टीबी व हेपेटाइटिस रोग के लिहाज से जोखिम में डालता है। उच्च जोखिम वाले चिह्नित इस समूह तक उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं की आसान पहुंच व शीघ्र उपचारित करने के उद्देश्य से देश के सभी जेलों में आईएसएचटीएच कार्यक्रम संचालित करते हुए सघन जांच अभियान सह जागरूकता अभियान संचालित किये जाने की जानकारी उन्होंने दी।

**अभियान के क्रम में करीब 12 सौ लोगों की हुई जांच**

जिला टीबी समन्वयक दामोदर शर्मा ने बताया कि मंडल कारा में संचालित दस दिवसीय इस विशेष अभियान के क्रम में मंडल कारा में नौ दिन व पर्यवेक्षण गृह में एक दिन इस विशेष अभियान का संचालन किया गया। इस क्रम में मंडल कारा में कार्यरत कर्मी व बंद कैदियों को मिलाकर कुल 1163 लोगों की समुचित जांच की गयी। साथ ही पर्यवेक्षण गृह के कुल 33 बच्चों का अभियान के क्रम में जांच संभव हो पाया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मंडल कारा में 66 लोगों के एचआईवी जांच में सभी रिपोर्ट निगेटिव मिले। वहीं सिफलेसिस के 38, हेपेटाइटिश बी के 16 व हेपेटाइटिश सी के 04 संदिग्ध मरीज मिले। अभियान के क्रम में टीबी के 37 संभावित मरीजों को चिह्नित किये जाने की जानकारी उन्होंने दी। अभियान की सफलता में अभियान के जिला पर्यवेक्षक साहिद फरहान, एसटीएस अविनाश भाष्कर, काउंसेलर नदीम अहमद, काउंसेलर शिव कुमार सहगल, एलटी विजय कुमार, मो तौसीम व फर्मासिस्ट मो इमरान ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# रसिकनगर पंचायत में दो दिवसीय लोक कला-संस्कृति का संगम कल से

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के रसिकनगर पंचायत भवन परिसर में दो दिवसीय लोक उत्सव, मानभूम छऊ एवं झारखंड की झुमुर नृत्य का कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को होगा।

इसका आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत ईस्टर्न जोनल कल्चर सेंटर के सहयोग से झारखंड मानभूम लोक कलाकार संघ की ओर से किया जाएगा।

इसकी जानकारी देते हुए संघ के सचिव सागर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन जमशेदपुर




लोकसभा क्षेत्र के सांसद विद्युत वरण महतो व जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी संयुक्त रूप से रविवार की शाम 6 बजे करेंगे। इसके अलावे ईस्टर्न जोनल कल्चर सेंटर के पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम के जिला खेल पदाधिकारी अविनाश कुमार, बीडीओ नाजिया अफरोज व सीओ निवेदिता नियति आदि शामिल होंगे। इसमें लोक कला व संस्कृति का संगम दिखेगा और हजारों की संख्या में दर्शक भी शामिल होंगे।'

# संस्थापक प्राचार्य प्रफुल्ल महतो की पुण्यतिथि पर पटमदा डिग्री कॉलेज में रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**नंदा रजक
दैनिक समाज जागरण
प्रखण्ड संवाददाता पटमदा**

पटमदा : संस्थापक प्राचार्य सह पूर्व सूचना आयुक्त प्रफुल्ल कुमार महतो की दसवीं पुण्यतिथि पर शनिवार को पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई। पटमदा डिग्री व इंटर कॉलेज जाल्ला, एनएसएस यूनिट एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 55 लोगों ने रक्तदान किया। जबकि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वाणीपद सिंह ने 15 बच्चों समेत 75 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की। दंत चिकित्सक डॉ. कमल लोचन गौड़ ने 25 मरीजों की जांच की। जांचोपरांत सभी मरीजों को मुफ्त में दवाइयां भी दी गई।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी एवं विशिष्ट अतिथियों में सीओ चंद्रशेखर तिवारी, झामुमो नेता महाबीर मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि सह



डिग्री कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, मृत्युंजय महतो, प्रमथ नाथ मंडल, आदित्य महतो, सुनील वरण महतो व बुद्धेश्वर महतो शामिल हुए। शिविर का शुभारंभ अतिथियों के हाथों प्रफुल्ल कुमार महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया शिविर को सफल बनाने में डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुमंत कुमार सेन, इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ तरुण कुमार महतो, व्याख्याता चंद्रशेखर महतो, विश्वनाथ महतो, कमल कुमार महतो, विश्वजीत महतो, श्रीकांत माझी, अभिराम महतो, भवानी विनायक, गौतम गोराई, माधुरी, सावित्री महतो, वीरेंद्र नाथ महतो, माणिक महतो, हीरालाल महतो व महादेव महतो समेत समस्त शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# सिंहभूम कॉलेज चांडिल : साढ़े सात हजार विद्यार्थियों में मात्र चार क्लास रूम, कैसे मिलेगी गुणवत्तायुक्त शिक्षा ?

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 02 सितंबर 2023 : झारखंड राज्य को संपूर्ण शिक्षित राज्य बनाने के लिए शिक्षा के बजट में सरकार प्रति वर्ष अरबों रुपए खर्च कर रही है। लेकिन सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए स्थित एकमात्र पीजी कॉलेज सिंहभूम महाविद्यालय चांडिल बुनियादी सुविधाओं के अभाव के भंवर में फंसे हुए हैं। शिक्षक, कर्मचारियों की कमी, क्लास रूम की कमी आदि महाविद्यालय की बुनियादी समस्याएं हैं। ऐसे में कैसे मिलेगी विद्याथीर्यों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा ? यह क्षेत्र दुर्गम इलाका के रुप में जाना जाता है साथ ही यहां के निवासी आर्थिक कमजोर भी है। निनानब्बे प्रतिशत निवासी कृषि पर आश्रित है और कृषि कार्य मानसून पर निर्भर है। असामयिक मानसूनी वर्षा के कारण उन्नत कृषि नहीं होता है। जिसके कारण यहां के निवासी आर्थिक कमजोर है और वे अपने बच्चों को दूसरे शहर या राज्य के बड़े कॉलेज में पढ़ाने में असमर्थ है।

वर्तमान समय में विद्यार्थी उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक हो गया है और सभी अभिभावक अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाना चाहते हैं। लेकिन कुछ ज्वलंत समस्याओं के कारण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी कठिनाई हो रहा है।

ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के चार प्रखंड चांडिल, नीमडीह, ईचागढ़ व



कुकड़ू प्रखंड की विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु सिंहभूम कॉलेज चांडिल ही एकमात्र स्नातोकोत्तर महाविद्यालय है। इस महाविद्यालय में इंटरमीडिएट, स्नातक व स्नातोकत्तोर वर्ग में पठन पाठन होती है। इंटरमीडिएट व स्नातक में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तथा स्नातोकोत्तर में हिंदी, राजनीति विज्ञान एवं वाणिज्य विषय का पठन पाठन होती है। इस कॉलेज में स्नातक में 5000, स्नातोकोत्तर में 600 व इंटरमीडिएट में 2000 विद्यार्थी अध्यनरत है। इतने विधार्थियों की पठन पाठन के लिए कॉलेज में मात्र चार रूम है। चार रूम होने के कारण सभी विषय की कक्षाएं संचालित करना कॉलेज प्रबंधन को मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक कठिनाई स्नातक की परीक्षा के समय होता है। विश्वविद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों की सुविधा के लिए इसी कॉलेज में परीक्षा के लिए गृह केंद्र बनाते हैं। इस क्षेत्र से अन्य कॉलेज की दूरी 50 किलोमीटर से अधिक है। परीक्षार्थियों को आर्थिक बोझ न पड़े इसलिए गृह केंद्र बनाना विश्वविद्यालय प्रबंधन का सराहनीय कार्य है। लेकिन रूम के कमी के कारण परीक्षार्थियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कॉलेज प्रबंधन परीक्षार्थियों को बरामदे पर बैठा कर परीक्षा लेने के लिए विवश है।

# युवा अनस्टॉपेबल ने मुख्य अतिथि श्री हरदीप सिंह पुरी के साथ छात्र संवाद की मेजबानी की

'अमृत काल' के दौरान भारत के विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश की युवा पीढ़ी भारत को एक विकसित देश में बदलने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने उन बच्चों के साथ बातचीत की, जिन्हें हाल ही में युवा अनस्टॉपेबल पहल के हिस्से के रूप में मोबाइल टैबलेट मिले हैं, जिसका उद्देश्य सुविधा से वंचित युवाओं के बीच डिजिटल साक्षरता और शैक्षिक पहुंच को बढ़ावा देना है। यह दिल छू लेने वाली बातचीत पहली सितंबर को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर (नई दिल्ली) में हुई, जिसमें डिजिटल विभाजन की खाई को कम करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया और इसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव के अग्रदूत बनने के लिए युवा प्रतिभाओं को प्रेरित और सशक्त बनाना था।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भविष्य में भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नौकरी की तलाश करने वाली नहीं, बल्कि नौकरी प्रदान करने वाली होगी।

युवा अनस्टॉपएबल भारत और अमेरिका की एक पंजीकृत गैर-लाभकारी संस्था है जिसने भारत के 20 राज्यों में 5000 से अधिक स्कूलों और 6 मिलियन सुविधा से वंचित लाभार्थियों को लाभान्वित किया है। युवा अनस्टॉपेबल सरकारी स्कूलों में बदलाव लाने (बेहतर स्वच्छता, पानी, प्रौद्योगिकी तक पहुंच, छात्रवृत्ति, पोषण, टीके को लेकर झिझक को दूर करने, मूल्य-आधारित प्रशिक्षण, आदि) के लिए 100 शीर्ष कॉर्पोरेट कंपनियों के साथ काम कर रहा है।

श्री हरदीप सिंह पुरी के विजन से प्रेरित होकर, युवा अनस्टॉपेबल ने 300 मेधावी छात्रों को मोबाइल टैबलेट प्रदान किए, जिन्होंने तमिल एसोसिएशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नूतन मराठी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन, आंध्र एजुकेशन सोसाइटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरु हरिकृष्ण स्कूल और केरल स्कूल सहित दिल्ली के 6 स्कूलों के छात्रों के साथ आज की बातचीत में भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को प्रौद्योगिकी से लैस करना और शिक्षण एवं सीखने को अधिक दिलचस्प और रोचक बनाने के लिए एक डिजिटल उपकरण सुनिश्चित करना है।

केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए उपस्थित लोगों संबोधित किया। उन्होंने सफलता प्राप्त करने में दृढ़ संकल्प, दृढ़ता और नवाचार की भूमिका पर जोर देते हुए अपने जीवन के अनुभव साझा किए। छात्रों को श्री हरदीप सिंह पुरी के साथ एक उत्साहपूर्ण प्रश्नोत्तर सत्र में शामिल होने का अनूठा अवसर मिला, जहां वे करियर विकल्पों से लेकर सामाजिक प्रभाव पहल तक कई विषयों पर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

श्री हरदीप सिंह पुरीः "मैंने आज जिन युवा प्रतिभाओं से बातचीत की, उनकी ऊर्जा और उत्साह से मैं सही मायने में काफी प्रभावित हूं। युवाओं में हमारे देश को बदलने की शक्ति है, और इस तरह के आयोजन उन्हें बड़े सपने देखने और उज्जवल भविष्य की दिशा में काम करने के लिए सशक्त बनाते हैं। "

युवा अनस्टॉपेबल के संस्थापक श्री अमिताभ शाह, "हमारा संगठन युवाओं को बदलाव के वाहक बनने हेतु सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम श्री हरदीप सिंह पुरी को अपने मुख्य अतिथि के रूप में पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं और हमारा मानना है कि इस कार्यक्रम ने हमारे छात्रों को सामाजिक प्रभाव की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।"

इस कार्यक्रम में प्रमुख समाज-सेवी लोगों की भी भागीदारी रही जिन्होंने शिक्षा, पर्यावरण और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में प्रभावी परियोजनाएं शुरू की हैं। इन प्रेरणादायक कहानियों ने सार्थक बदलाव लाने के लिए युवा प्रतिभाओं की क्षमता को प्रदर्शित किया। यह पहल न केवल प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान करती है बल्कि इन बच्चों की शैक्षिक यात्रा में भी सहायता करती है और उनके भविष्य को आकार देने में डिजिटल साक्षरता की भूमिका पर जोर देती है।

# गुड न्यूज : पहाड़पुर के मुखिया की अनोखी पहल, गुमानडीह में खोला निःशुल्क कोचिंग सेंटर

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाने वाला बोड़ाम प्रखंड का गुमानडीह गांव अब निःशुल्क ज्ञान बांटने के लिए जाना जाएगा। यह संभव हुआ है इस क्षेत्र के युवा एवं शिक्षित मुखिया अजब सिंह सरदार के प्रयास से। उनकी अनोखी पहल से पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत गुमानडीह गांव में गरीब परिवारों के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर शनिवार को खोला गया। कोचिंग सेंटर के लिए लोगों ने फिलहाल मार्केट काम्प्लेक्स को चुना और उस जगह की साफ-सफाई की।

मुखिया ने कहा कि गांव में ऐसे कोचिंग सेंटर खोलने से गरीब परिवार



के बच्चों को पढ़ाई में मदद मिलेगी। इसी तरह पहाड़पुर पंचायत के प्रत्येक गांव में अपने स्तर से कोचिंग सेंटर खोलेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को शिक्षित करने से ही नशामुक्त समाज और सर्वांगीण विकास संभव है। पहले कोचिंग सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर वार्ड सदस्य निखिल महतो, धनंजय महतो, सुभाष महतो, संजय महतो, नरहरि सिंह व कालिपद गोराई आदि मौजूद थे। इस कोचिंग सेंटर में सेवा देने वाले शिक्षकों में सुनील कुंभकार, सोनामनी सिंह, खंखी वाला सिंह, हरिपद सिंह व प्रकाश कुंभकार शामिल हैं जो खुद भी पढ़ाई करते हैं और पार्ट टाइम गांव के बच्चों को निःशुल्क पढ़ाएंगे।

# फुटबॉल प्रतियोगिता हुआ संपन्न,खेल से भी खिलाड़ी का कैरियर संभव- गागराई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें कुल 64 टीम हिस्सा लिया। फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि खरसावां विधायक दशरथ गागराई एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल खेल का उद्घाटन किया। फाइनल खेल का मुकाबला जी एस ब्रदर्स लेदराड़ी एवं बबलू एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें जी एस ब्रदर्स लेदराड़ी के टीम ने बबलू एकेडमी के टीम को 3-1 गोल से पर पराजित कर विजय हुआ। जिसमें प्रथम स्थान जी एस ब्रदर्स लेदराड़ी टीम को 80 हजार द्वितीय स्थान बबलू एकेडमी टीम को 60 हजार तृतीय स्थान जायगीड टीम को 35 हजार चतुर्थ स्थान नंदबाबा टीम को 20 हजार साथ ही पंचम स्थान से



आठवां स्थान तक रहे सभी टीम को 12-12 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया गया। मौके पर विधायक गागराई ने कहा कि कुचाई खरसावां क्षेत्र में नौजवान खिलाड़ियों में अद्भत प्रतिभा समाहित है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद हमारे राज्य के खिलाड़ियों ने देश की कई विभिन्न खेलों की टीम का कप्तानी पद को भी सुशोभित कर दी दिखाया है। झारखंड राज्य के खिलाड़ी देश दुनिया में चमक रहे हैं। वही जिला परिषद अध्यक्ष बोदरा ने कहा कि राज्य के खिलाड़ी विभिन्न खेल जैसे तीरंदाज, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन,इत्यादि में हमारे नौजवान तथा छात्र-छात्राएं निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे है। राज्य सरकार ने उनके प्रयासों को पंख देने का काम किया है। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि भारत सिंह मुंडा दुर्गा चरण पड़िया तिलोपदा मुखिया राम सोय खरसावां 20 सूत्री अध्यक्ष अजय समाड लखीराम मुंडा मुन्ना सोय घनश्याम सोय कानु सोय आदि उपस्थित थे।

# विद्यार्थी परिषद ने कोल्हान विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष (d26) से विभिन्न कॉलेज में स्नातक के सीट बढ़ाने की किए मांग

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता,**

जमशेदपुर (झारखंड) 2 सितंबर 2023ः– अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छ.इ.र.ट कॉलेज इकाई के द्वारा एलड्ट बीड्ट एसड्ट एमड्ट कॉलेज के प्राचार्य के माध्यम से कोल्हान विश्व विद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष को स्नातक के दाखिला में हो रहे परेशानी से अवगत कराया गया।

ज्ञात हो कॉलेजो में स्नातक की दाखिला की प्रक्रिया अंतिम पड़ाव पर है, लेकिन अभी तक सैकड़ो छात्र सीट की कमी के कारण अपना मनचाहा विषय से स्नातक की पढ़ाई नही कर पा रहे है,जिसके कारण छात्र काफी परेशान है, जो छात्र राजनीति शास्त्र से की पढ़ाई करना चाहते है उनको सीट की कमी के कारण हिंदी लेना पड़ रहा है जो इतिहास पढ़ा चाहते वो न चाह कर भी मनोविज्ञान लेना पड़ रहा है। छात्रों के परेशानी को देखते हुए विद्यार्थी परिषद जमशेदपुर महानगर



मंत्री अमन ठाकुर के नेतृत्व में एल बी एस एम कॉलेज इकाई द्वारा के प्राचार्या के माध्यम से कोल्हान विश्व विद्यालय प्रशासन से सीट बढ़ाने की मांग किया गया है।

कॉलेज इकाई मंत्री सोनू साव ने कहा स्नातक में सीट की कमी के कारण सैकड़ो विद्यार्थी आज परेशान है विश्वविद्यालय जल्द पर्याप्त सीट बढ़ा कर उनके परेशानी का समाधान करें छात्रों की संख्या दिन प्रतिदिन बड़ रहा है और सीट की संख्या बीते वर्षों की तरह ही है , विश्वविद्यालय हमारे बातों को संज्ञान में ले अन्यथा विद्यार्थी परिषद सभी महाविद्यालय में एक साथ धरना देगी।

इस समय लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज में अमन ठाकुर , अभिजीत ठाकुर,हिमांशु, सन्नी आदि सोनु कुमार आस्तिक पत्रों रितिक मिश्र सुनीता कुमारी शिप्स भारे आदि कार्यकर्ता ने ज्ञापन दिया

## केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, विदेश राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी, संस्कृति मंत्रालय के सचिव सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम कुछ-कुछ एक शाम जैसा है, क्योंकि ये ऐसे समय में हो रहा है जब भारत की आजादी के 75 साल पूरे हो गये हैं। उन्होंने कहा कि आगामी अमृतकाल और "संकल्प से सिद्धि" 15 अगस्त, 2047 तक भारत को विश्व स्तर पर हर क्षेत्र में अग्रणी बना देगा। श्री शाह ने कहा कि अगले 25 वर्षों में हमारे स्वतंत्रता सेनानी की कल्पना के अनुसार भारत का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में भारत को कई उपलब्धियां मिली हैं, लेकिन वे पर्याप्त नहीं हैं। श्री शाह ने कहा कि पराधीनता की लंबी अवधि और लाखों लोगों के बलिदान के बाद, हमें आजादी मिली और पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, प्रत्येक भारतीय को एक साथ आने और एक वृहत्तर भारत देश बनाने में मदद करने का अवसर दिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अपने नाम से ही अपना अर्थ की अभिव्यक्ति करता है। उन्होंने कहा कि अब हम स्वतंत्र भारत में रह रहे हैं और इसके लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि 1857 से 1947 तक, 90 वर्षों तक, स्वतंत्रता के लिए एक लंबा संघर्ष किया गया और अनगिनत ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों ने इस उद्देश्य के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जैसा व्यक्ति, जो दिल में देशभक्ति से भरा हुआ है, उन लोगों के लिए जिन्होंने बलिदान दिया है, हाथ में 'मिट्टी' लेकर संकल्प लेकर और श्रद्धांजलि अर्पित करके "संकल्प से सिद्धि" की इस यात्रा को शुरू करने की परिकल्पना कर सकता है। श्री शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम के पीछे यह सोच है कि प्रत्येक व्यक्ति, परिवार, नागरिक और बच्चा श्रेष्ठ भारत के निर्माण के विचार से भावनात्मक रूप से जुड़ें। उन्होंने कहा कि 1-30 सितंबर तक, प्रत्येक घर, वार्ड और गांव से एक बर्तन में 'मिट्टी' या अनाज इकट्ठा किया जाएगा, इसके बाद 1-13 अक्टूबर तक ब्लॉक में और बाद में 22-27 अक्टूबर तक राज्य स्तर पर इसका पालन किया जाएगा। अंत में, 28-30 अक्टूबर के बीच ये 7,500 बर्तन देश की राजधानी नई दिल्ली पहुंच जाएंगे। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हमारे महान वीरों के सम्मान में इन अमृत कलशों की मिट्टी दिल्ली में बनी अमृत वाटिका में रखेंगे, जो प्रत्येक नागरिक को याद दिलाती रहेगी कि हमें अमृतकाल में भारत को महान बनाना है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस पहल में कई कार्यक्रमों को एकीकृत किया है और प्रत्येक भारतीय को इस पहल का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि देश के लिए खुद को फिर से समर्पित करने के उद्देश्य से 5 कार्यक्रमों की एक नई श्रृंखला बनाई गई है। इन कार्यक्रमों के तहत देश के हर गांव में शिलालेख लगाए गए हैं, देश के करोड़ों नागरिकों ने 'पंच प्रण' का संकल्प लिया है, जो भारत को महान बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वसुधा वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत वीरों का सम्मान करते हुए 75 पेड़ लगाए गए एवं राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान 2 लाख से अधिक कार्यक्रमों के आयोजन से पूरे देश में एक बार फिर देशभक्ति की भावना जागृत हुई है और इन कार्यक्रमों का समापन मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के साथ होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से सभी देशवासियों से 'पंच प्रण' - विकसित भारत के लक्ष्य को अपनाने, गुलामी की मानसिकता को दूर करने, अपनी परंपराओं पर गर्व करने, एकता और अखण्डता के लिए पूरा जीवन समर्पित करने और हर नागरिक के मन में कर्तव्य की भावना जगाने का आह्वान किया था। श्री शाह ने कहा कि ये 'पंच प्रण' महान भारत के निर्माण का मार्ग हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'हर घर तिरंगा अभियान' के आह्वान के बाद देश भर में 23 करोड़ घरों, कार्यालयों और इमारतों को तिरंगे से सुशोभित किया गया। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान का सम्मान करते हुए पूरा देश हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ा और इसी देशभक्ति की भावना का परिणाम है

# कुचाई के सुरसी सोना नदी में तैरता हुआ 55 वर्षीय वृद्ध का मिला शव,जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

कुचाई सोना नदी में तैरता हुआ शव मिला है।मिली जानकारी के अनुसार कुचाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरसी के सोना नदी में स्नान करने गए एक वृद्ध व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। वहीं शनिवार को कुचाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। मालुम हो कि भुरकुंडा गांव के टोला सुरसी निवासी घनश्याम मुंडा बीते शुक्रवार शाम को स्नान करने के लिए घर से निकला। इसके बाद वह अपने घर वापस नहीं लौटा। वहीं परिवार वालों ने आस पास के क्षेत्र में काफी खोजबीन किया। वहीं शनिवार की सुबह जब गांव के कुछ लोग स्नान करने नदी गए तो देखा कि एक शव पानी में तैर रहा है। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना कुचाई पुलिस को दी। वहीं कुचाई पुलिस घटनास्थल पर पहुंचा व शव को अपने कब्जे में लिया। वहीं घनश्याम मुंडा की मौत से परिवार वालों पर मातम छा गई है।

# वेलसन रिटेल का कांड्रा में आठवां शोरूम का हुआ अनावरण

## किफायती दरों पर उच्चतम कोटि का वस्त्र उपलब्ध : प्रबंधक

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ**

सराइकेला (झारखंड )- खरसावां जिले के अंतर्गत पहली बार कांड्रा पंचायत में कपड़ों रिटेल का बड़ा शोरूम का शुभारंभ हुआ। वेलसन रिटेल का आठवां



शोरूम का शुभारंभ कांड्रा पंचायत की मुखिया श्रीमती शंकरी देवी के द्वारा किया गया। बृजधाम में अवस्थित शोरूम काफी आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। इस कपड़े के शोरूम में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए काफी किफायती दरों पर उच्चतम कोटि का कपड़ा उपलब्ध है। वेलसन रिटेल के मैनेजर सतीश कुमार झा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र को देखते हुए अच्छी क्वालिटी का क्लॉथ सस्ते दरों पर हम लोग उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही आगामी त्योहार को देखते हुए कंपनी द्वारा विशेष स्कीम लाकर ग्राहकों को लाभान्वित करेगी। कार्यक्रम के शुभारंभ में ब्रज धाम के अशोक वार्ष्णेण,नरेश वार्ष्णेण, शिवांशु वार्ष्णेण इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 44 लाख कि लागत से रुसुनिया में होगा अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य : सविता महतो

**दैनिक समाज जागरण दयाल लायक ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड)**

चांडिल प्रखंड के रुसुनिया में शनिवार को डीएमएफटी मद के तहत स्वीकृत



रुसुनिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अतिरिक्त वर्गकक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरन कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण 43 लाख 13 हाजार 3 सौ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस दौरान विधायक ने कहा विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण होने में विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को बैठने में सुविधा होगी। विधायक ने संवेदक को भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुखिया मंगल मांझी, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, ग्राम प्रधान नागेंद्रनाथ महतो, स्कूल के शिक्षक शंकर कुमार महतो व जमीनदाता सोनू सिंह सरदार, राहुल वर्मा के साथ काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# सिंहभूम सांसद श्रीमती गीता कोड़ा के प्रयास सिनी में लगा ट्रांसफार्मर

## युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश महतो ने फीता काट कर किया उद्घाटन।

**रवि कांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता**

राजनगर(सरायकेला)-ः राजनगर प्रखंड के सिनी गाँव मे सिंहभूम सांसद



गीता कोड़ा ने कई महीनों से खराब पड़ी 16 केवी ट्रांसफार्मर के बदले 25 '५ ट्रांसफार्मर दिलवाया,जिसका विधिवत उद्घाटन यूथ कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश महतो ने फीता काट कर किया।वहीं 25 केवी ट्रांसफार्मर मिलने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल व्याप्त है।वहीं ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए सिंहभूम सांसद श्रीमती गीता कोड़ा एवं सांसद प्रतिनिधि ऊर्जा विभाग साजिद अंसारी ,युवा कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश महतो का तहे दिल से आभार प्रकट किया है।वहीं उद्धघाटन के मौके पर करमचंद मार्डी,सुनील बिरूली,जोगेंद्र एवं कई संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# श्री वी.एल. कांता राव ने खान मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाला

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), मध्य प्रदेश कैडर के 1992 बैच के श्री वी.एल. कांता राव ने आज यहां खान मंत्रालय के नए सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह दूरसंचार मंत्रालय में अपर सचिव के रूप में कार्यरत थे, इस पद पर कार्य करते हुए उन्होंने आत्मनिर्भर भारत में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने डिजिटल संचार नीति, विनियामक सिफारिशों, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और व्यापक कनेक्टिविटी के अंतर्गत शुरू हुई पहलों के सफल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राव ने आईएएस (1989 बैच) श्री विवेक भारद्वाज से खान सचिव का प्रभार लिया है। श्री भारद्वाज ने खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम और अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम में हाल के संशोधनों के माध्यम से खनिज क्षेत्र में बड़े सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, उनके नेतृत्व में, देश 30 महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान करने में सक्षम हुआ है।

श्री राव ऐसे महत्वपूर्ण समय में कार्यभार संभाल रहे हैं जब मंत्रालय के पास महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी करने की बड़ी योजना है, जो देश की ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में महत्वपूर्ण हैं।